RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 127
नई दिल्ली, सोमवार, 14 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सबसे तेज टेस्ट अर्धशतक बनाने वाले भारतीय बने पंत

स्पोर्ट्स-12

# संगठनात्मक चुनाव तक अध्यक्ष बनी रहेंगी सोनिया

● पांच राज्यों में करारी चुनावी हार के बाद चार घंटे हुआ कांग्रेस में मंथन

● सभी नेताओं ने सोनिया गांधी से जिम्मेदारी निभाते रहने का अनुरोध किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में सोनिया गांधी और राहुल गांधी

**जैसा** हर बार हार के बाद होता है, इस बार भी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में वही पुरानी बातें दोहरायी गईं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस्तीफे की भावनात्मक पेशकश करते हुए कहा कि यदि पार्टी चाहती है तो गांधी परिवार किनारा कर लेगा। हालांकि कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने उन्हें ऐसा नहीं करने का अनुरोध किया। करीब पांच घंटे तक चली बैठक के अंत में तय हुआ कि सोनिया गांधी पार्टी का नेतृत्व करती रहेंगी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी उन्हें सहयोग करेंगी। जब पार्टी मुख्यालय में बैठक चल रही थी तो बाहर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता गांधी परिवार के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। अप्रैल के तीसरे सप्ताह में संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग की समाप्ति के बाद कार्यसमिति की एक और बैठक होगी। इसके अलावा चिंतन शिविर आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। सीडब्ल्यूसी ने सोनिया को संगठन में सुधार के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत किया, लेकिन इस साल सितंबर में होने वाले संगठनात्मक चुनावों को आगे बढ़ाने पर कोई नतीजा नहीं निकला।

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद तत्काल पूर्णकालिक पार्टी अध्यक्ष और एक प्रारंभिक संगठनात्मक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब में पार्टी की चुनावी हार पर चर्चा के लिए आयोजित सीडब्ल्यूसी की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी को छोड़कर सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सोनिया गांधी ने की। गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा के साथ राहुल और प्रियंका गांधी भी मौजूद थे। आजाद और शर्मा जी-23 असंतुष्ट खेमे से ताल्लुक रखते हैं और शुक्रवार को पार्टी की हार को चौंकाने वाला बताया और पुनरुद्धार के लिए तत्काल रोडमैप तैयार करने की मांग उठाई। बैठक के दौरान, सोनिया गांधी ने सभी नेताओं की बात सुनी और कहा कि वह पार्टी को मजबूत करने के लिए आवश्यक बदलाव करने को तैयार हैं। एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष संगठन को सुधारने और फिर से मजबूत करने के लिए तुरंत सुधारात्मक उपाय करेंगे। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक के बाद कहा कि कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया हमारा नेतृत्व करेंगी और भविष्य में कदम उठाएंगी। हम सभी को उनके नेतृत्व पर भरोसा है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने सीडब्ल्यूसी के बाद कहा कि सीडब्ल्यूसी का हर एक सदस्य चाहता है कि सोनिया गांधी संगठनात्मक चुनाव होने तक पार्टी का मार्गदर्शन करें। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने और पुनर्जीवित करने की जरूरत है। बैठक में शामिल राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने गांधी परिवार का बचाव किया और कहा कि राहुल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एकमात्र प्रचारक थे। केसी वेणुगोपाल, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी और पी चिदंबरम भी बैठक में शामिल थे।

जी 23 नेताओं में से केवल तीन आजाद, आनंद शर्मा और मुकुल वासनिक उपस्थित थे। कांग्रेस पंजाब को आम आदमी पार्टी से हार गई, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर को भाजपा से नहीं छीन सकी और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में पार्टी की संख्या सबसे कम हो गई। बैठक से पहले, राहुल गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने का शोर फिर तेज हो गया क्योंकि कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रमुख का पद संभालने के लिए उनके समर्थन में आवाज उठाई। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने भी राहुल गांधी को पार्टी प्रमुख बनाने के विचार का समर्थन किया। इससे पहले दिन में, कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने संसद के आगामी बजट सत्र के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा की और सार्वजनिक महत्व के मुद्दों को उठाने के लिए समान विचारधारा वाले अन्य दलों के साथ मिलकर काम करने का फैसला किया। कांग्रेस संसदीय रणनीति समूह की बैठक पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर हुई।

# पीएम मोदी व शीर्ष भाजपा नेताओं से मिले योगी, कैबिनेट पर चर्चा

● होली बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**उत्तर** प्रदेश में एक बार फिर जीत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को पहली बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे। इस दौरान शीर्ष भाजपा नेतृत्व के साथ राज्य के कैबिनेट मंत्रियों की सूची और उप-मुख्यमंत्रियों के नामों पर योगी ने चर्चा की। आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष सहित शीर्ष नेताओं के साथ एक के बाद एक बैठकें कीं। उन्होंने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से भी मुलाकात की।

सूत्रों के अनुसार, आदित्यनाथ का शपथ ग्रहण होली उत्सव के बाद हो सकता है, जो 18 मार्च को है। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह की अंतिम तिथि को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल में संभावित नामों पर पहले संतोष और बाद में पार्टी अध्यक्ष से चर्चा की। उम्मीद है कि सरकार में उनके दूसरे कार्यकाल में कई नए चेहरे शामिल होंगे। डिप्टी सीएम के लिए जिन नामों पर चर्चा हुई उनमें प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा और उत्तराखंड के पूर्व गवर्नर और अब आगरा से विधायक बेबी रानी मौर्य शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि विधानसभा चुनाव हारने वाले केशव प्रसाद मौर्य को आदित्यनाथ का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। उन्हें ( शेष पेज 9 )

## कैबिनेट के संभावित चेहरे

**उत्तर** प्रदेश के नए मंत्रिमंडल में दो पूर्व पुलिस अधिकारियों राजेश्वर सिंह और असीम अरुण को शामिल किया जा सकता है। लखनऊ की सरोजिनी नगर सीट से नवनिर्वाचित विधायक राजेश्वर सिंह यूपी पुलिस के अधिकारी थे। कन्नौज से जीते बीजेपी विधायक असीम अरुण एडीजी रैंक के आईपीएस अधिकारी थे। भारी अंतर से जीतने वाले भाजपा के कई विधायक भी दावेदारी ठोक रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह नोएडा से 1,81,513 मतों के अंतर से जीते हैं। योगी के करीबी माने जाने वाले युवा ब्राह्मण चेहरे शलभ मणि त्रिपाठी को भी नई योगी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। सहयोगी अपना दल और निषाद पार्टी को भी कैबिनेट में जगह मिलने की संभावना है, जबकि एमएलसी आशीष पटेल और संजय निषाद को महत्वपूर्ण कैबिनेट सीट मिल सकती है। नए ( शेष पेज 9 )

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद** के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से आरंभ होगा, जिसमें विपक्ष सरकार को बढ़ती बेरोजगारी, कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज दर में कटौती और युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों की निकासी समेत कई मामलों पर सरकार को घेरने की कोशिश कर सकता है। बजटीय प्रस्तावों के लिए संसद की मंजूरी लेना और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए बजट पेश करना सरकार के एजेंडा में शीर्ष पर होंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जम्मू-कश्मीर के लिए सोमवार को बजट पेश करेंगी और सदन में इस पर दोपहर के भोजन के बाद की कार्यवाही के दौरान चर्चा की जा सकती है। सरकार ने संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक को भी लोकसभा में विचार किए जाने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। बजट सत्र के पहले चरण में 29 जनवरी से 11 फरवरी तक दो अलग-अलग पालियों में लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही संचालित की गई थी। बहरहाल, ( शेष पेज 9 )

# केजरीवाल ने किया पंजाब को ईमानदार सरकार देने का वादा

● दिल्ली के मुख्यमंत्री ने रोडशो कर बंपर जीत के लिए किया शुक्रिया, बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे भगवंत मान

**पायनियर समाचार सेवा।** अमृतसर



अमृतसर में रोड शो करते अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि कई वर्षों बाद पंजाब को एक ईमानदार मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी पार्टी राज्य को एक ईमानदार सरकार देगी।

केजरीवाल ने आप की प्रचंड जीत का जश्न मनाने के लिए अमृतसर में रोड शो किया और राज्य के मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि तुस्सी कमाल कर दिता... आई लव यू पंजाब। पंजाब के भावी मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी रोडशो में हिस्सा लिया। मान बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। आम आदमी पार्टी ने 117 सदस्यीय पंजाब विधानसभा में 92 सीट पर जीत हासिल की है। इस पर केजरीवाल ने कहा कि दुनिया को अभी तक विश्वास नहीं हुआ है कि पंजाब में इतना बड़ा इंकलाब आया है।

उन्होंने रेखांकित किया कि पंजाब के मतदाताओं ने सुनिश्चित किया कि प्रकाश सिंह बादल, सुखबीर सिंह बादल, नवजोत सिंह सिद्धू, चरणजीत सिंह चन्नी और बिक्रम सिंह मजीठिया, आदेश प्रताप सिंह कैरों, मनप्रीत सिंह बादल और राजिंदर कौर भट्ठल हार का स्वाद चखें। उन्होंने कहा कि कई वर्षों के बाद पंजाब को ईमानदार मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है। मेरे छोटे भाई भगवंत बहुत ईमानदार हैं। एक ईमानदार सरकार गठित होगी। केजरीवाल ने कहा कि अगर आप का कोई नेता या विधायक किसी तरह का गलत काम करते पाया गया तो वह उसे सलाखों ( शेष पेज 9 )

# ईरान से दागी गईं मिसाइल इराक में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास गिरीं

**एपी।** बगदाद

**इराक** के इरबिल शहर में रविवार को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास कम से कम 12 मिसाइल आकर गिरीं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि यह हमला पड़ोसी मुल्क ईरान से किया गया है। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इराक के अधिकारियों ने शुरुआत में कहा था कि इराक के इरबिल शहर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर कई मिसाइल दागी गईं। बाद में कुर्दिस्तान के विदेशी मीडिया कार्यालय के प्रमुख लॉक घाफरी ने कहा कि कोई भी मिसाइल अमेरिकी प्रतिष्ठान में नहीं गिरी, लेकिन परिसर के आसपास के क्षेत्रों में गिरी हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी मिसाइल दागी गईं और वे कहां गिरीं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी सरकार के किसी भी कार्यालय को नुकसान नहीं पहुंचा है और इस बात के भी संकेत नहीं है कि निशाना वाणिज्य दूतावास ( शेष पेज 9 )

# रिलायंस कैपिटल के लिए अडाणी सहित 14 कंपनियों की बोली

● कर्ज में डूबी है अनिल अंबानी समूह की कंपनी

**भाषा।** नई दिल्ली

**अनिल** अंबानी समूह की कर्ज में डूबी कंपनी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए अडाणी फिनसर्व, केकेआर, पीरामल फाइनेंस और पूनावाला फाइनेंस सहित 14 प्रमुख कंपनियों ने रुचि पत्र (ईओआई) दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। रिलायंस कैपिटल के लिए बोलियां दाखिल करने की तारीख भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा नियुक्त प्रशासक ने 11 मार्च निर्धारित की थी जिसे अब बढ़ाकर 25 मार्च कर दिया गया है।

सूत्रों ने बताया कि जिन अन्य कंपनियों ने रिलायंस कैपिटल के लिए ईओआई जमा कराया है उनमें अर्पवुड, वर्दे पार्टनर्स, मल्टीपल्स फंड, निप्पन लाइफ, जेसी फ्लॉवर्स, ब्रुकफील्ड, ऑक्ट्री, अपोलो ग्लोबल, ब्लैकस्टोन और हीरो फिनकॉर्प शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने भुगतान में चूक और कंपनी संचालन के स्तर पर गंभीर खामियों को देखते हुए पिछले साल नवंबर में अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल लि. (आरईएल कैप) के निदेशक मंडल को भंग कर दिया था। यह तीसरी सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है जिसके खिलाफ केंद्रीय बैंक ने हाल में दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिवाला कार्यवाही शुरू की है।

दो अन्य कंपनियां श्रेई ग्रुप की एनबीएफसी तथा दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन (डीएचएफएल) हैं। बोली दाखिल करने की समयसीमा कुछ संभावित बोलीदाताओं के अनुरोध पर बढ़ाई गई है, जिन्होंने रुचि पत्र (ईओआई) दाखिल करने के लिए कुछ और समय मांगा था। सूत्रों ने बताया कि ज्यादातर बोलीदाताओं ने पूरी कंपनी के लिए बोली लगाई है। रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र ( शेष पेज 9 )

# मथुरा विवाद को लेकर खारिज याचिका बहाल

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि पर कथित तौर पर निर्मित शाही ईदगाह को हटाने की मांग वाली याचिका बहाल कर दी है। इस याचिका की बहाली का आदेश 17 फरवरी 2022 को पारित किया गया। मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की खंडपीठ ने इस आधार पर यह याचिका बहाल की कि इसे बहाल करने का आवेदन बिना किसी देरी के दाखिल किया गया था।

मुख्य याचिका 19 जनवरी 2021 को दायर की गई थी, लेकिन याचिकाकर्ता के हाजिर नहीं होने की वजह से इसे खारिज कर दिया गया था। हालांकि, याचिका बहाल करने का आवेदन इसके तुरंत बाद दाखिल कर दिया गया था। अदालत ने कहा, उस आवेदन में बताए गए कारण के मद्देनजर याचिका बहाल की जाती है और 19 जनवरी 2021 को मुख्य याचिका को खारिज करने का आदेश वापस लिया जाता है। इस याचिका पर सुनवाई 25 जुलाई 2022 को की जाएगी।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,550 | |
| निफ्टी | 16,630 | |
| सोना | 53,033 | /10g |
| चांदी | 70,449 | /kg |

## क्विक न्यूज

### उपचुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा, बाबुल सुप्रियो को उतारेंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आसनसोल संसदीय सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शत्रुघ्न सिन्हा और बालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बाबुल सुप्रियो को रविवार को तृणमूल कांग्रेस का प्रत्याशी नामित किया। टीएमसी प्रमुख ने ट्वीट किया, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की ओर से यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आसनसोल लोकसभा सीट के उपचुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रसिद्ध अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा हमारे उम्मीदवार होंगे। उन्होंने ट्वीट किया, पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रसिद्ध गायक बाबुल सुप्रियो बालीगंज विधानसभा सीट के उपचुनाव में हमारे उम्मीदवार होंगे। जय हिंद, जय बांग्ला, जय मां-माटी- मानुष। आसनसोल लोकसभा सीट से दो बार भारतीय जनता पार्टी के सांसद रहे सुप्रियो के पिछले साल पार्टी छोड़ने और टीएमसी में शामिल होने के बाद यह सीट खाली हुई थी।

# युद्धग्रस्त यूक्रेन के हालात बिगड़ने से भारतीय दूतावास पोलैंड स्थानांतरित

● प्रधानमंत्री ने सीसीएस बैठक में सुरक्षा की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**युद्धग्रस्त** यूक्रेन में बिगड़ते हालात को देखते हुए वहां स्थित भारतीय दूतावास को अस्थायी तौर पर पोलैंड स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं यूक्रेन हालात व सुरक्षा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) के अपने मंत्री सहयोगियों के साथ सुरक्षा के संबंध की समीक्षा की और संघर्ष के सभी पहलुओं और देश के लिए इसके संभावित प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

दूतावास को पोलैंड में स्थानांतरित करने का निर्णय पश्चिमी यूक्रेन और राजधानी कीव में रूसी सेना द्वारा तेजी से आगे बढ़ने का संकेत देने वाली रिपोर्टों को देखते हुए लिया गया है। 24 फरवरी को आक्रमण शुरू होने के कुछ दिन पहले ही भारतीय दूतावास के परिवार के सदस्यों को देश से बाहर ले जाया गया था। युद्ध शुरू होने पर पिछले कुछ दिनों से भारतीय दूतावास के बड़ी संख्या में अधिकारी पहले से ही कीव छोड़कर लवीव में अपने कैंप कार्यालय से काम कर रहे थे।

लवीव पोलैंड की सीमा से लगभग 70 किलोमीटर दूर पश्चिमी यूक्रेन का एक शहर है। इन अधिकारियों ने यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को बाहर निकालने में 'ऑपरेशन गंगा' के तहत विशेष उड़ानों के माध्यम से 22 फरवरी से छात्रों सहित 18,000 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ( शेष पेज 9 )

# फोन टैपिंग मामले में फडणवीस से पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई** स्थित बीकेसी साइबर पुलिस की टीम ने कथित अवैध फोन टैपिंग मामले में वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस के घर रविवार को जाकर करीब दो घंटे तक बयान दर्ज किए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी रश्मि शुक्ला पर आरोप है कि उन्होंने राज्य खुफिया विभाग (एसआईडी) के प्रमुख पद पर रहते नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के फोन गैर कानूनी तरीके से टैप करवाए थे। पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने एक पत्र का हवाला दिया था जिसे कथित तौर पर शुक्ला ने महाराष्ट्र के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने कथित तौर पर पुलिस विभाग में होने वाले तबादलों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। कथित पत्र में फोन कॉल टैप की भी जानकारी दी गई थी जिसको लेकर ( शेष पेज 9 )

# यूक्रेन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर रूस हमला, 35 मरे

**एपी।** ल्वीव



यूक्रेन के मारियुपोल में रूसी हमले से ध्वस्त अस्पताल के पास खड़ी एक महिला

**रूसी** मिसाइलों ने रविवार को नाटो सदस्य पोलैंड से सटी यूक्रेन की पश्चिमी सीमा के करीब एक सैन्य प्रशिक्षण केंद्र को निशाना बनाया। इस हमले में 35 लोगों के मारे जाने, जबकि दर्जनों अन्य के घायल होने की खबर है। रूस ने शनिवार को यूक्रेन के शहरों पर बमबारी तेज कर दी और देश के दक्षिण में मारियुपोल पर शिकंजा और कसते हुए राजधानी कीव के बाहरी इलाकों में गोलाबारी तेज कर दी है।

रूस के आक्रमण से मारियुपोल सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। निरंतर गोलाबारी ने 430,000 की आबादी वाले शहर में भोजन, पानी और दवा लाने तथा फंसे हुए नागरिकों को निकालने के प्रयासों को विफल कर दिया है। महापौर के कार्यालय के अनुसार हमले में मारियुपोल में 1,500 से अधिक लोग मारे गए हैं और शवों को सामूहिक कब्रों में दफनाने के प्रयास भी गोलाबारी के कारण बाधित हो रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब मॉस्को ने रूसी आक्रमण से निपटने में यूक्रेन की मदद के लिए वहां भेजे जाने वाले विदेशी हथियारों की खेप को निशाना बनाने की धमकी दी थी। ल्वीव के गवर्नर ने बताया कि रूस ने पोलैंड के निकटतम सीमावर्ती क्षेत्र से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर यवोरीव में स्थित यूक्रेनी सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर 30 से अधिक क्रूज मिसाइलें दागीं। यूक्रेन को सैन्य मदद पहुंचाने के वास्ते पोलैंड पश्चिमी देशों के लिए एक प्रमुख मार्ग है। यवोरीव में प्रशिक्षण केंद्र पर हुए हमले को 18 दिन से जारी रूसी सैन्य अभियान के दौरान पश्चिम की तरफ किए गए सबसे प्रमुख हमले के तौर पर देखा जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, हमले के शिकार प्रशिक्षण केंद्र को अंतरराष्ट्रीय शांतिरक्षा एवं सुरक्षा केंद्र के नाम से जाना जाता है और इसका इस्तेमाल लंबे अरसे से यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिका और नाटो देशों के सैन्य प्रशिक्षक अक्सर इस केंद्र पर यूक्रेनी जवानों को प्रशिक्षण देने आते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शांतिरक्षा एवं सुरक्षा केंद्र में कई अंतरराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास भी आयोजित किए जा चुके हैं। ल्वीव के गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने बताया कि हवाई रक्षा प्रणाली के सक्रिय होने के कारण रविवार को दागी गई अधिकांश मिसाइलों को मार गिराया गया। उन्होंने रूसी मिसाइलों की चपेट में आने से कम से कम 35 लोगों की मौत होने, जबकि 134 अन्य के घायल होने की पुष्टि की। अधिकारियों के अनुसार, रूसी लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को स्लोवाकिया और हंगरी ( शेष पेज 9 )

# यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसे में मां और मासूम बच्ची की मौत

## दिल्ली से अलीगढ़ शादी समारोह में जा रहा था परिवार

● पति और ननंद की हालत नाजुक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में एक महिला और उसकी 3 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई है। जबकि महिला का पति और महिला के ननद की हालत नाजुक बनी हुई है। दिल्ली से अलीगढ़ शादी समारोह में कार से शामिल होने जा रहे मैनेजर की पत्नी और बेटी की ट्रैक्टर से टकराने से दर्दनाक मौत हो गई। मैनेजर सहित उनकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। दनकौर पुलिस ने मां-बेटी के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के जिम्मेदार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।



यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क किनारे खड़ी हादसे में दुर्घटनाग्रस्त कार।

दिल्ली में स्थित शाहीन बाग की अबुल फजल एंक्लेव निवासी रउफ दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी में मैनेजर पद पर काम करते हैं। उनकी ससुराल अलीगढ़ में है जहां शादी का कार्यक्रम था। शनिवार सुबह वह दिल्ली से पत्नी आसमां 24, अपनी 3 साल की बेटी राफ सा और बहन संजीदा के साथ आई टेन कार से यमुना एक्सप्रेसवे से अलीगढ़ की ओर जा रहे थे।

पुलिस ने बताया कि जैसे ही उनकी कार यमुना एक्सप्रेसवे पर जगनपुर मुर्शदपुर गांव के समीप पहुंची, तभी अचानक उनकी कार के सामने से चालक ने ट्रैक्टर को ओवरटेक किया। अचानक कार के सामने आए ट्रैक्टर से रउफ कार को संभाल नहीं पाए और ट्रैक्टर में पीछे से कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। कार की भिड़ंत और घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर यमुना एक्सप्रेसवे कर्मी और दनकौर पुलिस पहुंच गई। आनन-फानन में घायलों को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना खबर सुनने के बाद रऊफ के ससुराल और परिवार वालों में मातम छा गया। शादी समारोह वाले माहौल गमगीन हो गया। पीड़ित पक्ष की ओर से दनकौर कोतवाली में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस घटना के जिम्मेदार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

# सब्जी मंडी में हुए ब्लास्ट का पुलिस ने किया खुलासा

## दोस्त की हत्या के लिए आरोपी ने यूट्यूब से सीखा था बम बनाने का तरीका

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

करीब एक सप्ताह पहले नोएडा में एक बड़ा हादसा हुआ था। इस हादसे में एक युवक बुरी तरीके से जख्मी हो गया था। इस मामले में नोएडा पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दरअसल, जिस युवक की पीठ पर लदे बैग में धमाका हुआ था, वो बैग उसके दोस्त का था। दोस्त ने ही बैग में विस्फोटक रखा था। जांच में पता चला है कि जिसका बैग था, वो अपने दोस्त को मारना चाहता था। पुलिस ने आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है।

नोएडा पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि कपिल और आरोपी दोस्त हैं, लेकिन दोनों के बीच नौकरी को लेकर विवाद चल रहा था। जिसके कारण आरोपी ने अपने दोस्त को मारने की साजिश रची थी। आरोपी ने अपने दोस्त कपिल की हत्या करने के लिए यूट्यूब से बम बनाने का तरीका सीखा और पूरी वारदात को अंजाम दिया।



प्रतीकात्मक फोटो

जांच में पता चला है कि मूलरूप से हरदोई निवासी कपिल सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में किराये के कमरे में रहता है। बताया गया है कि वह सेक्टर-63 में ही कंपनी में काम करता है। 5 मार्च यानी शनिवार रात ड्यूटी के बाद कपिल कमरे पर लौट रहा था। इसी दौरान जब वह बहलोलपुर पुश्ता रोड पर पहुंचा तो घर के लिए सब्जी खरीदने लगा, तभी हरदोई निवासी उसका एक दोस्त उसके पास आया और कुछ देर के लिए उसे एक बैग पकड़ने के लिए दिया। जैसे ही कपिल ने बैग को अपनी पीठ पर टांगा और सब्जी खरीदने लगा, तभी अचानक कपिल की पीठ पर लदे बैग में विस्फोट हुआ और कपिल गंभीर रूप से घायल हो गया था।

● हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ था युवक

पुलिस ने एक सप्ताह बाद मामले का खुलासा करते हुए युवक के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक के साथ काम करता है।

### रेड एप्पल मामले में बैंक अधिकारियों पर मुकदमा

**गाजियाबाद।** रेड एप्पल समेत 50 फर्जी कंपनी बनाकर 100 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में पीएनबी और एसबीआई के बाद अब इलाहाबाद बैंक का नाम भी जुड़ गया है। कंपनी के संचालक और धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी राजकुमार जैन ने मिलीभगत कर नवयुग मार्केट स्थित इलाहाबाद बैंक के बाहर कंपनी का प्रचार किया था। इस प्रचार को देखकर लोग बैंक में पूछताछ करने आते थे तो प्रोजेक्ट की सराहना कर उन्हें लोन देने का भी प्रलोभन दिया जाता था। अब मुरादनगर निवासी आवंटी अवनीश कुमार ने इलाहाबाद बैंक के लोन विभाग के अधिकारियों पर भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले में 10 नए मुकदमे दर्ज हुए हैं।

### ग्रेनो से चोरी हुआ कंटेनर बागपत में मिला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित रबर फैक्टरी से 28 फरवरी को एक कंटेनर रबर से लोड हुआ था। टायर फैक्टरी में लेकर जाने से पहले कंटेनर को पार्किंग में खड़ा करके चालक खाना खाने के लिए चला गया था। वह वापस लौटा तो कंटेनर गायब मिला। सूरजपुर थाना में कंटेनर चोरी की शिकायत की गई। शनिवार सुबह बागपत जिले के चमरावल रोड पर चोरी हुआ कंटेनर पुलिस ने बरामद कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी तपेश्वर सागर ने कंटेनर को कब्जे में लिया और उस पर लिखे नंबर पर फोन किया। इसके बाद दिल्ली में स्थित कृष्णा नगर के रहने वाले दीपक चावला ने पूरी घटना से अवगत कराया। उसके बाद में सूरजपुर थाना पुलिस के साथ दीपक चावला बागपत पहुंचे।

# सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले विधायक धीरेन्द्र सिंह

## *मुख्यमंत्री से जेवर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हुई विस्तार से चर्चा*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

राजधानी लखनऊ में रविवार को जेवर के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की बंपर जीत के बाद यह पहली मुलाकात है। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री और विधायक के बीच जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को लेकर विस्तार से चर्चा भी हुई है।

आपको बता दें कि चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे के शीर्ष अफसरों के साथ हवाईअड्डे को लेकर बैठक की है। परियोजना से जुड़ा संकल्प पत्र मुख्यमंत्री ने मांगा है।

इस मौके पर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा जेवर में योगी-मोदी के विकास का मॉडल जनता को पसंद आया है। जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की वजह से करीब 40 विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में परिणाम आए हैं। अब एक बार फिर राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नई सरकार बनने वाली है। नई सरकार का एजेंडा भी विकास रहेगा। जेवर के विकास को और गति दी जाएगी। जिस तरह से जनता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भरोसा जताया है, उससे हम सभी को आत्मबल मिला है। इस बल का उपयोग जनकल्याण में किया जाएगा।



मुख्यमंत्री से लखनऊ में मुलाकात करते जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह।

धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गौतमबुद्ध नगर की विकास योजनाओं और खासतौर से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चल रहे कामकाज की जानकारी ली है। अगर जेवर के बारे में वहां की जनता से पूछा जाए तो जनता का सिर्फ एक ही कहना है कि धीरेंद्र सिंह के आने से जेवर में बहुमुखी विकास हुआ है। आज जेवर में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है, इसके अलावा फिल्म सिटी और अनेक प्रोजेक्ट जेवर में आ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



विकास कार्यों का जायजा लेने भंगेल पहुंचे विधायक पंकज सिंह।

### विधायक ने लिया विकास कार्यों का जायजा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में चुनाव परिणाम आते ही सभी नेताओं ने अपनी कमर कस ली है। भारी भरकम वोटों से जीतने के बाद नोएडा विधायक पंकज सिंह ने शुक्रवार को शहर का दौरा किया जिसमें उन्होंने शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भंगेल में बन रहे एलीवेटड और पर्थला में चल रहे फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों निरीक्षण किया। साथ ही मौजूद प्राधिकरण अधिकारियों से योजना से संबंधित बातचीत की। बता दें कि भंगेल एलीवेटड और पर्थला फ्लाईओवर के बन जाने से यात्रियों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा और उनकी यात्रा भी सुगम हो जाएगी।




सदरपुर गांव में स्वच्छता अभियान को जागरूकता रैली निकालते समिति के लोग।

### युवा संघर्ष समिति ने शुरू किया स्वच्छता अभियान

**नोएडा।** रविवार को युवा संघर्ष समिति नोएडा, आदर्श ज्ञान वाटिका और नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त तत्तवाधान से स्वच्छता जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान में स्थानीय निवासियों और विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने की शपथ ली। सफाई अभियान के दौरान स्थानीय दुकानदारों ने भी अपने यहां डस्टबिन रखने और ग्राहकों को समझाने व अपने आसपास के क्षेत्र के सफाईकर्मियों और वहां के अधिकारियों के नंबरों पर शिकायत करने के पहल की शुरूआत की। समिति ने फाउंडेशन के कस्टमर केयर नंबर 95401-60101 लोगों को उपलब्ध कराया जिसमें लोग शिकायत दर्ज कराकर अपने समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

### छात्र को बंधक बनाकर हरियाणा ले गए बदमाश

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की एक हाउसिंग सोसायटी में रहने वाले छात्र को बदमाश बंधक बनाकर हरियाणा ले गए। छात्र बीते दिनों कुत्तों को खाना खिलाने के लिए अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर घर से निकला था, लेकिन बदमाशों ने छात्र को सूरजपुर थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर बंधक बना लिया था और डेढ़ घंटे तक बंधक बनाकर घुमाते रहे। उसके बाद बदमाश छात्र को फरीदाबाद के छायसा में एक खेत में लेकर गए और वहां पर छात्र का पर्स व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस मामले में छात्र और उसके परिजनों ने सूरजपुर थाने में शिकायत दी है। पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश कर रही है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा में स्थित पूर्वांचल हाइट्स हाउसिंग सोसाइटी में वैभव मिश्रा अपने परिवार के साथ रहता है। बीते 8 मार्च की शाम वह कुत्तों को खाना खिलाकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह सेक्टर की सर्विस रोड पर पहुंचा तो एक गाड़ी में सवार 4 बदमाशों ने उसको बंधक बना लिया।

# गुर्जर मतदाताओं को भाजपा की ओर मोड़ने में कामयाब रहे नागर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर के लिए विधानसभा चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। भाजपा में आने के बाद उन्हें पहली बार अपनी बिरादरी में पकड़ और दमखम दिखाना था। जिसमें सुरेंद्र सिंह नागर कामयाब हुए। सुरेंद्र नागर को पार्टी ने गुर्जर बाहुल्य सीटों पर प्रचार की जिम्मेदारी दी। उन्हें भाजपा ने राज्य में अपना स्टार कैंपेनर भी घोषित किया था जिसके परिणाम आ चुके हैं, जिससे साफ पता चलता है कि सुरेंद्र नागर अग्नि परीक्षा में कामयाब रहे हैं।

इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने वेस्ट यूपी में 7 गुर्जर

● पश्चिमी यूपी से 5 उम्मीदवार जीते चुनाव

उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। इनमें से पांच जीतकर विधानसभा पहुंच गए हैं। गौतमबुद्धनगर की दादरी सीट से मास्टर तेजपाल सिंह नागर, मेरठ दक्षिण से सोमेंद्र तोमर, गाजियाबाद की लोनी सीट से नंदकिशोर गुर्जर, सहारनपुर की नकुड सीट से मुकेश चौधरी और गंगोह सीट से कीरत सिंह गुर्जर जीतकर विधानसभा पहुंच गए हैं। भाजपा के केवल दो गुर्जर प्रत्याशी हारे हैं। इनमें शामली जिले की कैराना विधानसभा सीट से मृगांका सिंह और मुजफ्फरनगर में मीरापुर विधानसभा सीट से प्रशांत गुर्जर को हार का मुंह देखना पड़ा है। बड़ी बात यह है कि मृगांका सिंह लगातार तीसरा चुनाव हारी हैं।

### पुलिसवालों के जबरन रिटायरमेंट का संदेश हुआ वायरल

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस कर्मियों को 60 वर्ष की बजाय अब 50 साल में सेवानिवृत्त करने के सोशल मीडिया में वायरल हो रहे एक कथित आदेश का यूपी पुलिस ने खंडन करते हुए इसे गलत बताया है। यूपी पुलिस के ट्विटर हैंडल को रिट्वीट करते हुए गाजियाबाद के पुलिस अधिकारियों ने भी इस तरह के किसी आदेश को अफवाह बताया है।

बता दें कि सोशल मीडिया पर रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार का एक आदेश वायरल हुआ है। इसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार पुलिस कर्मियों को 50 साल में ही जबरन रिटायर करेगी। यह भी बताया गया है कि स्क्रीनिंग के बाद पुलिस कर्मियों को जबरन रिटायरमेंट दी जाएगी और जल्द ही स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया जाएगा।

# आत्महत्या के 8 साल बाद मिला पीड़िता को इंसाफ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पति के उत्पीड़न से तंग आकर एक विवाहिता ने 2014 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में अब महिला और उसके परिजनों को 8 साल बाद इंसाफ मिला है। गौतमबुद्ध नगर जिला कोर्ट ने आरोपी पति को 4 साल की कैद और 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जिला जज ने यह फैसला सुनाया है।

अभियोग अधिकारी भागसिंह भाटी ने बताया कि वर्ष 2024 में नोएडा सेक्टर.36 निवासी ललित पोसवाल के खिलाफकेस दर्ज कराया गया था। आरोप था कि उसके उत्पीड़न से तंग आकर उसकी पत्नी ने आत्महत्या की थी। ललित अपनी पत्नी से दहेज की मांग कर रहा था, लेकिन जब उसकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह अपनी पत्नी का उत्पीड़न करने

● सजा सुनने के बाद सिर पकड़कर बैठा आरोपी

लगा था, जिससे परेशान होकर विवाहिता ने 2014 में अपने ससुराल में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। पिछले 8 सालों के दौरान जिला न्यायालय में करीब 7 गवाह पेश हुए।

इस दौरान अब जिला कोर्ट ने आरोपी ललित पासवाल को दोषी मान लिया है। जिला न्यायालय ने मान लिया है कि आरोपी पति ललित पोसवाल के उत्पीड़न से परेशान होकर उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। इस मामले में जिला कोर्ट ने अब आरोपी को 4 साल की कैद और 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जिला जज का फैसला सुनने के बाद आरोपी पति वहीं पर सिर पकड़कर बैठ गया था।

### सिटी पार्क में मिलेगा ब्रज के होली का आनंद

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सम्राट मिहिर भोज पार्क (सिटी पार्क) में होली के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मथुरा की लोकगायिका व नृत्यांगना डा.सीमा मोरवाल अपनी आवाज और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देंगी।

डॉ. मोरवाल ब्रज की टोली के साथ यहां पर कार्यक्रम में फूलों की होली, चरकुला, गगरी नृत्य, ब्रज के रसिया, राधा-कृष्ण की रासलीला आदि की झांकी प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इसकी तैयारी कर रहा है।

# नोएडा में आवारा कुत्तों का आतंक जारी

## घरेलू सहायिका पर हमलाकर पैर और पेट में काटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में लगातार आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। सेक्टर और ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्ते आए दिन लोगों पर हमला कर रहे हैं। कई बार कुत्तों का झुंड बाइक सवारों के पीछे दौड़ता है, जिसकी वजह से सड़क हादसे भी बढ़ जाते हैं। हाल में ही सेक्टर 48ए में शनिवार सुबह घरेलू सहायिका के पैर और पेट पर हमला कर कुत्तों ने काट लिया।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सेक्टर में इस समय हर व्यक्ति में दहशत के माहौल बना हुआ है। कुत्ते लगातार खूंखार होते जा रहे हैं। कई बार कुत्तों को लेकर प्राधिकरण और पुलिस से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है, इसके कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

ऐसे में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं। जिले में कुत्तों का झुंड आए दिन लोगों पर हमला कर देता है। इसके अलावा नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर के कई हिस्सों में कुत्ते दो पहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने लग जाते हैं। कई बार वाहन चालक या बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति पर हमला कर देते हैं। बाइक के पीछे भागने पर चालक हड़बड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लोग सोशल मीडिया के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करवा रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि प्रशासन के तरफ से अभी तक कोई ठोस कदम आवारा कुत्तों को लेकर उठाया नहीं गया है। कोई बड़ी घटना होने पर विकास प्राधिकरण जल्दी समाधान का आश्वासन देता है लेकिन फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।



आरसी जारी होने के बाद भी 4 करोड़ का बकाया नहीं जमा करने पर सनवर्ड बिल्डर के दफ्तर को सील करने पहुंची जिला प्रशासन की टीम।

# बकाया नहीं जमा करने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन की टीम लगातार उन बिल्डरों पर कार्रवाई कर रही है, जो यूपी रेरा के द्वारा जारी रिकवरी सर्टिफिकेट होने के बावजूद भी पैसा नहीं दे रहे हैं। अब ऐसे एक और बिल्डर के खिलाफ जिला प्रशासन की टीम ने शनिवार को उसका दफ्तर सील कर दिया।

दादरी के एसडीएम आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि सनवर्ल्ड बिल्डर को काफी समय से नोटिस जारी किया जा रहा था। दरअसल, यूपी रेरा के आदेशों पर सनवर्ल्ड बिल्डर के खिलाफ रिकवरी सर्टिफिकेट जारी हुआ था।

बिल्डर पर करीब 4 करोड़ रुपए बकाया है। बार-बार नोटिस जारी करने के बावजूद भी बिल्डर पैसे जमा

● एसडीएम ने बिल्डर का दफ्तर किया सील

नहीं कर रहा था। जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार को नोएडा के सेक्टर-168 स्थित सनवर्ल्ड बिल्डर के ऑफिस को सील कर दिया गया है।

अगर बिल्डर सील तोड़ेगा तो कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पैसा जमा नहीं करने पर चल संपत्ति कुर्क की जाएगी। इस संबंध में चेतावनी भी दी गई है। उन्होंने बताया कि अभी तक कई बिल्डरों के खिलाफ जिला प्रशासन कार्रवाई कर चुका है। जिसमें सुपरटेक के अलावा अन्य कई बिल्डरों के दफ्तर सील हो चुके हैं।

### 10 दिन बाद दर्ज हुई लूट की रिपोर्ट

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-12 में स्कूटी सवार लुटेरे ने पति के साथ जा रही महिला से मंगलसूत्र व चेन लूट ली। पुलिस ने मामले में 10 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

निजी कंपनी में कार्यरत महेंद्र नेगी वसुंधरा सेक्टर-14 में परिवार के साथ रहते हैं। एक मार्च की रात करीब साढ़े आठ बजे वह पत्नी आराधना नेगी के साथ वसुंधरा सेक्टर-12 में जा रहे थे। मदर्स प्राइड एकेडमी के पास विपरीत दिशा से आए स्कूटी सवार लुटेरे ने आराधना के गले से मंगलसूत्र व सोने की चेन लूट ली थी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट नहीं दर्ज की थी। शनिवार को काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने अज्ञात लुटेरे के खिलाफ केस दर्ज किया।

# बंपर सेल के साथ रविवार को संपन्न हुआ सरस मेला

## *अंतिम दिन सभी स्टॉल्स पर लगी खरीदारों की भीड़, खूब हुई खरीदारी*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शहर के सेक्टर 33ए नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेला 2022 का रविवार को 17वें दिन बंपर सेल के साथ समापन हो गया। निरंतर 17 दिनों तक चले सरस मेले में जहां विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूह नोएडा वासियों के व्यवहार से संतुष्ट रहे वहीं नोएडा वासियों को भी देश के विभिन्न राज्यों के उत्पाद खासे पसंद आए।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सरस मेले का आयोजन नोएडा में दूसरी बार हुआ। इससे पूर्व पहला आयोजन 2021 में हुआ था। इस बार का आयोजन पूर्व के आयोजन की तुलना में अधिक सफल रहा है। हालांकि लोगों को समाचार पत्र एवं प्रचार होल्डिंग के माध्यम से जानकारी थी कि रविवार 13 मार्च को मेले का अंतिम दिन होगा।



इसीलिए पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार महिलाओं एवं युवतियों कि यहां सुबह से ही आवाजाही शुरू हो गई थी। मेले में खरीदारी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा चोखी हवेली एवं फूड कोर्ट के व्यंजन यहां आकर्षण का केंद्र रहे। सरस मेले में अधिकतर बिक्री हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट के उत्पादों की रही। जो पहले दिन से लेकर अंतिम दिन तक नोएडा वासियों की निरंतर पसंद बने रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध उत्पादों की भी लोगों ने जमकर खरीददारी की। जिनमें हिमाचल तथा महाराष्ट्र की गाय का शुद्ध देसी घी, मसाले, हेयर, ऑयल, ज्वैलरी एवं अन्य उत्पादों की बिक्री जोरों पर रही।

मेले के पहले दिन से लेकर अंतिम दिन तक कुछ उत्पाद नोएडा वासियों के लिए खास बने रहे। इनमें गुजरात के श्री कृष्णा स्वयं सहायता समूह की बेडशीट तथा कर्नाटक के नंदिनी स्वयं सहायता समूह के कुर्ते तथा मिडी शामिल है। गुजरात के समूह का संचालन पूनमबेन करती हैं। इनके उत्पाद जूट तथा कुशन द्वारा हाथ से तैयार किए जाते हैं। साथ ही कर्नाटक समूह का संचालन शीला रानी करती हैं। इनके उत्पाद हस्त निर्मित तथा कर्नाटक के सुप्रसिद्ध उत्पादों में शामिल हैं। 17 दिन तक चले सरस मेले में जहां समूह के विक्रेताओं एवं खरीददारों की व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया गया। वही कोविड प्रोटोकॉल के पालन पर भी पालन हुआ।

### देश का सबसे कामयाब मेला नोएडा में रहा: सिंह

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी चिरंजीत सिंह ने सरस मेले में सर्वाधिक बिक्री वाले स्वयं सहायता समूहों को अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरस मेले का आयोजन देश भर के अन्य राज्यों में भी होता है। मगर नोएडा हाट में आयोजित यह मेला लॉकडाउन के बाद सबसे अधिक कामयाब रहा। वहीं मेले की कामयाबी एवं सकुशल संपन्न होने पर नोएडा हाट की ओर से देश भर के सभी महिला समूह एवं नोएडा वासियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर यहां केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# साल के अंत तक यमुना में गिरने बंद होंगे नाले



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिसंबर माह के अंत तक यमुना में गंदा पानी गिरना बंद हो जाएगा क्योंकि गंदा पानी बहाने वाले सभी नालों को बंद कर दिया जाएगा और इस पानी को अवजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) की ओर मोड़ा जाएगा।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यमुना 1,300 किलोमीटर से ज्यादा लंबी है और देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में से एक है। इससे राष्ट्रीय राजधानी के आधे से ज्यादा हिस्से में पानी पहुंचता है। स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक जी अशोक कुमार ने कहा कि 18 नालों से गंदा पानी यमुना में गिराया जा रहा है, इन नालों को बंद कर गंदा पानी अवजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) की ओर मोड़ने की योजना है।

कुमार ने कहा कि अवजल शोधन संयंत्र तैयार हैं, हम नदी में गिराए जा रहे इस गंदे पानी को इन संयंत्रों की ओर मोड़ सकते हैं।

इसके बाद एसटीपी से प्राप्त शोधित जल को नदी में गिराया जा सकता है, जिससे नदी का प्रवाह सुधरे। इसलिए दिसंबर माह से यमुना नदी में गंदा पानी नहीं आ पाएगा और नदी के प्रवाह में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे तब तक यमुना का जल नहाने लायक हालत में हो जाए। कुमार ने कहा कि एक बार यमुना में गंदा पानी आना रुक जाए, इसके बाद दूसरा कदम यमुना में जल के न्यूनतम प्रवाह को बनाए रखना होगा।

## 22 किलोमीटर का हिस्सा दिल्ली में



यमुना का सिर्फ दो प्रतिशत या 22 किलोमीटर का हिस्सा दिल्ली में आता है, लेकिन यमुना में 98 प्रतिशत प्रदूषण गैरशोधित अथवा अल्प शोधित औद्योगिक अपशिष्टों या नाली के जरिए राजधानी से आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुमान के अनुसार दिल्ली में प्रतिदिन लाखों लीटर गंदा पानी निकलता है।

## एनजीटी ने दिए थे कड़े निर्देश

एनजीटी ने दिल्ली सरकार को 1 जून, 2019 को दिल्ली जल बोर्ड को निर्देश दिया था कि यमुना में नालों के सीवेज को ट्रीटमेंट के बाद ही छो?ा जाए। विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली सरकार के 20 वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हैं तो पर काम सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। डीजेबी को मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ानी थी। यमुना में सीवेज ले जा रहे चार नालों पर भी लगाम लगानी थी। इनको सीवर से जोड़ना था। पूरी दिल्ली में 20 एसटीपी की जगह 200 लगाने होंगे।

# पंजाब फतह के बाद आप ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बुराड़ी मे विधायक संजीव झा, सीमापुरी में राजेंद्र प्रसाद गौतम और सीलमपुर में अब्दुल रहमान की अगुवाई में संकल्प रैली**

### ● केजरीवाल की वैकल्पिक राजनीति का दिया संदेश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पंजाब में आम आदमी पार्टी की जीत का जश्न राजधानी दिल्ली में लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। आप कार्यकर्ताओं ने रविवार को बुराड़ी मे विधायक संजीव झा, सीमापुरी में राजेंद्र प्रसाद गौतम और सीलमपुर में अब्दुल रहमान की अगुवाई में संकल्प रैली, बदलाव यात्रा व तिरंगा यात्रा निकाली। इलावा अन्य क्षेत्रों में भी रैली निकालकर लोगो से मुलाकात की।

संकल्प रैली से बुराड़ी के केशव नगर बस स्टैंड से बुराड़ी मोड़, संत नगर, बुराड़ी बाईपास तक निकाली गई। करीब 3 घंटे तक चली लंबी रैली में विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। रैली के दौरान क्षेत्र के बड़े बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर संजीव झा ने कहा कि एक और पंजाब में केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस पर मुहर लगा और पंजाब में भारी बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बनना यह दर्शाता है कि अब केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस पूरे देश के लोग चाहते हैं। अब जाति, धर्म, क्षेत्र के नाम पर राजनीति नहीं होगी। अब अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पूरे देश की मांग है। केजरीवाल ने कहा था कि वह एक वैकल्पिक राजनीति करने आए हैं। अब देश की जनता वह वैकल्पिक राजनीति को स्वीकार करती है। वहीं सीलमपुर के विधायक अब्दुल रहमान ने कहा कि पंजाब की जीत आम आदमी पार्टी के विस्तार करने का काम करेगी।

आप बहुत तेजी से राष्ट्रीय दल बनने की ओर अग्रसर है। आम आदमी पार्टी के पास दिल्ली में 50 फीसद की सरकार है।

इसके बावजूद पार्टी ने शत प्रतिशत काम करके दिखाया। अब पंजाब की जनता ने उसे 100 फीसद दिया है और वहां 200 फीसद काम करके दिखाएंगे। इससे एक दिन पहले सोमनाथ भारती ने मालवीय नगर में जुलूस और बाइक रैली निकाली थी। कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया था।

# चार राज्यों में प्रचंड जीत पर भाजपा ने सभी जिलों में निकाला विजय जुलूस

### ● भाजपा का विजय रथ निगम में चौथी बार दिलाएगा जीत : गुप्ता



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भजपा की ओर से रविवार को सभी जिलों में चार राज्यों में विधानसभा चुनाव में मिली जीत के उपलक्ष्य में विजय जुलूस निकाला गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में निकाले गये विजय जुलूस में प्रदेश भाजपा महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह, महापौर मुकेश सूर्यान मौजूद रहे।

ककरौला इलाके से विजय जुलूस की शुरुआत की गई। इस मौके पर गुप्ता ने दावा किया कि भाजपा सिर्फ विकास की राजनीति करती है। भाजपा का विजय रथ निगम में चौथी बार जीत दिलाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर ने कस्तूरबा नगर में बाइक रैली को सम्बोधित किया। आदेश गुप्ता ने बाइक रैली के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोआ और मणिपुर में भाजपा को बहुमत मिला है वह जनता का पार्टी पर भरोसे का प्रमाण है। उत्तर प्रदेश में 37 साल बाद का इतिहास दोहराया गया तो वही उत्तराखंड में पहली बार सरकार लगातार दूसरी बार बनी है। गोवा और मणिपुर में भी लोगों ने भाजपा पर भरोसा जताकर यह साबित कर दिया कि देश के विकास का एकमात्र विकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व एवं केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजना है। गुप्ता ने चार राज्यों में भाजपा की जीत के लिए जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ राजनीतिक पार्टी ही नहीं है बल्कि एक परिवार है। इस परिवार में हर एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है। क्योंकि प्रधानमंत्री भी खुद को प्रधानसेवक मानते हैं।

# स्वाधीनता ही साहित्य का आधार और स्वप्न : विश्वनाथ

### ● भारतीय भाषाओं में फैंटेसी और साइंस फिक्शन लेखन विषयक परिसंवाद संपन्न



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वाधीनता मानवीय शब्दकोश का सबसे पवित्र शब्द है। उसकी चेतना, मनुष्य ही नहीं जीव मात्र में नैसर्गिक रूप से विद्यमान होती है। वह मनुष्य का चरम मूल्य है। दुनिया भर के लोगों ने स्वतंत्रता के लिए जितने बलिदान दिए हैं। इसके अलावा शायद ही किसी अन्य मूल्य के लिए इतने दिए हों। स्वाधीनता ही साहित्य का भी आधार और स्वप्न है। साहित्य अकादेमी के साहित्योत्सव के चौथे दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर साहित्य का प्रभाव विषय पर संगोष्ठी का उद्घाटन अवसर पर हिंदी कवि, समालोचक एवं अकादेमी के सदस्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने ये बाते कही। विश्वनाथ तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ जो साहित्य लिखा जा रहा था, वह अधिकांशत: उससे प्रभावित भी था और उसे प्रभावित भी कर रहा था। हिंदी में जिसे छायावाद काल कहा जाता है। उसे सत्याग्रह युग भी कहा गया है। हिंदी ही नहीं, उस समय का संपूर्ण साहित्य स्वाधीनता की चेतना से आंदोलित था और उसे प्रेरित तथा गतिशील कर रहा था। अंग्रेजी लेखक हरीश त्रिवेदी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम पर साहित्य का प्रभाव व्यक्तिगत, अन्तरंग किंतु सूक्ष्म और स्थायी था। उस समय के राजनीतिज्ञ जो लिख रहे थे वह सृजनात्मक साहित्य तो नहीं था लेकिन उसका प्रभाव किसी कविता या कहानी से कम प्रभावित करने वाला नहीं था। उस समय उसकी ज्यादा जरूरत थी।

# गोकुलपुरी आगलगी की नहीं सुलझी गुत्थी

### ● झुग्गियों में बेहद पतले तारों से बिजली आ रही थी। आशंका कि इन तारों में चिंगारी निकलने या शार्ट सर्किट से हुआ था हादसा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गोकुलपुरी इलाके में बनी झुग्गियों में शनिवार देर रात हुए हादसे में सात लोगों की जान चली गई। यह आगजनी किसकी लापरवाही की वजह से हुई। इसकी गुत्थी नहीं सुलझी है। पुलिस अब उसकी पड़ताल कर रही है। पुलिस ने पूरे घटना स्थल को जांच होने तक के ?लिए सील कर दिया है। क्राइम टीम के अलावा रोहिणी एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाएं हैं। सूत्रों का कहना है कि सभी झुग्गियों में अवैध रूप से कटिया डालकर बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा था। झुग्गियों में बेहद पतले-पतले तारों से बिजली आ रही थी। आशंका है कि इन तारों से चिंगारी निकलने या शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। हालांकि पुलिस की टीमें आग के कारणों का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है।

उत्तर-पूर्वी जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार ने अनुसार अभी हादसे के दोषियों की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल है। झुग्गियों में बिजली के मीटर लगे थे या नहीं या वह बिजली का इस्तेमाल कैसे कर रहे थे। इसकी जांच की जा रही है। जिन प्लॉटों में झुग्गियां बसी हुई थीं। उनके मालिकों का भी पता किया जा रहा है। दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग और नगर निगम को इस संबंध में पत्र लिख भी लिखे गए हैं। जिम्मेदारी तय करने के बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि अमरपाल और मोनू पंडित नामक लोगों के दोनों प्लॉट हैं। यह लोग झुग्गी वासियों से हर माहीने 12 सौ से 15 सौ रुपये वसूल भी रहे थे। फिलहाल जांच और कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया है।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जांच की प्रक्रिया और मीडिया की पूछताछ से पीड़ित परिवारों को बचाने के लिए फिलहाल उनको ज्योति नगर की एक धर्मशाला में शिफ्ट किया गया है। इनको वहां से शिफ्ट किए जाने के बाद कुछ रिश्तेदारों ने इस पर ऐतराज भी जताया। उनका आरोप था कि अब रिश्तेदारों को भी पीड़ित परिवारों से मिलने नहीं दे रही है।

## चौबीस घंटे में किसी मरीज की मौत नहीं, 132 नए मामले आए

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के मामले लगातार कम हो रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 132 नए मामले सामने आए हैं। संक्रमण दर भी गिर कर आधे फीसदी से कम दर्ज की गई है। अच्छी बात यह है कि बीमारी से किसी भी मरीज की जान नहीं गई है। संक्रमित होने वालों से ज्यादा 195 मरीज बीमारी को मात देकर ठीक भी हुए हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 18,62,934 हो गई। मृतक संख्या 26,141 पर अपरिवर्तित रही। एक दिन पहले कोविड ?-19 की 34,994 जांच की गई थी। गत 13 जनवरी को 28,867 के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छूने के बाद कोविड-19 के दैनिक मामलों की संख्या में गिरावट आई है। गत 14 जनवरी को संक्रमण दर 30.6 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

## फैक्ट्री में लूटपाट के आरोप में दो धरे

**नई दिल्ली।** शाहदरा पुलिस ने फैक्ट्री में घुसकर लूटपाट करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सीलमपुर निवासी रिजवान और फराज के रूप में हुई है।

शुक्रवार को देर रात दोनों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर फैक्टरी में कर्मचारियों से लूटपाट की थी। बदमाश उनके मोबाइल फोन के अलावा रुपये भी लेकर भाग गए थे। इन लोगों के पास से लूटा गया रुपया और एक मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर उनके दो साथियों की तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त आर सत्यसुंदरम ने बताया कि गली नंबर-3, पुराना सीलमपुर इलाके में मुर्सलीन नामक कारोबारी की सिलाई की फैक्टरी हैं। इसके यहां अरशद अली, सलमान और शाकिर पिछले कई सालों से काम कर रहे हैं। शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे तीनों कारीगर फैक्टरी में मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार



हैंडलूम एक्सपो में बिक्री के लिए रखी साड़ियां।

### हैंडलूम एक्सपो में लुभा रही सिल्क की साड़ियां

**नई दिल्ली।** जनपथ स्थित कॉटेज इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन (सीसीआईसी) में चल रहे कॉटेज हैंडलूम एक्सपो में लोगों को सिल्क की साड़ियों समेत विभिन्न तरह के हस्तकरघा वस्त्र खूब लुभा रहे। असम से आए बुनकर प्रणव के स्टाल पर मेखला चादर की साड़ियां ख़ास है। इसकी अनोखी वस्त्र कला लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रणव ने बताया कि इस पारंपरिक साड़ी को विशेषकर रेशमी धागों से बुना जाता है, हालांकि कभी कभी हमे यह साड़ी कपास के धागों से बुनी हुई भी मिल सकती है, तो कभी कभी इसे कृत्रिम रेशों से भी बुना जाता है। इस साड़ी पर बनी हुई विशेष आकृतियाँ को केवल पारंपरिक तरीक़ों से ही बुना जाता है, तो कभी कभी मेखला और चादर के छोर पर सिला जाता है। इस पूरी साड़ी के तीन अलग अलग हिस्से होते हैं, ऊपरी हिस्से के पहनावे को चादर और निचले हिस्से के पहनावे को मेखला कहते हैं।

### 45वां वार्षिक दिवस मनाया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में संस्थान का 45वा वार्षिक दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण जी मुख्य अतिथि एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. मनोहर अगनानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्थान की निदेशक सुश्री निधि केसरवानी ने संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि राजेश भूषण ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के कार्यक्षेत्र को और अधिक बढ़ाने पर जोर देकर कहा कि संस्थान को एक अंब्रेला की भांति कार्य करना चाहिए। जन स्वास्थ्य पर केन्द्रित हिंदी पत्रिका जन स्वास्थ्य धारणा का लोकार्पण भी मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। निदेशक निधि केसरवानी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका सैनी एवं डॉ. गणेश शंकर श्रीवास्तव ने किया।

### राजधानी में धीरे-धीरे बढ़ रही तपिश

**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार की सुबह धूप खिली और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। सुबह साढ़े आठ बजे हवा में नमी का स्तर 75 प्रतिशत रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, पूर्वाह्न नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 187 रहा, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।मौसम विभाग ने दिन के दौरान सोमवार को आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जतायी है।

### यमुना में कूदे युवक को पुलिस ने बचाया

**नई दिल्ली।** तिमारपुर थाना पुलिस को एक सूचना मिली थी कि मोनिश दीक्षित नाम का एक 20 वर्षीय लड़का यमुना में कूदकर आत्महत्या कर सकता है। इसके बाद तुरंत ही सीनियर पुलिस अधिकारियों द्वारा लड़के की तलाश के लिए सब इंस्पेक्टर कपिल कुमार और उनके साथ पुलिस कर्मियों को भेजा गया। जब पुलिस टीम यमुना स्थित सिग्नेचर ब्रिज पर पहुंची तो लड़का यमुना में छलांग लगा चुका था। इसके बाद पुलिसकर्मियों गोताखोर की मदद से लड़के को बचाया जा सका। उत्तरी जिले के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि मोनिश दीक्षित (20) अलवर राजस्थान का रहने वाला है।

# राहुल को अध्यक्ष बनाने की मांग तेज पार्टी कार्यालय पर जमा हुए कार्यकर्ता



### ● गांधी परिवार के समर्थन में की नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान पार्टी के कई नेता एवं कार्यकर्ता पार्टी के मुख्यालय के निकट जमा हुए और राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी की। साथ ही उन्होंने पार्टी की कमान एक बार फिर से राहुल को सौंपने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नेता अलका लांबा, अनिल भारद्वाज समेत कई अन्य नेता और कार्यकर्ता राहुल गांधी के समर्थन में धरने पर बैठ गए। अलका लांबा ने कहा कांग्रेस का कार्यकर्ता राहुल गांधी का नेतृत्व चाहता है। वह सोनिया गांधी से कहना चाहते हैं कि पार्टी की कमान राहुल गांधी को सौंपी जाए ताकि वर्ष 2024 की लड़ाई वह उनके नेतृत्व में लड़ सकें। हाल में हुए पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त के बाद चर्चा और आगे की रणनीति तय करने के लिए कांग्रेस कार्य समिति की बैठक रविवार को हुई। सीडब्ल्यूसी की बैठक ऐसे समय हो रही है, जब कांग्रेस ने पंजाब में सत्ता गंवा दी और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी उसे करारी हार का सामना करना पड़ा है।

## एनडीएमसी महिलाओं व ट्रांसजेंडर्स के लिए बनाएगा विशेष शौचालय

**नई दिल्ली।** आधी आबादी और ट्रांसजेंडर की सुविधा के लिए अलग से विशेष सार्वजनिक शौचालयों निर्माण नई दिल्ली नगर पालिका परषिद कर रही है। इसका मकसद महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स समुदाय को सुरक्षा और गरिमा के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना है।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट को विशेष रूप से बनाया जा रहा है।

आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान, यह महिलाओं और ट्रांसजेंडर को सार्वजनिक स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं के लिए विशेष परियोजना के रूप में परिलक्षित कार्य है। सतीश उपाध्याय ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर झिझक से शौचालयों को खोजना , महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स की मूलभूत सुविधाओं के लिए एक बड़ी समस्या है, इस झिझक से मुक्ति दिलाने की दिशा में काम है।

# यूवीसी कीटाणुनाशक के साथ पहला स्टार्टअप शुरू

### ● डीयू के सहायक प्रोफेसर ने की पहल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डीयू के हिंदू कॉलेज ने एक यूवीसी कीटाणुनाशक मशीन के विकास के साथ अपना पहला स्टार्टअप शुरू किया है। यह मशीन कई तरह की वस्तुओं को कीटाणुरहित कर सकती है। कॉलेज के सहायक प्रोफेसर ललित कुमार ने कहा कि माइक्रोवेव के आकार की इस मशीन में यूवीसी (अल्ट्रावायलेट-सी) ट्यूब होती है जो चीजों को कीटाणुरहित करती है।

प्रोफेसर कुमार ने कहा कि मशीन करेंसी नोट, कार्यालयों की फाइल, फल, सब्जियों, एटीएम कार्ड और मास्क आदि को कीटाणुरहित कर सकती है।

इस मशीन से कपड़ों को कीटाणु रहित नहीं किया जा सकता, क्योंकि इसके लिए बड़ी मशीन की जरूरत पड़ेगी। लेकिन छोटे आकार के कपड़े इससे किटाणुरहित किये जा सकते हैं। कुमार ने दावा किया यह मशीन एक मिनट के भीतर 99.9 प्रतिशत बैक्टीरिया और वायरस को निष्क्रिय करने में सक्षम है।

मशीन वायरस और बैक्टीरिया के आरएनए और डीएनए को नष्ट करके काम करती है। इसे श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च द्वारा प्रमाणित किया गया है और इसके सुरक्षा मानकों को डीआरडीओ के लेजर साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिवीजन द्वारा रिकॉर्ड किया गया है। यह मशीन बाजार में 13,000 रुपये में उपलब्ध है और इसकी क्षमता 50 लीटर है। इस स्टार्टअप को काफी प्रतिभासाली नजर से देखा जा रहा है।

# 52 वर्षों से सेवाएं दे रहा है आर्य वीर नेत्र चिकित्सालय : बोधराज सीकरी

## चिकित्सालय के स्थापना दिवस पर लगाया विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर

## प्रसिद्ध उद्योपति एवं पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने कराया आयोजन



गुरुग्राम के न्यू कालोनी मोड़ स्थित आर्य वीर नेत्र चिकित्सालय में बोधराज सीकरी व अन्य अतिथियों का स्वागत करते संस्था के सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**आर्य** वीर नेत्र चिकित्सालय के स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी व वरिष्ठ उप-प्रधान ओमप्रकाश कथूरिया ने किया। शिविर में मरीजों की जांच की गई। काफी लोगों को यहां नि:शुल्क चश्मे भी दिए गए।

प्रसिद्ध उद्योपति एवं पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी, वरिष्ठ उप-प्रधान ओमप्रकाश कथूरिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बोधराज सीकरी ने इस अवसर पर कहा कि पिछले 52 वर्षों से आर्य वीर नेत्र चिकित्सालय सेवाएं दे रहा है। अब तक लाखों लोगों की आंखों की जांच और उपचार यहां पर किया जा चुका है। आधुनिक मशीनों द्वारा बारीकी से यहां जांच की जाती है। आंखों के अलावा यहां जनरल ओपीडी, आयुर्वेदिक औषधालय, फिजियोथैरेपी औषधालय तथा एक बहुत बड़ी लैब भी यहां बनाई गई है। यहां 390 आंखों के रोगी आए। जनरल ओपीडी, स्किन ओपीडी, कार्डियोलोजी ओपीडी, न्यूरोलॉजिस्ट, गेस्टोलोजिस्ट आदि में करीब 800 लोगों ने जांच कराई।

### पीसी आर्य ने माताजी के नाम एक लाख रुपये औषधालय को भेंट किए

**शिविर** में पीसी आर्य ने अपनी माताजी के नाम पर यहां एक लाख रुपये का चेक औषधालय को भेंट किया। शहर के प्रमुख चिकित्सकों द्वारा शिविर में आंखों की जांच के साथ दवाइयां और चश्मे नि:शुल्क वितरित किए गए।

शिविर के शुभारंभ पर आचार्य अरविंद द्वारा यज्ञ करवाया गया। संस्था के प्रधान भारत भूषण, गायत्री, महामंत्री प्रवीण मदान, पूनम, कन्हैयालाल आर्य, उप-प्रधान भारत रतन, मंत्री नरेंद्र आर्य, कोषाध्यक्ष अर्जुन देव, राजीव आर्य, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान लक्ष्मण पाहूजा, शिवदत्त आर्य, राजेश आर्य, ओमप्रकाश गांधी, यश कमरा आदि लोगों ने यज्ञ में भाग लिया।

# बालिकाओं के अच्छे भविष्य को खुलवाएं सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## सुकन्या समृद्धि योजना के तहत किसी भी डाकघर में खुलवाएं खाता

## पोस्ट आफिस में खाता कम से कम 250 रुपये में खोलना संभव

**बालिकाओं** के अच्छे भविष्य के लिए भारतीय डाक विभाग द्वारा शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं का जिले के किसी भी डाकघर में खाता खुलवाया जा सकता है। क्योंकि माता-पिता द्वारा इस खाते में जोड़ा गया पैसा बालिका को अपने जीवन में आगे बढने में सहायता करेगा।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को शुरू किया गया है। इस योजना के तहत खाता कम से कम 250 रुपये में खोला जा सकता है। एक वर्ष में अधिक से अधिक खाते में एक लाख 50 हजार रुपये जमा करवाए जा सकते हैं। सरकार द्वारा जमा राशि व परिपक्वता राशि पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी की आयु 18 वर्ष की होने के बाद जब भी शादी करें, खाता बंद करवा सकते है। विवाह से एक माह पहले या तीन महीने बाद तक खाता बंद करवाया जा सकता है। योजना के तहत माता-पिता अपनी बेटी की शिक्षा, शादी के लिए थोड़ा-थोड़ा करके पैसा जमा करवाकर चक्रवृद्धि ब्याज पर पैसा जोड़ सकते हैं।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि इस योजना के तहत दसवीं की परीक्षा पास करने तथा 18 वर्ष की आयु होने पर लडकी की पढ़ाई/शिक्षा के लिए आधा पैसा भी निकाल सकते है तथा शेष राशि शादी के समय निकाली जा सकती है। इस योजना के तहत खाता खुलवाने के लिए आवेदन पत्र के साथ बेटी का जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का फोटो, आईडी तथा रिहायशी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

# रक्तदान शिविर में 44 यूनिट रक्त हुआ दान



राजेंद्रा पार्क स्थित आनंद गार्डन में रक्तदाताओं को सम्मानित करती मेयर व अन्य अतिथि।

**गुरुग्राम।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से रविवार को राजेंद्रा पार्क स्थित आनंद गार्डन के श्री सनातन धर्म शिव मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के शुभारंभ अवसर पर मेयर मधु आजाद, भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ और क्षेत्र के पार्षद योगेंद्र सारवान ने शिरकत की। यह शिविर रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार व सह-सचिव सुभाष शर्मा के दिशा-निर्देशन में लगाया गया।

शिविर का शुभारंभ करते हुए मेयर ने कहा कि गुरुग्राम में अन्य दान की तरह रक्तदाताओं की भी कमी नहीं है। समय-समय पर लगाए जाने वाले शिविरों में लोग खूब रक्तदान करते हैं।

## राजेंद्रा पार्क के आनंद गार्डन क्षेत्र में लगाया गया यह शिविर

गार्गी कक्कड़ ने कहा कि खून की कमी को पूरा करने के लिए रक्तदान बहुत जरूरी है। हर किसी स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवनकाल में बार-बार रक्तदान करना चाहिए। पार्षद योगेंद्र सारवान ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी रक्तदान समेत अन्य जनसेवाओं के लिए सदैव अग्रणी रहती है। भविष्य में भी क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहेगा। रविवार के शिविर में 44 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

# अब एसवाईएल पर रुख साफ करे आप सरकार : कैप्टन अजय यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



कैप्टन अजय सिंह यादव।

## कैप्टन बोले, मैं मान व आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को देता हूं बधाई

**पूर्व** मंत्री एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ओबीसी सैल के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह ने पंजाब के मुख्यमंत्री बनने जा रहे भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अब सबसे पहले सतलुज यमुना लिंक के मामले पर अपना रूख साफ करना चाहिए।

कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि पंजाब में आम आदमी की सरकार बनने जा रही है। जिसके लिए मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि दक्षिणी हरियाणा में एक हजार फीट पर पानी चला गया है, लोगों को पीने का पानी बड़ी मुश्किल से मिलता है। नहरें यहां पर 42 दिन के बाद आती हैं। एसवाईएल के पानी का दक्षिणी हरियाणा सहित पूरे हरियाणा को इसका फायदा होगा। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि एसवाईएल का पानी हरियाणा में लाने का सपना कांग्रेस पार्टी ने संजोया था, जिसके लिए कांग्रेस ने लड़ाई लड़ी। कोर्ट में केस चला। वहां पर भी हरियाणा की जीत हुई है। सुप्रीमकोर्ट ने भी हरियाणा के हित में फैसला सुनाया है। इसलिए पंजाब सरकार को बिना देरी के एसवाईएल का निर्माण करवाना चाहिए। एसवाईएल के पानी पर हरियाणा का पूरा अधिकार था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के फैसले को असंवैधानिक मानते हुए हरियाणा को राहत दी थी। उन्होंने बताया कि सिंधु जल समझौता पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा पाकिस्तानी के साथ 1960 में हुआ था।

# कलश यात्रा निकालकर गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा स्थापित

## गांव तैमूरपुर स्थित मंदिर में स्थापित की गई है प्रतिमा

## मंदिर में मूर्ति स्थापना के बाद किया गया भंडारा

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



गांव तैमूरपुर में गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा स्थापित करने से पूर्व कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

**जिले** के गांव तैमूरपुर (जेठपुर) में फिरनी के पास स्थित मंदिर में पूरे विधि-विधान के साथ शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरखनाथजी की मूर्ति स्थापित की गई। मूर्ति स्थापना के दौरान मंत्रोच्चारण के साथ गुरू गोरखनाथ जी के जयकारे लगाए गए। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में आचार्य सतीश शास्त्री, पंडित विनोद शास्त्री, पंडित ललित शास्त्री ने मंत्रोच्चारण किया। शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरखनाथ की मूर्ति स्थापित करने से पूर्व पूरे गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। 11 कलश लेकर महिलाएं इस यात्रा में शामिल हुई।

रंग-गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओं ने यह यात्रा निकाली। गांव की परिक्रमा के बाद शोभा यात्रा वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान गांव की महिलाएं, पुरुष व बच्चों ने शिकरत करके गुरू गोरखनाथ का आशीर्वाद लिया। मंदिर के संचालक एवं पुजारी सतबीर भगत जी के नेतृत्व में गुरू गोरखनाथ जी की मूर्ति को स्थापित किया गया। इस दौरान भंडारा भी लगाया गया। गांव के सरपंच विनोद कुमार ने कहा कि गांव तैमूरपुर हमेशा ही धार्मिक एकता, आपसी भाईचारे की मजबूती और सौहार्द का प्रतीक रहा है। भले ही गांव रोहतक जिले में सबसे छोटा गांव हो, लेकिन यहां के बच्चों, युवाओं में समाजसेवी, आगे बढ़ने की सोच बड़ी है। ब्लॉक समिति के सदस्य प्रदीप ककराणा ने कहा कि गांव तैमूरपुर ने सदैव एकता और भाईचारे की मिसाल कायम की है। गांव में ऐसी ही एकता और भाईचारा बना रहे, यह उनकी कामना है। समाजसेवी राजेश भट्ठी ने भी गांव की एकता को बरकरार रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक रहकर ही हम सब तरक्की कर सकते हैं। इस अवसर पर दीपचंद भट्ठी, ओमप्रकाश मेहरा, सरपंच विनोद कुमार, पंच देवीलाल, दलबीर राठी, सोनू, प्रदीप ककराना, राहुल, नवीन राठी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण में अनियमितता की भाजपाईयों ने ही खोली पोल



**गुरुग्राम।** यहां फर्रूखनगर खंड के गांवों के बीच बनाई जा रही सड़क के निर्माण में धांधली, घटिया निर्माण सामग्री की बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने ही पोल खोली है। साथ ही विधायक से उम्मीद जताई है कि वे इस मामले में ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करें, ताकि भविष्य में ऐसा ना किया जा सके। फर्रूखनगर खंड के गांव मुशेदपुर से सिवाड़ी के बीच जर्जर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण की पटौदी के विधायक सत्य प्रकाश जरावता द्वारा मंजूरी दी गई थी। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री की शिकायत पर ग्रामीणों के आग्रह पर पहुंचे मार्केट कमेटी के जेई व उनकी टीम पहुंची। ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया।

बीजेपी नेता यशपाल चौहान फरीदपुर, राहुल महचना, ब्रह्म महचना, धर्मेंद्र कौशिक खंडेवला, मास्टर संजय चौहान, सुमित डागर, कंवर पाल आदि ने बताया कि सड़क की मरम्मत व पुनर्निमाण की लम्बे अरसे से मांग के बाद विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने इसे पास कराया।

मार्केट कमेटी द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में इतनी खामियां बरती जा रही हैं कि पत्थर की रोड़ियों को केवल तारकोल में पॉलिस करके सूखा ही लगाया जा रहा है। सड़क से मुट्ठी भरकर के रोड़ियां उठाई जा सकती हैं। ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है।

# सोहना बस स्टैंड पर प्रत्येक बस खड़ी दिखीं बूथ पर

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर बूथ पर लगीं बसें।

## सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर मंत्री की फटकार का हुआ असर

**प्रदेश** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के औचक निरीक्षण के बाद सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर खामियों में सुधार आया। स्टैंड पर आने वाली बसें बूथ पर लगी। स्टैंड पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मालूम रहे कि शनिवार को प्रदेश परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सोहना से जाते समय सामान्य बस स्टैंड का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। जहां परिवहन मंत्री यात्रियों की सुविधा में बरती जा रही लापरवाही और अन्य खामियों लेकर मौजूद रोडवेज के कर्मचारियों फटकार तो लगाई। इसके साथ गैर हाजिर मिले स्टैंड सुपरवाइजर व इंचार्ज की गैरहाजिरी लिखी। मंत्री की फटकार का असर 24 घंटा में निकल आया। स्टैंड पर आने वाली प्रत्येक बस को बूथ पर लगाया गया। जिससे यात्रियों को बस में चढ़ते और उतरते समय परेशानी न हो। वृद्ध यात्रियों को बस पकड़ने के दौरान इधर से उधर न भागना पड़े। जिससे हादसा होने की संभावना रहती है।

### सफाई पर विशेष ध्यान

**गर्मी** के मौसम ने दस्तक दे दी है। सामान्य बस स्टैंड पर प्रदेश परिवहन मंत्री ने यहा की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कड़े निर्देश दिए गए थे। जिनका असर रविवार को देखना मिला। जहा कूड़े का नामूनिशान स्टैंड परिसर में दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा था।

### माइक में आवाज लगाकर जानकारी

**यात्रियों** की सुविधा के लिए रोडवेज विभाग द्वारा स्टैंड पर माइक की सुविधा की हुई है। जिसमें यात्रियों को प्रत्येक बस के आने व जाने की जानकारी माइक के माध्यम से दी जानी है। जिसका फायदा अनपढ़ और वृद्ध यात्रियों को मिल सके। रविवार को माइक के माध्यम से सभी प्रकार की जानकारियों दी जा रही है।

# पहले श्रोताओं से जुड़ें, फिर नीतियों व स्कीमों पर गीत सुनाएं : मांगेराम खत्री

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम



**हरियाणवी** फिल्मों के लिए कई लोकप्रिय गीत लिख चुके प्रख्यात गीतकार मांगेराम खत्री ने कहा कि कलाकार अपनी कला के बल पर श्रोताओं को बांधे रखता है। विभागीय कलाकार श्रोताओं को ध्यान में रखकर अपनी प्रस्तुति की शुरुआत करें। पहले उनके साथ जुड़ाव करें और उसके बाद ही बीच-बीच में सरकार की नीतियों और स्कीमों पर गीत सुनाएं। ये बातें उन्होंने सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के रोहतक मंडल के प्रचार अमले की चार दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बोलते हुए कही।

यह कार्यशाला गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित की जा रही है। पहले दिन की कार्यशाला में प्रचार अमले को सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों पर आधारित कार्यक्रमों का बेहतर व प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार करने संबंधी तौर तरीके सिखाए गए। मांगे राम खत्री ने आगे कहा कि सूचना, जन सम्पर्क विभाग के लोक कलाकार अच्छे हैं। वर्षों से विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें अब समय की मांग के अनुरूप अपनी शैली और प्रस्तुतीकरण बदलने की जरूरत है। बदलाव ऐसा कि जिसमें लोक कला की मौलिकता भी प्रभावित ना हो।

**सरकार की आंख, नाक, कान है जनसम्पर्क विभाग: दहिया :** सेवानिवृत्त जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रणबीर सिंह दहिया ने कहा कि जनसम्पर्क विभाग के प्रचार अमले को सरकार की आंख व कान कहा जाता है, इसलिए वे सरकार की नीतियों का प्रचार करने के साथ-साथ उन नीतियों पर लोगों की प्रतिक्रिया से भी सरकार को अवगत करवाएं। उन्होंने प्रचार अमले से कहा कि वे सरकार की नीतियों व फैसलों को अच्छी तरह समझें। उनके बारे में ग्रामीणों को भी बताएं, ताकि आम जनता उन नीतियों का भरपूर लाभ उठा सके।

**ग्रामीण भाषा में ही योजनाओं का करें प्रचार:** सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान ने कहा कि विभागीय प्रचार अमले का दायित्व है कि वह उन योजनाओं को सरल करके ग्रामीणों की अपनी बोली में उनके सामने प्रस्तुत करें।

# लायंस क्लब सामाजिक कार्यों में हमेशा ही करता रहा है श्रेष्ठ कार्य : उपमुख्यमंत्री





सोहना में लायंस क्लब के 41 कन्याओं के सामूहिक विवाह में संबोधित करते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।



लायंस क्लब द्वारा कराई गई सामूहिक शादी में एक साथ बैठे वर-वधू।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

## दुष्यंत चौटाला ने कहा, मेरे पिता अजय चौटाला के जन्मदिन पर हो रहे हैं सामाजिक कार्य

## सामूहिक विवाह में 41 दुल्हों की एक साथ शहर में कराई गई घुड़चढ़ी

**उप मुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सोहना लायंस क्लब सामाजिक कार्यों में हमेशा से ही उत्कृष्ट कार्य करने में श्रेष्ठ है। क्लब ने कोविड काल में भी रेडक्रास के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया है।

सोहना के सामाजिक संगठन लायंस क्लब सोहना ने 41 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया। 41 दुल्हों की एक साथ शहर में घुड़चढ़ी कराई गई। इस विवाह समारोह में पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज रविवार को प्रदेश में उनके पिता अजय चौटाला का जन्म दिन पर राज्य में सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। सोहना में लायंस क्लब द्वारा 41 कन्याओं का जो सामूहिक विवाह किया जा रहा है। यह क्लब का समाज कल्याण में गरीब माता-पिता को आर्थिक मदद पहुंचाना है। नवविवाहित जोड़ों के अभिभावक भी मिलकर नव दंपतियों को आर्थिक मदद करके। जिससे इनका विवाहित जीवन सुखमयी बन सके।

उपमुख्यमंत्री ने 41 कन्याओं का 11 लाख रुपये देकर कन्यादान किया। मंडप से पहले सभी दुल्हों की बाजार में एक साथ घाड़ियों पर बैठकार घुड़ चढ़ी कराई गई। बैंड बाजों और डीजे की धुनों पर घुड़ चढ़ी में दुल्हे के परिजनों ने जमकार डांस किया।

**कौन-कौन बंधे विवाहित जोड़े में :** लायंस क्लब द्वारा कराया गया सामूहिक विवाह में अंजली-अशोक, बग्गी-कबीर, भारती-सचिन, हमेलता-सुनील, हेमलता-मुकेश, काजल-रवि कुमार, कविता-रेकन, कोमल-रिवि कुमार, लक्ष्मी-राजेश, ललिता-मनीष, मल्हो-सोनू, मोनिका-रोहित, मुस्कान-नरेश कुमार, प्रीति-शंकर, प्रीति-धर्मेन्द्र, पिंकी-अशोक, पूजा-गौरव, पूजा-राहुल, रजनी-चिंटू, राखी-अरुण,रमीसा-अदिल, रीना-संदीप, रेखा-सतबीर, रुकसीना-अब्दुल, समीना-गुल बहार, संगीता-साबिर, संजू-दीपक, संजना-रोहित, सपना-हरीश, सीमा-रवि सिंह, शांति-संजू, सोनमवती-पवन, सोनिया-जितेन्द्र, सुनीता-गौत्तम, वरीसा-तारीफ, यशौदा-अरुण, सोनिया-रवि कुमार, सुनीता-पवन, सुनीता-सिक राम, तारावती-रोहताश, वर्षा-विरेन्द्र।

# सोहना में सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी नहीं आने दी जाएगी

**सोहना।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सोहना में सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश के गांवों को भी सेक्टरों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। सोहना एक सामूहिक शादी सामारोह में पहुंचे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने स्थानीय पत्रकारों को बताया कि गुरुग्राम के बाद सोहना का विकास तेजी से हो रहा है। यहां की सड़कों के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से बढ़ रहा है।

सोहना शहर को रेल लाइन से लेकर राष्ट्रीय मार्ग दिए जा रहे है। सोहना का विकास बहुत ही तेजी से हो रहा है। जिससे यहा के युवाओं को रोजगार उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के गांवों को शहरों की भांति विकसित करने के उद्देश्य से पहले ही हरियाणा रुलर डेबलपमेंट ऑर्थी बनाई जा चुकी है। जिसके तहत चौधरी देवीलाल के नाम पर 47 एकड़ में सेक्टर काटे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि तावडू से रेवाड़ी जाने वाले मार्ग को हिसार-सिरसा जिले तक विस्तार किया जाएगा। वन विभाग की मंजूरी मिलने के साथ ही नया मार्ग निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# बचत के लिये कराएं एक अप्रैल से पहले वाहन बीमा

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

## इरडा ने वाहन बीमा के तृतीय पक्ष प्रीमियम दरों को संशोधन की मसौदा अधिसूचना जारी

**भारतीय** बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण; (इरडा) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नये वित्त वर्ष 2022-23 से वाहन बीमा के तृतीय पक्ष प्रीमियम दरों को संशोधित करने के लिये मसौदा अधिसूचना जारी की है। वैश्विक महामारी कोविड की वजह से दरों में प्रस्तावित बदलाव दो वर्ष से लंबित थे।

संशोधित दरों के अनुसार 1000 क्यूबिक क्षमता यानी कि सीसी की निजी कारों पर यह 2094 रुपये होगी। इसी प्रकार 1000 सीसी से 1500 सीसी की निजी कारों पर 3416 रुपये का प्रीमियम अदा करना होगा, जबकि 1500 सीसी से अधिक क्षमता वाली निजी कारों पर 7897 का भुगतान करना पड़ेगा। 150 सीसी से ऊपर और 350 सीसी से कम क्षमता के दोपहिया वाहनों पर प्रीमियम 1366 रुपये और 350 सीसी से अधिक के दुपहिया पर संशोधित प्रीमियम 2804 रुपये रहेगा। सार्वजनिक माल ढुलाई वाले कमर्शियल वाहन वर्ग में प्रीमियम वाहन के कुल भार के आधार पर 16049 रुपये से 44242 रुपये के बीच होगा। निजी वाहन पर दरें 8510 रुपये से लेकर 25038 रुपये तक होंगी।

नीतिन कुमार हेड मोटर न्यू बिजनेस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ने दरों में संशोधन पर कहा, पिछले दो वित्त वर्षों के दौरान थर्ड- पार्टी की वाहन दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया था, इसलिए यह बढ़ोतरी अपेक्षित थी। कार, दुपहिया से लेकर सभी श्रेणियों में दरों को संशोधित किया गया है। हालांकि इरडा सालाना आधार पर प्रीमियम में बदलाव करता है, किंतु महामारी के दौरान पालिसीधारकों को राहत देने के लिये पिछले दो वर्षों 2020 और 2021 में इसे स्थगित रखा गया था। हालांकि महामारी काल में शुरुआती कमी के बाद तीसरे पक्ष के दावों की संख्या में इजाफों को ध्यान में रखते हुए रीइंश्योरेंस कंपनी जीआईसी ने इस वर्ग में अनिवार्य बढ़ोतरी का प्रस्ताव किया था, जिसे मान लिया गया है। नीतिन कुमार का कहना है, इससे कॉम्प्रिहेंसिव और थर्ड पार्टी दोनों ही वर्गों के वाहन बीमा में वृद्धि होगी, क्योंकि थर्ड पार्टी का बीमा भी व्यापक नीतियों का ही एक हिस्सा है। चूंकि कानूनन थर्ड पार्टी का बीमा अनिवार्य हैएइसलिये प्रीमियम में वृद्धि का असर सभी ग्राहकों पर पड़ेगा। प्रीमियम दरों में वृद्धि से जो ग्राहक राहत चाहते हैं, वह एक अप्रैल को नयी दरों के अमल में आने से पहले अपने वाहन का बीमा करा कर लाभ उठा सकते हैं।

**इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए छूट :** ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में निजी इलेक्ट्रिक कारों, इलेक्ट्रिक दुपहिया, इलेक्ट्रिक सामान की ढुलाई में लगे कमर्शियल वाहनों और इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के लिये 15 प्रतिशत छूट का प्रस्ताव किया गया है। प्रस्तावित छूट से पर्यावरण के अनुकूल वाहनों के ट्रेंड को बढ़ावा मिलेगा।

# मरम्मत के अभाव में कोरोना जांच लैब की हालत खस्ता

कविता। फरीदाबाद

पिछले दो साल से कोरोना योद्धा के रूप में अपना जीवन जोखिम में डाल रहे स्वास्थ्य कर्मी अब जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा भुगतने को विवश हो रहे हैं। बादशाह खान सिविल अस्पताल परिसर में आईडीएसवी प्रयोगशाला मौजूद है। यह प्रयोगशाला पिछले करीब दो सालों से कोरोना के सैम्पल लेने के लिए प्रयोग में लाई जा रही है। वहां अब तक 15 लाख 33 हजार 882 सैम्पल जांच कर चुके हैं। लेकिन

### लैंटर झड़ने से डर के साए में काम करने को मजबूर हैं कोरोना योद्धा

इसके बावजूद लैब ऑफिसर और स्वास्थ्य कर्मी यहां दीवार पर सीलन और छत से लैंटर गिरने वाले कक्ष में बैठ कर काम करने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

**नहीं हुई मरम्मत:** जिला सिविल सर्जन कार्यालय कोरोना काल में ही प्रयोगशाला के एक हिस्से में शिफ्ट किया गया था। अधिकारियों द्वारा इस हिस्से में तो मरम्मत करवाया गया। लेकिन पिछले दो सालों से कोरोना महामारी के दौरान लगातार सैम्पल के काम करने वाली प्रयोगशाला में मरम्मत का कार्य करवाने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। जिस कारण यहां प्रयोगशाला की छत के लैंटर का कुछ हिस्सा पिछले दिनों यहां तैनात एक लैब ऑफिसर के सिर पर गिर गया था।



कोरोना जांच प्रयोगशाला में मौजूद छत से गिरा लैंटर का हिस्सा और दीवार में आती सीलन

**डर के साये में काम:** इस प्रयोगशाला में तैनात कोरोना योद्धा डर के साये में काम करने को मजबूर हो रहे हैं। क्योंकि यहां दीवारों पर बुरी तरह से सीलन आ रही है तो वहीं दूसरी तरफ छत से लेंटर झड़ने की समस्या सामने आ रही है।

वहीं प्रयोगशाला में बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने की भी शिकायतें भी कई बार आ चुकी है। लेकिन इसके बावजूद इस ओर कोई ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहा है।

**स्वयं किया पेंट:** प्रयोगशाला में सीलन भरी दीवारों पर पेंट तक करवाने की जरूरत महसूस नहीं की गई थी। जिसे देखते हुए यहां तैनात कोरोना योद्धाओं ने लोगों का सहयोग लेकर स्वयं यहां दीवारों पर पीपीई किट पहनकर दीपावली के आसपास पेंट किया था। वहीं कोरोना योद्धा सैम्पलिंग के संग ही यहां पेड़-पौधे लगाने का काम भी कर रहे हैं। लेकिन जिला स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह रवैये के कारण यहां मरम्मत का कार्य नहीं किया जा रहा है।

# सूरजकुंड मेले की सुरक्षा व यातायात को लेकर पुलिस ने बनाई रणनीति

### पुलिस बैंड जोश के साथ करेगा मेले में अतिथियों का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ने 35 वें सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले को लेकर अपने कार्यालय सेक्टर-21सी में एक आवश्यक बैठक बुलाई। जिसमें पार्किंग, लाइट, टिकट बुकिंग और सुरक्षा को लेकर की गई तमाम तरह की तैयारियों की। पुख्ता व्यवस्था बनाने के लिए उन्होंने अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश दिये।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इस बार सूरजकुंड मेले (19 मार्च से 4 अप्रैल) में आने वाले दर्शकों को पार्किंग की दिक्कत न हो, इसके लिए अधिकारियों को समीक्षा बैठक में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नितेश अग्रवाल ने मेले में वीकेंड पर तीन अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था



सेक्टर-21 सी स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सूरजकुंड मेले को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते पुलिस उपायुक्त नीतीश अग्रवाल।

करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में टिकट बुकिंग के दौरान ही दर्शकों को पार्किंग स्थल की जानकारी भी मिलेगी। मेले की पूरी व्यवस्था के लिए पेटीएम को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मेले में आने वाले अतिथियों का स्वागत पुलिस बैंड द्वारा किया जाएगा। जिसके लिए पुलिस बैंड को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 35 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में आने वाले दर्शकों को इस बार पार्किंग की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। खास तौर पर वीकेंड शनिवार और रविवार के लिए, तीन अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए सभी पार्किंग स्थलों पर कंपनी की समीक्षा बैठक लेकर प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी।

बैठक में एसीपी मुख्यालय संदीप मोर, एसीपी ट्रैफिक पृथ्वीसिंह, एसीपी मुनीष सहगल, देवेन्द्र, रमेश चन्द्र, सुभाष सिंह, इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार, महावीर, राजेश कुमार, दर्शन कुमार, सोहनपाल, जवाहर लाल, महिला इंस्पेक्टर माया, नोडल अधिकारी राजेश जून, पीके गुप्ता, पार्किंग हेड श्रीकांत, अंकित, डायरेक्टर विशाल शर्मा और फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस के समस्त अधिकारी रहे। मेले में अतिथियों के स्वागत के लिए होटल राजहंस पर पुलिस बैंड भी मौजूद रहेगा। सभी अतिथियों का स्वागत पूरे जोश के साथ बैंड की धुन पर किया जाएगा। डीसीपी मुख्यालय ने कहा कि इसके अलावा मेले के दोनों चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश-विदेश के कलाकारों के साथ-साथ स्कूली बच्चे भी कार्यक्रम पेश करेंगे। जिनकी सुरक्षा फरीदाबाद पुलिस के द्वारा की जाएगी।

पूरे मेले में सुरक्षा के लिए करीब 2500 पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। इसके बाद उन्होंने मेला परिसर में दोनों हेलीपैड स्थल और पार्किंग स्थल का सुरक्षा के बारे में सभी पुलिस कर्मियों को अवगत कराते हुए सुरक्षा के निर्देश दिए।

## कैबिनेट मंत्री और सांसद ने होली मिलन समारोह में की शिरकत



बल्लभगढ़ में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत करते सांसद नायब सिंह सैनी और कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा व सांसद नायब सिंह सैनी ने होली मिलन समारोह में शिरकत की और कहा कि बल्लभगढ़ की रियासत में राजा नाहर सिंह और गुलाब सिंह सैनी का सहरानीय योगदान रहा।

होली मिलन कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी ने कहा कि आज बल्लभगढ़ में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शहीद गुलाब सिंह सैनी सामुदायिक भवन बनाकर उनके सैनी समाज को बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के राजा शहीद राजा नाहर सिंह और शहीद गुलाब सिंह सैनी की ऐतिहासिक नगरी है। उन्हें यहां आकर काफी खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र में आकर होली मिलन मनाना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने लोगों से कहा कि बल्लभगढ़ के विकास पुरुष प्रदेश सरकार में तीसरे नम्बर के वजीर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ उनका सैनी समुदाय हमेशा तन मन धन से साथ रहेगा।

परिवहन, खनन एवं कौशल विकास मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी का बल्लभगढ़ की धरा पर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें होली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र और ब्रिज क्षेत्र का एक गहरा नाता है। अगर ब्रज क्षेत्र में मथुरा बरसाने में भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं हुईं हैं, तो उनका कर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र रहा है।

## आर्ट एंड कल्चर टैलेंट सर्च कंपटीशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन



एनएच तीन के सरकारी स्कूल में आर्ट एंड कल्चर टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में हुआ।

जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्य छात्राओं ने आर्ट एंड कल्चर टैलेंट सर्च कंपटीशन में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि छात्रा अंजली, काजल, नंदिनी, प्रीति, अंजली, नेहा, प्रतिभा, निशा, आकांक्षा, कनक, पलक और भारती ने द्वि आयामी विजुअल आर्ट और त्रिआयामी विजुअल आर्ट, मिमिक्री, माइम और मोनोएक्टिंग में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब खंड स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी करेंगे।

## तलवार और फावड़े से किया पिता-पुत्र समेत चार पर हमला

### पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़



तलवार व फावड़े से 10-12 लोगों ने मिर्जापुर गांव स्थित प्लॉट पर निर्माण करा रहे पिता-पुत्र व दो अन्य पर हमला कर दिया। हमलावरों के हमले से चारों पीड़ित बुरी तरह से घायल हो गए। हमलावरों ने उनकी सोने की चेन छीनने का भी प्रयास किया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

थाना सदर बल्लभगढ़ में दर्ज मामले के मुताबिक सीही गांव निवासी देवेंद्र ने अपनी शिकायत में कहा है कि उन्होंने राजू नागर नामक व्यक्ति से मिर्जापुर गांव में एक प्लॉट खरीदा था। इस प्लॉट वह अपने बेटे रोहित व उसके दोस्त नवीन के साथ 11 मार्च को निर्माण करा रहे थे। तभी वहां पर चंदावली गांव निवासी अशोक पंडित अपने कुछ साथियों को लेकर आ गया और गालियां देते हुए कहा कि प्लॉट पर हमारी इजाजत के बिना कैसे काम कर रहे हो।

देवेंद्र ने उससे कहा कि उसने यह प्लॉट राजू नागर से खरीदा है। इस बात पर अशोक पंडित ने देसी पिस्टल निकालकर उसके ऊपर तान दिया। इस पर देवेंद्र के बेटे रोहित और उसके दोस्त नवीन ने उन्हें रोकने की कोशिश। इसी बीच अशोक पंडित के साथ आए भोलू ने रोहित पर फावड़े से वार कर उसका हाथ तोड़ दिया। अशोक के साथी ललित पंडित ने नवीन के मुंह पर तलवार से वार किया। तलवार लगने से वह घायल गया। देवेंद्र अपने दोस्त वेद यादव की मदद से घायलों को संभालने लगे तो रोहताश ने उनके ऊपर रॉड से वार कर दिया। संजय व 6-7 अन्य ने भी उन पर डंडे व रॉड से हमला किया।

ललित पंडित पर आरोप है कि वह रोहित के गले से सोने की चेन खींचकर ले गया। जोकि आधा टूटा हुआ टुकड़ा उनके पास रह गया। बचाव के लिए शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। एसएचओ सतवीर ने बताया कि इस मामले में अशोक पंडित व भोलू निवासी गांव चंदावली, ललित पंडित गांव नीमका, रोहताश व संजय निवासी गांव मिर्जापुर सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### चोरी के एसी से लदे ट्रक समेत आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने एक वाहन चोर आरोपी को 270 एसी से लदे हुए ट्रक सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अजीत पलवल के गांव सल्लागढ़ का रहने वाला है। आरोपी सेक्टर 58 में किसी ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता है। आरोपी कम समय में अधिक पैसे कमाने चाहता था। जिसके लिए आरोपी ने सेक्टर 58 में एसी से लदे हुए ट्रक को रात के समय चोरी कर लिया और ट्रक को मेवात के सोहना की पहाड़ियों में ले जाकर छुपा दिया। आरोपी ट्रक में रखे एसी और ट्रक को बेचने की फिराक में था। ट्रांसपोर्ट मालिक ने थाना सेक्टर 58 में एसी से भरे हुए ट्रक की चोरी होने की सूचना थाना सेक्टर 58 में लिखित सूचना 12 मार्च को दी जिस पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

# पक्ष, विपक्ष और अफसरों ने खेली फूलों की होली

### सिटी प्रेस क्लब ने कराया शानदार होली मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सिटी प्रेस क्लब फरीदाबाद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में तमाम रंग देखने को मिले। इस भव्य आयोजन में मंत्री, विधायक, आईएएस अफसर, विपक्षी दल एवं सामाजिक क्षेत्र की तमाम हस्तियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रेटर फरीदाबाद के ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में आयोजित फूलों की होली का आयोजन किया। इस समारोह में विधायक व मंत्रियों ने जमकर ठुमके लगाए तो वहीं आईएएस अधिकारी व पूर्व विधायक ने गाने सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**जमकर चले शब्दों के तीर:** इस कार्यक्रम में विपक्षी दलों के नेताओं व सत्तापक्ष में जमकर शब्दों के तीर चले। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। जबकि हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस भव्य आयोजन के लिए प्रेस क्लब की टीम को बधाई दी।



सिटी प्रेस क्लब फरीदाबाद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भाग लेते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, कांग्रेस नेता विजय प्रताप ,तिगांव के विधायक राजेश नागर और जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा व अन्य।

वहीं भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता, सीमा त्रिखा और राजेश नागर ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपस में भाईचारा बढ़ता है। मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़ ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी तालमेल और भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। वहीं जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव इस भव्य आयोजन को देखकर काफी प्रभावित हुए।

**गीत संगीत:** भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने रसिया गाकर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सोनल गोयल ने दो गाने गाए और श्रोताओं की जमकर तालियां बटोरी। पूर्व संसदीय सचिव शारदा राठौर ने भी अपनी सुरीली आवाज से लोगों की वाहवाही हासिल की। वहीं हरियाणा सरकार में चेयरमैन नयनपाल रावत ने भी अपने चिरपरिचित अंदाज में जहां कई नेताओं पर फिकरा कसा, वहीं शानदार गाना सुनाया। चेयरमैन धनेश अदलक्खा ने जमकर ठुमके लगाए। कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने भी होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

**सम्मानित किया गया:** इस अवसर पर कांग्रेस नेता लखन सिंगला, परफेक्ट ब्रेड कंपनी के चेयरमैन एच के बत्तरा, वैष्णोदेवी मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया, डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मवीर भड़ाना, श्याम सुंदर कपूर, एस के सचदेवा, पार्षद राकेश भड़ाना, नगर निगम के चीफ इंजीनियर रमन शर्मा, भाजपा महामंत्री मूलचंद मित्तल, एडवोकेट अश्वनि त्रिखा, उद्योगपति आरएस गांधी, कांग्रेस नेता योगेश गौड़, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर मुकेश शर्मा, भाजपा नेता बलदेव अलावलपुर, पूर्व पार्षद जगन डागर, विजय बैसला, कांग्रेस नेता सुमित गौड़, राकेश भड़ाना, सुमित धवन, गुलशन बग्गा, जिला भाजपा के महामंत्री गोल्डी अरोड़ा, पूर्व पार्षद योगेश ढींगड़ा, समाजसेवी मनोज गुप्ता, पार्षद दीपक चौधरी, पूर्व पार्षद राजेश भाटिया, पार्षद मनोज नासवा, कविंद्र फागना, गौरव ढींगड़ा, गौरव चौधरी, राजेश खटाना, वीके शास्त्री, कांग्रेस नेता अनीशपाल, राजेश आर्य, नवीन चौधरी, एडवोकेट विकास नंबरदार, डा. सौरभ शर्मा, सीएम के मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, पूर्व अधिकारी बीर सिंह कालीरमण, विवेक दत्ता व अजय नाथ, जुगल किशोर को शॉल ओढाकर सम्मानित किया।

**विजय प्रताप ने लिया गुर्जर से आशीर्वाद:** युवा कांग्रेस नेता विजय प्रताप ने होली की बधाई दी। वहीं उन्होंने अपने धुर विरोधी और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के हाथ पकड़ कर मंच पर ले आए और अपने शब्दों से उन्हें सराबोर कर दिया। अप्रत्यक्ष रूप से विजय प्रताप ने वरिष्ठ नेता के नाते केंद्रीय मंत्री से जीत का आशीर्वाद भी ले लिया।

## पृथला के विकास में नहीं रहेगी कमी : कृष्णपाल



होली मिलन समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा जिला बार एसो. के प्रधान केपी तेवतिया और पूर्व चेयर मैन सुरेंद्र तेवतिया।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत में कोरोना महामारी का मुकाबला जिस खूबसूरती के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने किया है, पूरी दुनिया में उसकी जमकर प्रशंसा हो रही है और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तत्परता और दूरदृष्टी के कारण ही संभव हो पाया है।

गुर्जर ने कहा कि मोदी-मनोहर के नेतृत्व वाली सरकार फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र का समुचित विकास करने में जुटी है, बात चाहे लोगों की बिजली, पानी, सड़कें व गलियां पक्की करवाने जैसी मूलभूत सुविधाओं की हो, हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। गुर्जर रविवार को गांव

### भाजपा नेता सुरेंद्र तेवतिया के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में उमड़ा लोगों का जनसैलाब

मच्छगर में पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पृथला क्षेत्र के कोने-कोने से आए पंच-सरपंचों एवं मौजिज सरदारी को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला बार एसो. के प्रधान केपी तेवतिया, पार्षद कपिल डागर आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपने जन्मदिन के कार्यक्रम में पहुंचे डॉ. अजय चौटाला



सेक्टर-12 परेड ग्राउड में जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय चौटाला के जन्मदिन पर माला से स्वागत करते कार्यकर्ता।

फरीदाबाद। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का 61वां जन्मदिवस जिला फरीदाबाद के सेक्टर-12 परेड ग्राउंड में पलवल एवं फरीदाबाद जिले के कार्यकर्ताओं के साथ 125 पाउंड का केक काट और जनसभा कर धूमधाम से मनाया। इसके अलावा डॉक्टर अजय सिंह चौटाला के साथ आए राज्य मंत्री अनूप धानक, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, केसी बांगड़, चौधरी रणधीर सिंह, राजेंद्र लितानी, अंतराम तंवर, हर्ष कुमार, जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, जिला अध्यक्ष पलवल सुरेंद्र सौरोत ने जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव कृष्ण जाखड़, धर्मवीर तेवतिया, ठाकुर राजाराम, तेजपाल डागर, अरविंद भारद्वाज, श्याम सिंह, आशुतोष गर्ग, प्रेम धनकड, गोविंद कौशिक, जिला प्रवक्ता अनिल खुटेला, रिछपाल लांबा, हाजी करामत अली, सतीश फोगाट, उमेश भाटी, राजेश भाटिया सहित सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 125 पोंड का केक काट कर मनाया जन्मदिन



केक काट कर जन्मदिन मनाते जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अजय चौटाला और फरीदाबाद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया।

फरीदाबाद। जजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने डा. अजय सिंह चौटाला का जन्मदिन फरीदाबाद की पावन धरती पर 125 पोंड का केक काट कर हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया, हल्का पृथला मानिक मोहन शर्मा, रवि भाटिया, धीरज भाटिया संग हजारों जेजेपी कार्यकर्ताओं ने सूरजकुंड रोड स्थित डिलाइट गार्डन में डा. अजय चौटाला का स्वागत किया। उन्होंने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए है। उसी तर्ज पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण दिलवाकर युवा हितैषी होने का पुख्ता प्रमाण दिया है।

### कांग्रेस पार्टी ने चलाया डिजीटल सदस्यता अभियान



कांग्रेस कार्यालय में डिजिटल सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यता फार्म भरते कांग्रेस के पूर्व विधायक आनंद कौशिक, बलजीत कौशिक व अन्य कांग्रेसी।

फरीदाबाद। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा के दिशा निर्देश पर फरीदाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक आनंद कौशिक व उनके अनुज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक के नेतृत्व में सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें हजारों की तादाद में लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर आनंद कौशिक ने कहा कि अधिक से अधिक सदस्य बनाने के उद्देश्य से पार्टी ने डिजिटल सदस्यता शुरू करने का निर्णय लिया था। इस मौके पर महिला जिला अध्यक्ष सुनीता फागना, एडवोकेट विनोद कौशिक, गौरव ढींगरा, विकास फागना, मनीषा, पम्मी मान, लाड़ो देवी, राजू शर्मा, संजय बाल्मीकि, सोनू, राजेंद्र, रजिंद्र, गौरव वशिष्ठ, दानिश, अजय शर्मा, रामबीर, जयवीर, अमित, राजेश, महेश, धर्मेश, बबिता, सीमा, चरण सिंह, चिरंजी लाल, जयदत्त मौजूद थे।

### वार्ड-10 से पार्षद प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन



फरीदाबाद। एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा को अभी पिछले दिनों दो मार्च को हरियाणा का सर्वश्रेष्ठ विधायक चुना गया इसी को लेकर तीन पंडिजी एवं वार्ड-10 से पार्षद प्रत्याशी पंकज शर्मा द्वारा अपने प्रथम कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसमें विधायक नीरज शर्मा को एयर फोर्स रोड से बड़े जन-समूह के साथ डबुआ कालोनी तक लेकर जाया, जिसमें उनके साथ पंकज शर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर आरडब्ल्यू डबुआ कालोनी के श्रीनिवास, गुलिया, जितेन्द्र राठी, बलजीत राठी, अवेधश ओझा, गुरुद्वारा सिंह सभा डबुआ कालोनी के प्रधान सरदार बुटा सिंह, अनिल शर्मा, सुरेन्द्र अग्रवाल, गौरव जुनेजा, सैठी साहब, एंव धार्मिक एंव समाजिक सस्थाओं के पद अधिकारियों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया।

### शिविर में 60 यूनिट रक्त किया गया दान

फरीदाबाद। सेक्टर 21सी आरडब्ल्यूए और ठाकुर मगन दास फाउंडेशन का मिशन रक्तदान मुहिम में ब्लड कॉन्टेक्ट एंड एम्स दिल्ली के सहयोग से सेक्टर 21सी में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 60 यूनिट रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कैंप में विशेष यह रहा कि युवाओं ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अश्वनी त्रिखा की उपस्थिति रही। त्रिखा ने सेक्टर 21सी आरडब्ल्यूए टीम के सामाजिक कार्यों की सराहना की। आरडब्ल्यूए के संरक्षक राम अवतार वशिष्ठ, संरक्षक वीके शर्मा के संरक्षण में और प्रधान महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में उपप्रधान रुद्रदेव शर्मा, महासचिव संदीप नागपाल, वित्त सचिव गौरव सेठी, प्रशासनिक सचिव मांगेराम शर्मा, कार्यालय सचिव वीडी बंसल और प्रवक्ता अजय ऋषि तथा ठाकुर मगन दास फाउंडेशन से श्याम कालरा, शगन लाल, मनोज सचदेवा, अंकिता कालरा, जगदीश माखीजा, अशोक खुराना, चन्दर सचदेवा, ध्रुव, अश्वनी कौशिक, पलक खत्री, कीर्ति कालरा, केंप का प्रबंधन किया।

### राजस्थान एसोसिएशन ने मनाया रंगोत्सव

फरीदाबाद। डेलाइट गार्डन सूरजकुंड रोड पर राजस्थान एसोसिएशन की ओर से आयोजित रंगोत्सव कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। यहां राजस्थान से आए कलाकारों ने नृत्य व संगीत के माध्यम से समा बांध दिया। इंडियन आइडल के गायक हयात खान, एवं वाइस ऑफ इंडिया की मशहूर गायिका मुकुल सोनी एवम अन्य कलाकारों ने लोगों को लोक नृत्य एवं संगीत के माध्यम से झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, मुख्यमंत्री राजनीतिक सचिव अजय गौड़, विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने होली के कार्यक्रम में शुभकामनाएं दीं।

## यूक्रेन संकट
### सहमति का अभाव

**नाटो** और यूरोपीय संघ यूक्रेन को सदस्यता देने के प्रति स्पष्ट रूप से उत्साहित नहीं हैं। रूसी आक्रमण के कारण अत्यन्त गंभीर संकट में फंसे व्लादीमिर जेलेन्स्की यूक्रेन की संप्रभुता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अमेरिका ने भले ही अपने लगातार उकसावे के कारण व्लादीमिर पुतिन को हमले के लिए उकसाया हो, लेकिन इसके बाद रूस के खिलाफ आर्थिक और सामाजिक प्रतिबंध लगाए गए। वे नाटो नेतृत्व को इस बात पर प्रभावित करने के पक्ष में नहीं हैं कि यूक्रेन को सदस्य बनाया जाए। जेलेन्स्की ने अपनी निराशा छिपाई नहीं और कहा, 'काफी समय पहले मैं इस सवाल पर ज्यादा विचार करना बंद कर चुका हूं। हम समझ गए हैं कि नाटो यूक्रेन को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। गठबंधन विवादास्पद चीजों तथा रूस के साथ टकराव से डरता है।' इस कारण गठबंधन के अधिकांश पूरबी प्रतिनिधियों के सपने टूट गए हैं। उनकी निराशा का एक और कारण भी है। यूरोपीय संघ भी यूक्रेन की सदस्यता का मामला तेजी से आगे बढ़ाने का इच्छुक नहीं है। इस प्रकार वे औपचारिक रूप से अपने देश को इन दो समूहों में से किसी से जुड़ कर तत्काल राहत पाने की स्थिति में नहीं हैं। वे कम से कम यूरोप से सस्ते हथियारों व खाद्य सामग्री तथा यूक्रेनी शरणार्थियों को प्रवेश देने की उम्मीद कर सकते हैं। अब जेलेन्स्की को कम से कम गौर करना होगा कि रूस के आक्रमण के बाद अब स्वीडेन व फिनलैंड जैसे यूरोपीय देशों को नाटो में शामिल करने की प्रक्रिया कहां तक पहुंचती है। फिनलैंड के पास पूर्व सोवियत संघ की स्मृतियां हैं। उसकी 800 मील की सीमा रूस से सटी है और इससे उसकी संप्रभुता पर खतरा मंडरा रहा है। रूसी हमले के बाद उसने लंबे समय से जारी सैनिक तटस्थता की नीति



छोड़ी तथा यूक्रेन को सैनिक सहायता देनी शुरू की।

यूक्रेन की तरह वे नाटो के विस्तारित अवसर साझीदार हैं और उसका पूर्ण सदस्य बनना उनके लिए सबसे अच्छा होगा। हालांकि, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई न करने पर यूरोप यूक्रेन के प्रति ज्यादा उत्साहित नहीं है, पर फिनलैंड व स्वीडेन को स्थिर राजनीतिक व्यवस्थाओं वाली संवेदनशील अर्थव्यवस्थायें माना जाता है। इन तीन प्रशासनों को शामिल करने की प्रार्थना पर नाटो की प्रतिक्रिया से तय होगा कि यूरोप रूसी दबाव का सामना करने में आंशिक या पूर्ण रूप से कितना प्रभावी हो सकता है। जेलेन्स्की के लिए दुहरी मुसीबत यह है कि यूरोपीय नेताओं ने यूरोपीय संघ की सदस्यता जल्दी से यूक्रेन को देने के मामले पर उत्साह नहीं दिखाया है। हालांकि, यूरोपीय संघ एक स्वर से कहता है कि उसकी यूक्रेन से हमदर्दी है, पर फ्रांस, जर्मनी, स्पेन और नीदरलैंड के विरोध के कारण वह फौरन सदस्यता के मामले पर आगे नहीं बढ़ सकता है। इस्टोनिया, हंगरी, लाटविया, लिथुआनिया व पोलैंड ने यूरोपीय संघ में यूक्रेन के पक्ष में माहौल बनाया, पर इसका कोई नतीजा नहीं निकला। यूरोपीय संघ उसकी प्रार्थना पर 2008 से विचार कर रहा है, पर अब उसका तर्क है कि वह किसी 'युद्धरत देश को शामिल करने की प्रक्रिया नहीं खोल सकता है।' उनको चिन्ता है कि यदि भ्रष्टाचार के आरोप तथा संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था वाले यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल किया गया तो लोकतंत्र की कमी वाले पोलैंड व हंगरी तथा भ्रष्टाचार में लिप्त बुल्गारिया व रोमानिया की मांग तेज होगी। पहले बुल्गारिया व रोमानिया की सदस्यता के मामले में तेजी दिखाई गई, पर अब वह जल्दबाजी के पक्ष में नहीं है। इसी कारण उसने बाल्कन देशों–सर्बिया, कोसोवो, बोस्निया–हर्जेगोविना, मोंटेनीग्रो, अल्बानिया व उत्तर मैक्डोनिया की प्रार्थना लंबित रखी है। हालांकि, यूक्रेन के मामले में रूस की अस्थिरता ज्यादा महत्वपूर्ण रही है।

# मोदी का जादू और उत्तराखंड के मौन मतदाता

**उत्तराखंड में मतदाता मौन थे, पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास एजेंडे के पक्ष में मतदान कर राजनीतिक परिदृश्य बदल दिया है।**



**अन्नपूर्णा नौटियाल**
(लेखिका गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति हैं)



उत्तराखंड में चुनाव हमेशा गंभीर बहस, अनुमानों और आश्चर्यों का विषय रहे हैं। दो राष्ट्रीय पार्टियों के मुख्यमंत्री चेहरों, भाजपा के पुष्कर सिंह धामी तथा कांग्रेस के हरीश रावत की पराजय न केवल आश्चर्यजनक है, बल्कि इससे यह संकेत भी मिलता है कि इनके अति–विश्वास व कार्यशैली के बावजूद मतदाताओं ने इनको आमतौर से अस्वीकार कर दिया है। यदि इस चुनाव की तुलना चौथे विधानसभा चुनाव से की जाए तो अंतर स्पष्ट होगा कि पांचवां चुनाव भाजपा ने किसी अन्य चेहरे के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर लड़ा। जैसा कि इक्ज़िट पोलों ने अनुमान लगाया था, यह असाधारण विजय उनके कारण हुई है।

2017 का चुनाव उत्तराखंड के इतिहास में असामान्य था क्योंकि उस समय तक भाजपा या कांग्रेस बहुमत न प्राप्त कर पाने के कारण बिना अन्य पार्टियों के समर्थन के सरकार बनाने में विफल रही थीं। इसके साथ ही चौथे चुनाव के पहले भाजपा व कांग्रेस के बीच हमेशा जीत का अंतर 2 प्रतिशत से भी कम था। लेकिन इसमें भाजपा के मत प्रतिशत में भारी बढ़ोत्तरी हुई और वह 46.5 प्रतिशत तक पहुंच गई।

इसका अर्थ कांग्रेस पर स्पष्ट रूप से लाभ की स्थिति प्राप्त करना था जिसका मत प्रतिशत केवल 33.5 प्रतिशत था। मजेदार बात है कि 2012 में जब कांग्रेस केवल 33.79 प्रतिशत वोट प्राप्त कर केवल 32 सीटों पर कब्जा कर सकी थी तब उसने पीडीएफ की सहायता से सरकार बनाई थी।

2007 में भाजपा ने 29.59 प्रतिशत मत पाकर सरकार बनाई तथा कांग्रेस 26.91 प्रतिशत वोट पा कर पीछे छूट गई। इससे स्पष्ट है कि 2012 तक भाजपा या कांग्रेस को 2–3 प्रतिशत का अंतर सरकार बनाने योग्य स्थिति में ला देता था और इससे निर्दलीयों व अन्य छोटी क्षेत्रीय पार्टियों को लेनदेन का अवसर मिल जाता था। लेकिन चौथे चुनाव ने भाजपा को बड़ी संख्या में वोट दे कर यह अस्थायित्व समाप्त कर दिया। मतदाता खामोश थे, पर उन्होंने मोदी के विकास एजेंडे पर वोट दे कर राजनीतिक परिदृश्य बदल दिया जो 'सबका साथ, सबका विकास' से अभिव्यक्त होता था।

इस बार उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा की विजय ने स्पष्ट संकेत दिया कि मोदी का जादू गायब नहीं हुआ है और यह अब भी पूरे भारत में लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' तथा 'संकल्प से सिद्धि तक' मतदाताओं के लिए जादू की तरह रहे। ऐतिहासिक रूप से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सरकारें हर पांच साल में सत्ता–विरोधी लहर के कारण बदल जाती थीं। लेकिन 2022 में इन दोनों राज्यों में भाजपा सरकारों का पुन: सत्ता में आना अभूतपूर्व है। इससे संकेत मिलता है कि कोई सत्ता–विरोधी लहर नहीं थी, बल्कि सत्ता–समर्थक लहर थी। उत्तर प्रदेश में मोदी और योगी, दोनों के जादू ने मतदाताओं को आकर्षित किया। लेकिन इसके बावजूद पुष्कर सिंह धामी विजय पाने में विफल रहे। धामी अपनी योग्यता नहीं सिद्ध कर पाए क्योंकि उनको अभी हाल ही में मुख्यमंत्री बनाया गया था और उनका काफी समय और ऊर्जा वादों को कार्य में बदलने के बजाय विद्रोहियों को संतुष्ट करने में बरबाद हो गया। उत्तराखंड के पांचवें विधानसभा चुनाव में मतदाता मौन थे तथा कम वोट पड़े। चौथे विधानसभा चुनाव में मत प्रतिशत 65.56 था जो पांचवें चुनाव में गिर कर 62.5 प्रतिशत रह गया। चौथे विधानसभा चुनाव में महिलाओं का मत प्रतिशत 68.72 प्रतिशत था, पर पांचवें में यह गिर कर 67.2 रह गया। पुरुषों का मत प्रतिशत 2017 में 61.1 प्रतिशत था जो 2022 में थोड़ा बढ़ कर 62.6 प्रतिशत हो गया। लेकिन यह भी स्पष्ट है कि पहाड़ों में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाजपा को वोट दिए क्योंकि वहां अधिकांश सीटें भाजपा को मिलीं। केदारनाथ से भाजपा की शैला रानी रावत की विजय भी असाधारण थी क्योंकि अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने यह सीट जीती थी। मोदी के जादू के कारण पहाड़ों और मैदानों में भाजपा के अधिकांश उम्मीदवार दूसरी बार अपनी सीटें जीतने में सफल हुए। देहरादून और पौड़ी जिले में भाजपा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में विजय प्राप्त की।

इक्ज़िट पोलों का अनुमान था कि भाजपा और कांग्रेस की संख्या लगभग बराबर होने के कारण सरकार बनाने में निर्दलीयों की भूमिका होगी, लेकिन मतदाताओं की सोच ने उनको गलत सिद्ध कर दिया। कांग्रेस उम्मीदवार बड़े अंतर से हारे। उनकी पराजय ने न केवल उनकी महत्वाकांक्षा और कॅरियर, बल्कि कांग्रेस के भविष्य को भी समाप्त कर दिया। लेकिन उनकी बेटी अनुपमा रावत हरिद्वार की अपनी सीट जीतने में सफल रहीं। 2022 का मतदान पैटर्न इस तथ्य की ओर संकेत करता है कि भाजपा को भले ही बहुसंख्य वोट मिले हों, पर उसने अपनी नौ सीटें गंवा दीं। इससे पता चलता है कि मतदाता उम्मीदवारों से व्यक्तिगत रूप से नाराज थे। 57 सीटों का प्रचंड जनादेश मिलने के बावजूद भाजपा द्वारा स्थायित्व बनाए रखने में विफलता से कार्यकाल के मध्य में मुख्यमंत्री बदलने की संस्कृति पर सवाल उठते हैं। साढ़े चार साल के समय में तीन मुख्यमंत्री बदलने को मतदाताओं ने पसंद नहीं किया तथा भाजपा की विजय 57 सीटों से घट कर 48 सीटें रह गईं।

भाजपा में आंतरिक असंतोष, बेचैनी और सत्ता संघर्ष के कारण हरक सिंह रावत, यशपाल आर्य व अन्य नेताओं को कांग्रेस में शामिल होने पर मजबूर होना पड़ा। इसे भी मतदाताओं ने पसंद नहीं किया। चूंकि ये तथा अन्य नेता अक्सर अपनी निष्ठा बदलते रहे हैं, इसलिए मतदाताओं ने न केवल इनमें से कुछ नेताओं, बल्कि उनकी पैंतरेबाजी वाली रणनीति अस्वीकार कर दी। इस चुनाव में भाजपा ने गढ़वाल पहाड़ियों की लगभग सभी सीटों पर कब्जा कर लिया और कांग्रेस को केवल थोड़ी सी सीटें ही मिल सकीं। 1970 के दशक में उत्तराखंड बनने से जुड़े रहे उत्तराखंड क्रांति दल–यूकेडी अपना खाता भी नहीं खोल सका, बसपा को केवल एक सीट मिली तथा भाजपा विद्रोहियों समेत निर्दलीयों को 2 सीटें मिलीं। यमुनोत्री सीट भाजपा विद्रोही को मिली। चंदर राम दास जैसे भाजपा नेताओं ने बागेश्वर से चौथी बार विजय प्राप्त की। कांग्रेस में शामिल होने वाले भाजपा विद्रोही अपनी या अपने रिश्तेदारों की सीटें बचाए रखने में विफल रहे। इनमें लैंसडाउन सीट से विद्रोही नेता डा. हरक सिंह रावत की बहू अनुकृति गुसाईं भी शामिल हैं। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि कोई सत्ता–विरोधी लहर नहीं थी और जनता ने न केवल मोदी की प्रशासनिक शैली को पसंद किया, बल्कि मोदी के लिए वोट दिए।

यह राजनीतिक स्थायित्व तथा बिना किसी दबाव के विकास के वादे पूरे करने व कारगर कामकाज के लिए भी जनादेश था। हालांकि, बेरोजगारी, मूलभूत सुविधाओं, विस्थापन, घाटे की खेती जैसी समस्यायें अब भी बनी हुई हैं, पर चारधाम सड़क परियोजना, रेलवे परियोजनायें, केदारनाथ पुरी के विकास तथा आदर्श पहाड़ी राज्य बनाने के लिए उत्तराखंड के विकास का भविष्य निर्णायक भूमिका अदा करने वाले रहे। हालांकि, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुमत वाली सरकार के साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों के समग्र विकास का जनता का लंबे समय से देखा सपना जुड़ा है और यह पुनर्जीवित भी हुआ है।

लेकिन पुष्कर सिंह धामी की पराजय ने मुख्यमंत्री और दबाव की राजनीति का मुद्दा भी रेखांकित किया है। चुनौती यह है कि मोदी का विकास एजेंडा पूरा करने के लिए समयबद्ध तरीके से काम किया जाए। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या नई सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के सद्भावनापूर्ण विकास के लिए उत्तराखंड की कार्य संस्कृति बदलने में सफल होगी? क्या पहाड़ी क्षेत्रों के लिए कोई नीतिगत परिवर्तन होंगे? सक्रिय मंत्रियों व नौकरशाही के बिना मोदी को वोट देने वाले मौन बहुमत की इच्छायें पांच साल बाद फिर स्थिति उलट सकती हैं।

# मानव जीवन पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव

> जब व्यक्तिगत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों की कमी के कारण दैनिक जीवन अपने आप में संदेह का विषय है, तो तकनीकी साक्षरता को देखने की क्या आशा की जा सकती है

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने–माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



मानव जाति के रिकॉर्ड किए गए इतिहास में तकनीकी चमत्कारों और सफलताओं के कई संदर्भ हैं। वे भवन निर्माण, युद्ध के हथियारों और जल प्रवाह और अन्य क्षेत्रों से निपटने के रूप में आए हैं। इसका सबूत एंडीसेरियन, नदी घाटियों जैसे टाइग्रिस/यूफ्रेट्स या सिंधु/गंगा, चीन में यांग्त्ज़ी क्षेत्र और अन्य से उपलब्ध हैं। इंका सभ्यता हो, मिस्र के पिरामिड हों या भारतीय मंदिर, कई तकनीकी चमत्कार हैं। उनमें से कुछ अभी भी पूरी तरह से समझने और दोहराने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

इन सभी अनुभवों की अनूठी बात यह है कि इनमें से अधिकांश स्वयं की नकल नहीं कर सके। कोई निरंतरता नहीं थी, और यह अचानक टूट गया, उदाहरण के लिए, प्रायद्वीपीय भारत के मंदिर वास्तुकला की कुछ विशेषताओं को अभी भी पूरी तरह से समझाया जाना बाकी है। क्रेन के किसी भी मौजूदा सबूत के बिना पिरामिड कैसे आए, यह एक चमत्कार है। इन शक्तिशाली बौद्धिक परंपराओं का अंत कैसे हुआ, यह ज्ञात नहीं है। लेकिन अंत में आओ उन्होंने किया।

वर्तमान औद्योगिक क्रांति की अनूठी विशेषता केवल यह नहीं है कि इसका एक तकनीकी आधार है, बल्कि यह क्रांति निरंतर है और धीरे–धीरे अधिक क्षेत्रों में फैल गई है। यह न केवल निरंतर और निरंतर है, बल्कि प्रसार चौड़ा और गहरा होता जा रहा है। यही बात इस औद्योगिक क्रांति के तकनीकी आयाम को मानव इतिहास में एक अद्वितीय आयाम बनाती है। ऐसा कहने के बाद, वर्तमान तकनीकी क्रांति को और भी अच्छी तरह से समझने की जरूरत है। इसका अर्थ अक्सर तेज, विविध और निरंतर उन्नयन होता है। इसने एक पूरी नई तकनीकी विशेषज्ञता को जन्म दिया है।



एक विशेषज्ञता जिसकी न केवल संचालन के अंत में आवश्यकता होती है, जहां अधिक से अधिक लोगों को शामिल किया जाता है बल्कि अन्य स्तरों पर भी। अन्य स्तरों में प्रौद्योगिकी का लगभग निरंतर उन्नयन शामिल है। इसका मोबाइल फोन एक अच्छा उदाहरण है। कभी–कभी तकनीक एक नए चरम पर पहुंच जाती है और आदेश अधिक जटिल या सरल हो जाते हैं। कोई भी इसे जिस नजर से देखता है, वह बदलता रहता है। इसका सीधा सा मतलब है कि एक तकनीक लगभग हर जगह निरंतर आधार पर हर दिन जीवन को प्रभावित कर रही है।

इस प्रक्रिया को नजरअंदाज करना संभव नहीं है क्योंकि इसकी एक अभिव्यक्ति में भी, हम कहें कि डिजिटलाइजेशन – इसे लगभग सार्वभौमिक रूप से एक शासन साधन के रूप में अपनाया गया है। यह तकनीकी रूप से अशिक्षित व्यक्ति को न केवल बैकवाटर में, बल्कि जंगल में छोड़ देता है। व्यक्ति उन क्षेत्रों में कानून की धाराओं को आकर्षित कर सकता है जहां उनके पास अपनाने या अपग्रेड करने की क्षमता या अवसर नहीं हो सकता है। इसे संसाधनों तक पहुंच की आवश्यकता हो सकती है, एक उपकरण खरीदने के लिए जिसके लिए उसके पास क्षमता भी नहीं हो सकती है। जब व्यक्तिगत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों की कमी के कारण दैनिक जीवन अपने आप में संदेह का विषय है, तो तकनीकी साक्षरता को देखने की क्या आशा की जा सकती है, तकनीकी उन्नयन को तो छोड़ ही दें?

ऊपर उल्लिखित चिंताओं को महत्वपूर्ण नीतिगत सरोकारों के रूप में चिह्नित करने की आवश्यकता है, जिन्हें बड़े नागरिक समाज की बहस में शामिल करने की आवश्यकता है। अत्यधिक प्रशंसा और तकनीकी मजबूरियों का अवलोकन समाज में विभाजन पैदा कर सकता है जिसे अंतत: प्रतिक्रिया की आवश्यकता होगी। हालांकि, उनका अनुमान लगाना काफी बेहतर है। अन्य बातों के अलावा, उपरोक्त कथा का उद्देश्य नीतिगत पुनर्गठन और प्रगति के प्रोटोकॉल पर फिर से ध्यान केंद्रित करने की तत्काल आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करना है।

यह कोविड–19 महामारी के अनुभव के दौरान और अधिक स्पष्ट हो गया है। दक्षिण सूडान से लेकर सिंगापुर तक कई देश के मामले हैं जिन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए समझने की आवश्यकता है कि मानव जाति का विकासवादी विकास अधिक समान और प्रबंधनीय बना रहे। ऐसा करने का तरीका एक समग्र तकनीकी भविष्य की समग्र दृष्टि का निर्माण होगा।

## आप की बात

### गंगा किनारे कैंसर रोधी पौधे

**ग्राम** भारती विश्व विद्यालय प्रयागराजऔर बीएचयू वाराणसी के विज्ञानियों ने ऋषिकेश से संगम तक गंगा नदी के किनारे पर रहने वाले लोगो का अध्ययन कर पाया कि गंगा के किनारे रहने वाले लोगो मे पित्ताशय की थैली में पथरी से सम्बंधित कैंसर और मुख कैंसर जैसी भयानक बीमारियां पाई गई।गंगा के पानी मे भयानक हानिकारक तत्व और धातुयें पाई गई।भारत सरकार के बोर्ड ऑफ रिसर्च एंड न्यूक्लियर साइंसेज की तरफ से उपलब्ध धनराशि से यह शोध कार्य दोनो विश्वविद्यालयों द्वारा किया गया।इस शोध में यह भी पाया गया।गंगा के किनारे पाये जाने वाले पौधों के नियमित उपयोग से कैंसर जैसी भयानक बीमारी से बचा जा सकता है। इन विज्ञानियों ने गंगा के किनारे पाये जाने वाले पौधों से एक कैंसर रोधी दवा भी तैयार किया है। जिसे पेटेंट के लिये भेजा गया है। सबसे चिन्तनीय बात है। गंगा का जल अमृत है। लेकिन गंगा मैदान में आते ही नालों और औद्योगिक कचरों का प्रवाह, गर्मियों के मौसम में गंगा के किनारे की जाने वाली खेती जिसमे सब्जी की खेती में रासायनिक खादों, कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग किया जाता है। जो गंगा के किनारों के गांवो के भूगर्भ जल में मिलता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### धर्म-अनिष्ठा का कारण

**आज** युवा पीढ़ी से जब कभी भी धर्म हेतु कुछ भी पुछा या कहा जाता हैं उनकी प्रतिक्रिया और बात एक सी होती है, यथा वह धर्म को विवाद, फसादों से जोड़कर देखते हैं तथा अनुचित दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। दरअसल युवा पीढ़ी आज धर्म के मर्म से अनभिज्ञ हैं। कारणों की बात करें तो कई कारण सामने आते है लेकिन जो सबसे सटीक कारण उभरता है वह पुरानी पीढ़ी में अपने धर्म के प्रति अभिमान का आना है, जिसको देख युवाओं के मन में गलत धारणाएं विकसित होती है यानी आज युवा सिर्फ बड़ों के कारण ही अपने धर्म से दूर हो रहा हैं। संस्कृति को जानना है तो पहले धर्म को जानना होगा, माने जब तक इंसान धर्म का मर्म नहीं समझेगा संस्कृति क्या है वह समझने मे विफल होगा। संस्कृति से युवाओं को जोड़ने हेतु धर्म के मर्म से उन्हें परिचित करवाना आज की आवश्यकता है और इसके लिए जरूरत है कि बड़े अपने धर्म पर अभिमान ना कर सिर्फ मान करे, जब ऐसा होगा तब युवाओं के मन से ग़लत धारणाओं की समाप्ति होगी। भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने हेतु यह समझना जरूरी है। अत: धर्म इन्सानों का मान होना चाहिए अभिमान नहीं।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र, हरियाणा

### मातृभाषा को प्रोत्साहन

**भारत** वर्ष विश्व पटल पर तो अपनी पहचान अनवरत कायम करने में कतई पीछे नही है। भारत की संस्कृति, सभ्यता, धर्म, अध्यात्म व बोली भाषा , रहन सहन ,रीतिरिवाजों की परम्परा सब पहचान के व विशेषता भरे है। हिन्दी हमारी मातृभाषा है और हिन्दी की महत्ता को अनवरत बनाये रखने की पहल जबलपुर हाईकोर्ट के जज सा की और भी देश भक्ति देश प्रेम को दर्शाती है। मातृभाषा के प्रति प्रेम समर्पित भाव हर भारत वासी को गौरव महसुस कराता है। म.प्र हाईकोर्ट में अमूमन सभी फैसले अंग्रेजी में ही आते है। परंतु पिछले दिनों जस्टिस वीरेंद्र सिंह की कोर्ट में हिन्दी भाषा को लेकर उनके द्वारा की गई टीप से वकील अंचभित हो गए। दरअसल जस्टिस सिंह एक प्रकरण में हिन्दी मे फैसला लिखा रहे थे। तभी कुछ अधिवक्ताओं ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। और कहा कि वे खुश है कि आप हिन्दी मे आर्डर लिखा रहे। जज सा द्वारा कहा गया कि मुझे अच्छा लगेगा कि आप (अधिवक्ता) हिन्दी मे पैरवी करेंगे। बहुत ही कारगर व सकारात्मक पहल जज साहब की।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**कुछ** सीमा समझौतों के उल्लंघन के बाद चीन के साथ भारत के संबंध कठिन दौर से गुजर रहे हैं।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**विवादित** सीमा पर हमारे मतभेदों तथा संबंधों में हालिया समस्याओं से समग्र भारत–चीन संबंध प्रभावित नहीं होने चाहिए।

– **वांग यी**
चीनी विदेश मंत्री



**बजट** निरंतरता तथा टैक्स पूर्वानुमान वाली व्यवस्था के लिए है।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री

# देश में पिछले 676 दिन में दैनिक मामलों की सबसे कम संख्या

कोविड-19

**आंकड़ों के अनुसार, कुल संक्रमितों के मुकाबले उपचाराधीन मरीजों की संख्या 0.09 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर कोविड-19 से ठीक होने की दर में भी और सुधार हुआ है तथा यह 98.71 प्रतिशत तक पहुंच गई है**



भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** गत 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 3,116 नए मामले सामने आए, जो पिछले 676 दिनों में संक्रमण के सबसे कम दैनिक मामले हैं। इसके साथ ही देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,29,90,991 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 38,069 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, गत 24 घंटे के दौरान 47 और मरीजों की मौत होने से देश में कोविड-19 महामारी से जान गंवाने वालों की कुल संख्या 5,15,850 हो गई है।

आंकड़ों के अनुसार, कुल संक्रमितों के मुकाबले उपचाराधीन मरीजों की संख्या 0.09 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर कोविड-19 से ठीक होने की दर में भी और सुधार हुआ है तथा यह 98.71 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मंत्रालय ने बताया कि गत 24 घंटे के दौरान उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 2,490 की कमी आई है।आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 0.41 प्रतिशत है, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 0.50 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि अब तक 4,24,37,072 मरीज ठीक हो चुके हैं जबकि मृत्युदर 1.20 प्रतिशत है। इस बीच, देश में अब तक कोविड-19 टीके की 180.13 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए थे।

मंत्रालय ने बताया कि रविवार को जिन 47 लोगों की मौत कोविड-19 की वजह से हुई, उनमें 31 लोगों की मौत केरल में हुई है। इस महामारी से अब तक कुल 5,15,850 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से महाराष्ट्र में 1,43,752, केरल में 66,793, कर्नाटक में 40,018, तमिलनाडु में 38,023, दिल्ली में 26,141, उत्तर प्रदेश में 23,491 और पश्चिम बंगाल में 21,186 लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## कोलकाता पुस्तक मेले में चोरी के आरोप में अभिनेत्री रूपा दत्ता गिरफ्तार

**कोलकाता।** अभिनेत्री रूपा दत्ता को कोलकाता पुस्तक मेले के आयोजन स्थल पर ध्यान भटकाकर चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बिधान नगर उत्तर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि कई टीवी सीरियल में अभिनय कर चुकीं दत्ता को शनिवार को एक पुलिसकर्मी द्वारा पर्स को कूड़ेदान में फेंकते हुए देखे जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी के मुताबिक, दत्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और उनके बयानों में कई विरोधाभास मिले। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान अभिनेत्री के पर्स से कई बटुए और 75 हजार रुपए नकद बरामद किए गए।अधिकारी ने कहा, दत्ता को केपमारी (ध्यान भटकाकर चोरी करना) के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और इस बात का पता लगाने के लिए जांच जारी है कि अपराध में और लोग तो शामिल नहीं थे। दत्ता इससे पहले फिल्मकार अनुराग कश्यप पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप लगाने को लेकर विवादों में रह चुकी हैं।



## केजरीवाल, मान ने स्वर्ण मंदिर में माथा टेका

**अमृतसर।** आम आदमी पार्टी (आप) को पंजाब विधानसभा चुनाव में मिली भारी सफलता के जश्न में पार्टी द्वारा राज्य में रोड शो निकाले जाने से पहले मुख्य संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा राज्य के मुख्यमंत्री नामित भगवंत मान ने रविवार को यहां स्वर्ण मंदिर में माथा टेका। पार्टी के मुख्य संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली से यहां पहुंचने पर सीधे स्वर्ण मंदिर गए। इससे पहले मान ने हवाई अड्डे पर केजरीवाल, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का स्वागत किया। इस दौरान पार्टी नेता राघव चड्ढा भी मौजूद थे। केजरीवाल और मान दुर्गयाना मंदिर और श्री राम तीरथ मंदिर में भी पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद वे पार्टी को भारी मतों से जिताने के लिए जनता का आभार व्यक्त करने के वास्ते यहां रोड शो निकालेंगे।

## छोटे विमानों-हेलीकॉप्टरों के जरिए दूरस्थ क्षेत्रों तक हवाई सेवाएं पहुंचाएंगे : सिंधिया

भाषा। इंदौर मध्यप्रदेश

**केंद्रीय नागर** विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को कहा कि छोटे विमानों और हेलीकॉप्टरों के जरिए क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए उनका विभाग नीति बना रहा है ताकि हवाई सेवाओं को दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचाया जा सके। सिंधिया, विमानन कंपनी फ्लाई बिग की इंदौर-गोंदिया-हैदराबाद उड़ान के इंदौर में आयोजित उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। यह गोंदिया हवाई अड्डे से नियमित रूप से संचालित होने वाली पहली वाणिज्यिक यात्री उड़ान है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि हमारी उड़ान योजना के तहत क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़े और हवाई सेवाओं को दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचाया जाए। इसके लिए छोटे विमानों और हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल की नीति बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ महीनों में इंदौर हवाई मार्ग से देश के 21 शहरों से जुड़ चुका है और स्थानीय हवाई अड्डे से उड़ानों की साप्ताहिक आवा-जाही का आंकड़ा 308 से बढ़कर 445 पर पहुंच चुका है। सिंधिया ने कहा कि इंदौर में मध्यप्रदेश के इकलौते अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई की सीधी उड़ान पहले ही शुरू की जा चुकी है और शारजाह के लिए सीधी उड़ान शुरू किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंस से शामिल हुए। चौहान की पत्नी साधना सिंह का मायका महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में है। मुख्यमंत्री ने मजाकिया लहजे में मराठी में कहा, इंदौर-गोंदिया-हैदराबाद उड़ान कुछ खास है क्योंकि मैं गोंदिया का जमाई हूं।

## गोवा कांग्रेस ने अब तक अपने विधायक दल के नेता पर फैसला नहीं किया

**पणजी।** गोवा में कांग्रेस ने राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के तीन दिन बाद भी अपने विधायक दल के नेता पर फैसला नहीं किया है।सूत्रों के मुताबिक, 40 सदस्ईय विधानसभा में बहुमत के आंकड़े (21 सीट) तक पहुंचने में विफल रहने के बाद गोवा कांग्रेस इकाई ने कोई बैठक नहीं की है। कांग्रेस को 11 सीटें मिलीं, उसकी सहयोगी गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) ने एक सीट हासिल की, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 20 सीटें मिलीं। इससे पहले, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा था कि कांग्रेस-जीएफपी गठबंधन चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद अपने नेता का नाम तय करेगा।हालांकि, रविवार को बात करते हुए कांग्रेस के एक नेता ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर कहा, हमें मतगणना के बाद बैठक के लिए अब तक कोई निमंत्रण नहीं मिला है। निर्वाचित कांग्रेस विधायक माइकल लोबो ने कहा कि विधायक दल के नेता पर निर्णय सही समय पर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री के लिए विश्वास मत को लेकर सत्र बुलाए जाने पर कांग्रेस को अपने नेता के बारे में सदन को सूचित करना होगा। गोवा कांग्रेस प्रमुख गिरीश चोडनकर इस पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे, जबकि पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि निर्वाचित सदस्य अपने नेता के तौर पर दिगंबर कामत और माइकल लोबो के बीच बंटे हुए हैं।लोबो ने नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए लामबंदी से इनकार किया। उन्होंने कहा, मैं किसी पद के लिए लामबंदी नहीं कर रहा हूं। अगर पार्टी आलाकमान मुझे जिम्मेदारी देता है तो मैं इसे स्वीकार करने के लिए तैयार हूं। पूर्व मुख्यमंत्री कामत मडगांव विधानसभा क्षेत्र से चुने गए हैं, जबकि लोबो कलंगुट सीट से जीते हैं। भाजपा सरकार में पूर्व मंत्री रहे लोबो ने इस साल जनवरी में पार्टी छोड़ दी और कांग्रेस में शामिल हो गए।

# अदालत से राहत नहीं, होटल मालिक ने आत्मसमर्पण किया

भाषा। कोच्चि

**केरल में** पॉक्सो मामले में आरोपी एक होटल व्यवसाई ने रविवार सुबह पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उसने उच्चतम न्यायालय और केरल उच्च न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी से राहत देने की अर्जी ठुकराए जाने के बाद यह कदम उठाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कोच्चि स्थित होटल-18 के मालिक रॉय जे वायलत ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद रविवार को कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया।वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता सीके सुरेश ने वायलत के आत्मसमर्पण करने की पुष्टि की। इससे पहले, केरल उच्च न्यायालय ने आठ मार्च को वायलत और उसके दोस्त सिजू एम थंकाचन को राहत देने से इनकार कर दिया था। अदालत ने कहा था कि दोनों उनके खिलाफ लगे आरोपों की प्रकृति को देखते हुए अग्रिम जमानत के हकदार नहीं हैं।हालांकि, उच्च न्यायालय ने मामले में एक अन्य आरोपी अंजलि वडक्केपुरक्कल को इस कारण से अग्रिम जमानत दे दी कि वह एक महिला है और उसकी उम्र सिर्फ 24 साल है। तीनों आरोपियों ने दावा किया था कि नाबालिग की मां द्वारा उनके खिलाफ छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराना उन्हें ब्लैकमेल करने का प्रयास था। वहीं, शिकायतकर्ता मां ने अदालत को बताया था कि उसे, उसकी बेटी और दो अन्य महिलाओं को एक व्यापारिक बैठक के बहाने से कोच्चि बुलाया गया था।लेकिन आरोपी का मकसद उन्हें दो सह-आरोपी पुरुषों के पास ले जाना था। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा था, प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि शिकायतकर्ता मां, उसकी नाबालिग बेटी और दो अन्य महिलाओं को बहाने से कोच्चि लाया गया था।

## बीआरओ के डीजी ने अरुणाचल प्रदेश में बुनियादी परियोजनाओं का निरीक्षण किया

● अरुणाचल प्रदेश तिब्बत-चीन के साथ 1,126 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है

**ईटानगर।** सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने अरुणाचल प्रदेश के कुरुंग कुमे जिले का दौरा किया और हुरी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास अरुणांक परियोजना के तहत किए जा रहे सड़क और पुल निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2008 में शुरू की गई अरुणांक परियोजना के तहत, अरुणाचल प्रदेश और असम में बीआरओ द्वारा सड़कों का निर्माण और रखरखाव किया जा रहा है।चौधरी ने शनिवार को अपने दौरे के दौरान जिले के दामिन इलाके में कुछ स्थानीय लोगों के अलावा बीआरओ, सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों तथा अधिकारियों के साथ बातचीत की। अरुणांक परियोजना के मुख्य अभियंता ब्रिगेडियर ए एस कंवर ने कहा कि स्थानीय आबादी और गांव के बुजुर्गों ने सड़क निर्माण कार्य पर खुशी व्यक्त की। निर्माण कार्य एक बार पूरा हो जाने पर हुरी देश के बाकी हिस्सों से जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क संपर्क स्थानीय लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार करेगा। अरुणाचल प्रदेश तिब्बत-चीन के साथ 1,126 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।

## शरद पवार पर टिप्पणी को लेकर नितेश राणे के खिलाफ प्राथमिकी

भाषा। मुंबई

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार के खिलाफ टिप्पणी करने के आरोप में मुंबई पुलिस ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के विधायक नितेश राणे और उनके भाई नीलेश राणे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि राकांपा पदाधिकारी श्रीनिवास की एक शिकायत के आधार पर आजाद मैदान पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), 499 (मानहानि), 153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना) सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी के मुताबिक, श्रीनिवास ने पुलिस को कुछ वीडियो क्लिप सौंपे थे, जिनमें केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे कथित तौर पर विवादित टिप्पणी करते नजर आ रहे थे। उन्होंने बताया कि अपनी शिकायत में श्रीनिवास ने इस बात का जिक्र किया है कि नितेश राणे ने पिछले बुधवार को पत्रकारों से पूछा कि पवार ने महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब



मलिक का इस्तीफा क्यों नहीं लिया, जबकि उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है।शिकायतकर्ता के अनुसार, भाजपा विधायक ने आरोप लगाया था कि पवार फरार गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भी सहायक हो सकते हैं। उ्होंने कहा कि उसी दिन पूर्व सांसद नीलेश राणे ने भी कथित तौर पर ट्विटर पर इसी तरह की टिप्पणी की थी। इस बीच, नितेश राणे ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा, अगर कोई अपराध दर्ज किया गया है तो हम पुलिस को बताएंगे कि हमने क्या किया है। हमने जो कहा, उसमें गलत क्या है? हमने हिंदुत्व का साथ दिया। राणे ने कहा, हमने दंगा भड़काने की कोशिश नहीं की है। अगर हिंदुत्व का साथ देना गलत है तो हम 100 बार ऐसी गलती करेंगे। उन्होंने कहा कि पवार ने आरोप लगाया था कि मलिक को दाऊद इब्राहिम से जोड़ा जा रहा है, क्योंकि अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुस्लिम समुदाय से आते हैं। राणे ने कहा, इस पर मैंने बाद में यही सवाल किया कि क्या इसलिए महाराष्ट्र के मंत्री अनिल देशमुख को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, क्योंकि वह एक हिंदू हैं? हमने सिर्फ पवार साहब द्वारा उठाए गए मुद्दे का जवाब देने की कोशिश की। यहां दंगे भड़काने का सवाल ही कहां है?

भाजपा विधायक के मुताबिक, उनका यह भी मत है कि देश में हिंदू-मुस्लिम दंगे नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा, लेकिन हम हिंदुत्ववादी होने के नाते हिंदुओं को अन्याय का सामना नहीं करने देंगे।

## क्विक न्यूज

### पालघर में दो नाबालिग बहनों से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में 45 साल के एक व्यक्ति को वर्ष 2019 से लगातार अपनी दो नाबालिग बेटियों के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बोइसर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि पीड़ित बच्चियों की उम्र क्रमशः छह और 12 साल है और उन्होंने पुलिस को बताया कि जब भी वे इस घटना की जानकारी देने की कोशिश करती तो पिता उन्हें ऐसा करने से रोकता था और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देता था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने लड़कियों से कथित तौर पर अलग-अलग मौके पर दुष्कर्म किया, जब उनमें से कोई एक वहां नही होती थी। पुलिस ने बताया कि यह सिलसिला वर्ष 2019 से ही बच्चियों की मां की मौत के बाद से चल रहा था। पुलिस को पीड़िताओं ने बताया कि उनकी बड़ी बहन की शादी हो गई है और वह कही और रहती है।

उन्होंने बताया कि पहले लड़कियां घटना की जानकारी देने से बच रही थी, लेकिन बाद में उन्होंने आदिवासियों के उत्थान के लिए कार्य करने वाले गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) श्रमजीवी संगठन से संपर्क किया। घटना की जानकारी मिलने पर एनजीओ के सदस्य दोनों बच्चियों को जिले के पुलिस अधीक्षक दत्तात्रेय शिंदे के पास लेकर गए, जहां पर शिंदे ने स्थानीय पुलिस को कार्वाई करने का निर्देश दिया।

### ठाणे में कपड़ा कंपनी के एक गोदाम में आग लगी

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** जिले में स्थित कपड़ा बनाने वाली एक कंपनी के गोदाम में रविवार की सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। ठाणे महानगरपालिका के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि भिवंडी कस्बे के सोनाले गांव में स्थित गोदाम में सुबह करीब 11 बजे आग लगी। उन्होंने कहा कि दो दमकल गाड़ियों और पानी के टैंकर को मौके पर भेजा गया था। उन्होंने बताया कि करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।सावंत ने बताया कि घटना में कोई हताहत नही हुआ है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नही चला है।

### कार पेड़ से टकराई, तीन लोगों की मौत, दो घायल

**अनूपपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में रविवार को एक कार के पेड़ से टकरा जाने से इसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। राजेन्द्र ग्राम पुलिस थाना प्रभारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे राजेन्द्र ग्राम के पास करौंदी तिराहे पर हुई। उन्होने कहा कि पेड़ से टकराने के बाद कार के दो टुकड़े हो गए, जिससे इसमें सवार वर्षा श्रीवास्तव (19), सुबोध श्रीवास्तव (24) एवं मनु सिंह (20) की मौके पर मौत हो गई। पाल ने बताया कि इस हादसे मे दो लोग सौरभ शर्मा (22) एवं दिव्यांशु श्रीवास्तव (22) घायल हो गए, जिन्हे स्वास्थ्य केंद्र, राजेन्द्र ग्राम में भर्ती कराया गया है। दोनो घायल आगे की सीट पर बैठे थे और हादसे के समय कार का एयर बैग खुलने से दोनों की जान बच गई। उन्होने बताया कि हादसे के वक्त ए लोग सौरभ शर्मा की नई कार मे सवार होकर अनूपपुर से अमरकंटक नर्मदा दर्शन के लिए जा रहे थे।

### आईआईटी मद्रास ने उच्च रिजॉल्यूशन की अल्ट्रासाउंड छवि देने वाली नई तकनीक विकसित की

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास के अनुसंधानकर्ताओ ने एक नई तकनीक विकसित की है जो पुनर्निर्मित अल्ट्रासाउंड छवि के माध्यम से एक स्पष्ट और उच्च गुणवत्ता वाला दृश्य उपलब्ध करा सकता है। इस अनुसंधान से बीमारियो के बेहतर निदान, सूक्ष्म विसंगतियो का पता लगाने और बेहतर सटीक छवि-निर्देशित बायोप्सी प्रक्रियाओ तथा उपचार निगरानी उपकरणो को मदद मिल सकती है। मानव शरीर के अंदर उसी समय की छवियों के लिए अल्ट्रासाउंड इमेजिंग तकनीक का उपयोग किया जाता है। तकनीक का व्यापक रूप से अंदरूनी अंगो मे दर्द, सूजन और संक्रमण के कारण का पता लगाने तथा गर्भवती महिलाओ मे भ्रूण की जांच करने के लिए उपयोग किया जाता है। अल्ट्रासाउंड मशीन का मुख्य घटक एक बीमफॉर्मर होता है, जो अंतिम पुनर्निर्मित छवि की गुणवत्ता मे एक प्रमुख भूमिका निभाता है। वर्षो से बीमफॉर्मर को बदलकर पुनर्निर्मित छवि की गुणवत्ता मे सुधार करने के लिए कई तकनीक की पहचान की गई है। टीम ने एक नई बीमफॉर्मिंग तकनीक विकसित करने का दावा किया है, जो अन्य मौजूदा तकनीक से बेहतर प्रदर्शन करता है और सर्वोत्तम रिजॉल्यूशन वाली छवि उत्पन्न करता है। टीम के अनुसंधान के निष्कर्ष पत्रिका साइंटिफिक रिपोर्ट्स मे प्रकाशित हुए है। एप्लाइड मैकेनिक्स विभाग, आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर अरुण के थिट्टाई ने पीटीआई-भाषा को बताया, यह अनुसंधान संभावित रूप से कई अनुप्रयोगो को सहायता प्रदान कर सकता है। रोगो का जल्द पता लगाना और उनके बेहतर निदान, गुर्दे की पथरी जैसी मानव शरीर के भीतर छोटी असामान्यताओ का पता लगाना, बेहतर वास्तविक समय की छवि-निर्देशित बायोप्सी प्रक्रियाएं और उपचार निगरानी अनुप्रयोग मे मदद मिलेगी। डिले एंड सम (डीएएस) बीमफॉर्मर हार्डवेयर की सुगमता के कारण वाणिज्यिक प्रणालियो मे सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली अल्ट्रासाउंड इमेजिंग तकनीक है। हालांकि, इसमे कम रिजॉल्यूशन होता है। आईआईटी मद्रास के एक रिसर्च स्कॉलर अनुदीप वाययती ने कहा, हमने फिल्टर्ड डिले संबंधी एक नई तकनीक विकसित की है जो मौजूदा तकनीको की तुलना मे उच्च गुणवत्ता वाली छवियां प्रदान करेगा।

### पासपोर्ट के सत्यापन के लिए नागरिकों को पुलिस थाने जाने की आवश्यकता नहीं: मुंबई पुलिस प्रमुख

**मुंबई।** मुंबई के पुलिस आयुक्त संजय पांडे ने कहा है कि पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया के लिए यहां के किसी भी नागरिक को पहले की तरह पुलिस थाने नही बुलाया जाएगा। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पांडे के नए आदेश के बाद, अब एक कांस्टेबल प्रक्रिया पूरी करने के लिए पासपोर्ट आवेदक द्वारा बताए गए पते पर जाएगा। अधिकारी ने कहा कि कोई विसंगति होने पर आवेदक को पुलिस थाने मे बुलाया जा सकता है। पांडे ने शनिवार को ट्वीट किया, हमने तय किया है कि दस्तावेजो के अधूरे होने जैसे असाधारण मामलो को छोड़कर (पासपोर्ट सत्यापन के लिए) किसी भी नागरिक को मुंबई के पुलिस थाने मे नही बुलाया जाएगा। अगर इसका पालन नही किया जाता, तो इसकी जानकारी दें।

### बिहार के मंत्री मुकेश सहनी ने विधानपरिषद चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की

**पटना।** बिहार सरकार मे मंत्री मुकेश सहनी ने विधान परिषद की 24 सीटो के चुनाव के लिए रविवार को अपनी विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवारो की घोषणा की जिससे सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ उनके टकराव की आहट सुनाई देने लगी है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने 12 सीटो के लिए जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यू) 11 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए है। इन दोनो दलो ने केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के लिए एक सीट छोड़ी है। सहनी ने सात सीटो पर वीआईपी के उम्मीदवारो को खड़ा करने और 15 अन्य सीटो पर राजग के प्रत्याशियो को समर्थन देने की घोषणा की है। दिलचस्प बात यह है कि वीआईपी जिन सात सीटो पर चुनाव लड़ना चाहती है उन पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतारे है।

# विपक्ष में मोदी को टक्कर देने वाला कोई नहीं: गुप्ता

साक्षात्कार

भाषा। नई दिल्ली



**पांच राज्यों** के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार राज्यों की सत्ता में वापस की और आम आदमी पार्टी को पहली बार दिल्ली के बाहर किसी राज्य में प्रचंड बहुमत मिला। इन चुनावों में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की जमीन और दरक गई तथा समाजवादी पार्टी पहले से मजबूत होकर उभरी। ऐसे में देश की भावी राजनीति की दशा और दिशा क्या शक्ल लेगी और क्या विपक्षी दल एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने कोई कड़ी चुनौती पेश कर पाएंगे, इन्हीं सब मुद्दों पर जानेमाने चुनाव विश्लेषक और एक्सिस माय इंडिया के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक प्रदीप गुप्ता से पांच सवाल और उनके जवाब:

### सवाल: पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे का कैसे विश्लेषण करेंगे आप?

●**जवाब:** चुनाव में चार चीजें होती हैं। दावे, वादे, मुद्दे और इरादे। निवर्तमान सरकार अपने कामकाज को लेकर दावे करती है तो विपक्षी दल वादे करते हैं कि हम आएंगे तो यह सब काम करेंगे। हर चुनाव के दौरान जमीन पर आम जनमानस के भी कुछ मुद्दे होते हैं। जैसे इस चुनाव के अंदर बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के आंदोलन से संबंधित मुद्दे थे। कुछ स्थानीय मुद्दे भी थे। चौथी चीज है इरादे। जनता की आने वाली हर सरकार से अपनी आशाएं व अपेक्षाएं होती हैं और वह सोचती है कि कौन सी सरकार उसकी अपेक्षाओं को पूरा करने में सक्षम है। चुनाव में ताल ठोक रहे दलों के ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर जनता उन्हें स्वीकार करने या खारिज करने को लेकर अपना मन बनाती है। आज की तारीख में भाजपा सरकार की विश्वसनीयता का ग्राफ और उसका दायरा बहुत बड़ा हो गया है। उसने अपने प्रदर्शन और जमीनी स्तर पर योजनाओं को उतारकर यह मुकाम हासिल किया है। आज का मतदाता नेताओं से जवाबदेही चाहता है। वह परखता है कि उसकी उम्मीदों पर कौन सी पार्टी खरी उतरेगी। इसी के आधार पर वह अपना चयन करता है कि किसको सरकार बनाने का अवसर दिया जाए। इन नतीजों से जनता का रूख स्पष्ट होता है।

### सवाल: तो क्या इन चुनावों में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों से जुड़े सवाल कोई मुद्दा नहीं थे और इनका कोई असर नहीं हुआ?

●**जवाब:** ऐसा नहीं है। बेरोजगारी, महंगाई, किसान आंदोलन और प्रशासनिक विफलताएं कम से कम उत्तर प्रदेश में तो मुद्दा थीं। इनकी वजह से भाजपा बैकफुट पर भी थी। यह मुद्दे बिलकुल जमीन पर थे। पर सवाल आता है कि क्या यह सौ प्रतिशत जनमानस को प्रभावित करते हैं? महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा व्यापक स्तर पर असर डालता है। भाजपा को गठबंधन के साथ उत्तर प्रदेश में 46 प्रतिशत मत मिले यानी उसके विरोध में 54 प्रतिशत वोट गए। इसका मतलब है कि यह मुद्दे थे। लेकिन सवाल है यह कितना असर डाल रहे हैं। जब मतदाता बटन दबाता है तो वह देखता है कि उसकी समस्याओं का समाधान कौन करेगा। यहां विश्वसनीयता की बात आती है। उत्तर प्रदेश में यह विश्वसनीयता भाजपा के पक्ष में गई।

### सवाल: राष्ट्रीय फलक पर इन चुनावों क्या असर देखते हैं आप?

●**जवाब:** जब इतना बड़ा जनादेश मिलता है और चार राज्यों की सत्ता में वापसी हो रही हो तो निश्चित तौर पर यह असर करता है। यदि आपको लोकसभा का चुनाव जीतना है तो देश के 75 प्रतिशत भू-भाग में अच्छा प्रदर्शन करना पड़ेगा। तभी किसी पार्टी की जीत हो पाना संभव है। अन्यथा जनादेश किसी एक पार्टी के पक्ष में नहीं होगा। भाजपा विश्वसनीयता और 75 प्रतिशत भू-भाग तक पहुंच के मामले में अभी तो बहुत ऊपर दिखाई दे रही है। दूसरी तरफ विपक्ष बिखरा हुआ है और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का प्रदर्शन तो इतने निम्न स्तर पर आ चुका है कि उससे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है।

### सवाल: आपके लिहाज से कांग्रेस को वापसी करने के लिए क्या करना चाहिए?

●**जवाब:** आज की तारीख में कांग्रेस की जो स्थिति है, उसमें ऊपर से नीचे तक बदलाव और परिवर्तन की जरूरत है। यानी उसमें आमूलचूल परिवर्तन की जरूरत है। जनता की विश्वसनीयता हासिल करने के लिए उसे नए सिरे से खुद को पेश करना होगा।

### सवाल: 2024 के लोकसभा चुनाव के हिसाब से क्या स्थिति उभरती देख रहे हैं आप, अगर विपक्ष एकजुट होता है तो?

●**जवाब:** आज 16 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकारें हैं। चार राज्यों में कांग्रेस या कांग्रेस समर्थित सरकारें हैं। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार हो गई। इसके बाद जैसे ही अन्य राज्यों का हम रुख करेंगे, वहां तमाम राजनीतिक क्षत्रपों का कब्जा है। यह वास्तविक स्थिति है। विपक्ष के साथ दिक्कत यह है कि उसके नेता एकजुट हो भी जाएं तो क्या वह भाजपा को कोई चुनौती दे पाएं? ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, शरद पवार, नवीन पटनायक, एमके स्टालिन और वामपंथी दल अपने-अपने प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में तो बहुत माद्दा रखते हैं और वह अपने-अपने इलाकों में आज राजा हैं। लेकिन सवाल है कि महाराजा कौन होगा? राजा तो बहुत सारे हैं, महाराजा तो कोई एक ही हो सकता है। और क्या वह महाराजा प्रधानमंत्री मोदी के कद के समक्ष ठहर पाएगा? आज की तारीख में इस सवाल का जवाब ना है। हालांकि समय बहुत बलवान होता है और परिस्थितियां सब सिखा देती हैं। दो साल बाद क्या होगा, इसके लिए तो हमें इंतजार करना पड़ेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 14 मार्च, 2022



# मुझे सहआरोपी बनाने की तरह सवाल पूछे गए: फडणवीस

**भाषा।** मुंबई



ठाणे में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस पर फोन टैपिंग केस व दस्तावेज लीक होने के मामले में भाजपा कार्यकर्ता का उग्र प्रदर्शन।

**वरिष्ठ भाजपा नेता** देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को दावा किया कि उनसे ऐसे सवाल पूछे गए जैसे कि उन्हें इस मामले में सहआरोपी बनाया जाना हो। कथित अवैध फोन टैपिंग और गोपनीय दस्तावेजों के लीक होने के मामले में मुंबई पुलिस ने फडणवीस का बयान दर्ज किया था। इसके पहले दिन में महाराष्ट्र के गृहमंत्री दिलिप वल्से पाटिल ने संवाददाताओं से कहा कि फडणवीस को पुलिस का नोटिस उन्हें एक आरोपी के रूप में नहीं दिया गया। यह भी कहा कि सरकार किसी के भी खिलाफ प्रतिशोध के तहत कार्रवाई नहीं कर रही है। बीकेसी साइबर पुलिस ने दक्षित मुंबई स्थित फडणवीस के घर पहुंचकर करीब दो घंटे तक पूछताछ की और उनका बयान रिकॉर्ड किया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से कहा कि महा विकास अघाडी (एमवीए) सरकार अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकेगी, चाहे वह उन्हें इस मामले में फंसाने की कितनी भी कोशिश क्यों न कर ले।

फडणवीस ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मामलों के सचिव के समक्ष एमवीए की निगरानी में अधिकारियों के स्थानांतरण में घोटाले का मुद्दा उठाया था, लेकिन उन्होंने किसी भी विवरण को सार्वजनिक रूप से लीक करने से इनकार किया। फडणवीस ने आरोप लगाया कि उन पर दबाव डाला जा रहा है, क्योंकि वह राज्य के मंत्री नवाब मलिक और भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के बीच कथित संबंध होने और एमवीए द्वारा विरोधियों को निशाना बनाने की साजिश के मुद्दों को उठा रहे हैं। उन्होंने एमवीए सरकार पर अधिकारियों के तबादलों के कथित बड़े घोटाले को छह महीने तक दबाने का आरोप लगाया, जब तक कि वह इसे प्रकाश में नहीं लाए। फडणवीस ने दावा किया कि अगर उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया होता तो करोड़ों रुपए का बड़ा घोटाला दबा दिया जाता।

उन्होंने कहा कि बीकेसी साइबर पुलिस ने पहले उन्हें कथित फोन टैपिंग और गोपनीय दस्तावेजों के लीक होने के मामले में एक प्रश्नावली भेजी थी जिस पर उन्होंने जवाब देने की बात कही थी। फडणवीस ने कहा, मुझे पहले भेजी गई प्रश्नावली और आज पूछे गए प्रश्नों में बहुत अंतर है। आज पूछे गए प्रश्न ऐसे थे जैसे मैंने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन किया है, मुझसे ऐसे सवाल पूछे गए जैसे कि मुझे एक आरोपी या सह-आरोपी बनाना है।

इससे पहले दिन में, महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वल्से पाटिल ने कहा कि फडणवीस को पांच से छह बार नोटिस जारी कर उनसे अपना बयान दर्ज करने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा कि रोने और चीखने की जरूरत नहीं है, नोटिस का मतलब समन नहीं होता और नोटिस उन्हें एक आरोपी के रूप में नहीं भेजा गया था। मंत्री ने कहा कि मामला करीब एक साल पुराना है और फडणवीस के बयान के अभाव में मामले की जांच पूरी नहीं हो सकी। मंत्री ने कहा कि पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और अब तक 24 लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला पर उस समय राजनीतिक नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के अवैध रूप से फोन टैप करने का आरोप है, जब वह राज्य खुफिया विभाग (एसआईडी) की प्रमुख थीं।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने पुलिस विभाग में तबादलों में कथित भ्रष्टाचार के बारे में महाराष्ट्र के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक को कथित रूप से शुक्ला द्वारा लिखे गए एक पत्र का हवाला दिया था। पत्र में इंटरसेप्ट किए गए फोन कॉल का विवरण भी था। इसके बाद शिवसेना के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं ने आरोप लगाया कि शुक्ला ने बिना अनुमति के फोन टैप किए। एसआईडी द्वारा दर्ज की गई शिकायत के बाद पिछले साल मुंबई के बीकेसी साइबर पुलिस स्टेशन में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कथित तौर पर अवैध रूप से फोन टैप करने और गोपनीय दस्तावेज लीक करने का मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने से पहले महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्य सचिव सीताराम कुंटे ने अपनी जांच रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि शुक्ला ने गोपनीय रिपोर्ट लीक की थी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने फडणवीस को जारी नोटिस की प्रतियां जलाईं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कथित रूप से फोन टैप करने के मामले में मुंबई पुलिस द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस को जारी नोटिस की रविवार को प्रतियां जलाकर विरोध जताया। इसके साथ ही विधायक नीतेश राणे, विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) प्रसाद लाड एवं प्रवीण दरेकर और पार्टी नेता कृपाशंकर सिंह सहित कई भाजपा नेता दक्षिण मुंबई में फडणवीस के आवास के पास एकत्र हुए, जहां बीकेसी (बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स) साइबर पुलिस दल इस मामले में उनका बयान दर्ज करने के लिए दोपहर बाद पहुंचा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस के इस कदम का पुणे, पंढरपुर (सोलापुर जिला), नागपुर, चंद्रपुर और सांगली सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध किया और उसके द्वारा फडणवीस को जारी नोटिस की प्रतियां जलाईं। उल्लेखनीय है कि मुंबई साइबर पुलिस ने फडणवीस को नोटिस जारी कर रविवार को मामले में पेश होने को कहा था। फडणवीस ने शनिवार को कहा कि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उन्हें यह सूचित करने के लिए संपर्क किया कि पुलिस आवास पर जरूरी जानकारी लेने के लिए आएगी और उन्हें थाने आने की जरूरत नहीं है। भाजपा विधायक और पूर्व राज्यमंत्री आशीष शेलार ने रविवार को कहा, उन्हें बयान दर्ज करने दीजिए। सच को कभी छिपाया या हराया नहीं जा सकता। उन्होंने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा, फडणवीस ने इस मामले में भ्रष्टचार को उजागर किया है। यह उम्मीद की जा रही थी कि जो भ्रष्टाचार के मामले में शामिल हैं या जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, उनकी जांच की जाएगी, महाराष्ट्र सरकार कहीं न कहीं विरोधियों पर दबाव बनाने के हथकंडे का इस्तेमाल कर रही है। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष प्रवीण दरेकर ने भी शेलार का समर्थन किया। दरेकर ने एक अन्य समाचार चैनल से कहा, वह (फडणवीस) जनता के सामने (अधिकारियों के) स्थानांतरण में भ्रष्टाचार को लेकर आए...अब यह (राज्य) सरकार इन आरोपों का प्रतिवाद लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महा विकास अघाडी सरकार उस पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की वजह से असहज स्थिति का सामना कर रही है और इसलिए फडणवीस को कमजोर और दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से निशाना बनाने की कोशिश कर रही है।

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ ने दो पाक नागरिक पकड़े

**भाषा।** अमृतसर

**भारत-पाकिस्तान** अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने दो पाकिस्तानी नागरिकों को प्रतिबंधित पदार्थों के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ के जवानों ने गत 12 मार्च को अमृतसर सेक्टर में सीमा पर तारबंदी के आगे कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि जवानों ने देखा कि गेहूं की फसल के बीच से होते हुए दो व्यक्ति सीमा पर लगाए गए कंटीले तार की तरफ बढ़ रहे हैं। इसके बाद भारतीय सुरक्षा बलों ने उन्हें ललकारा और पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से पीले कपड़े में लपेटा गया 2.76 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ और अन्य चीजें बरामद की गईं।

# पूर्वोत्तर के प्रति रूढ़िवादी छवि का अंत होना चाहिए: वेंकैया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि पूर्वोत्तर के प्रति रूढ़िवादी छवि का अंत होना चाहिए। उन्होंने रविवार को इस बात पर दुख जताया कि शेष भारत में वर्षों बाद भी पूर्वोत्तर के लोगों के प्रति आम नजरिए का आधार बड़े पैमाने पर जागरूकता एवं सराहना का अभाव और उनके प्रति रूढ़िवादी छवि रहा है। मिजोरम और सिक्किम की यात्रा के बाद नायडू ने फेसबुक पोस्ट में कहा, यह निश्चित रूप से बदलना चाहिए। नायडू ने जोर देकर कहा कि पूर्वोत्तर की प्रेरक कहानियों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं कि इस तरह के प्रयास पूर्वोत्तर भारत के प्रति लोगों की मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाएंगे और इससे हमारी राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। नायडू ने राष्ट्रीय मीडिया से देश के इस हिस्से से जुड़ी अधिक से अधिक सकारात्मक कहानियों को सामने लाने का आग्रह किया।

मिजोरम का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि राज्य ने शांतिपूर्ण चुनावी प्रक्रिया, विधायकों के शालीन आचरण और पिछले पांच दशकों के दौरान समावेशी विकास के प्रयासों से भारत की लोकतांत्रिक जड़ों को मजबूत किया है। नायडू ने कहा कि खूबसूरत पहाड़ी राज्य सिक्किम ने देश के बाकी हिस्सों को जैविक खेती और सतत विकास का रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर सुखद आश्चर्य हुआ कि किसी भी सरकारी बैठक और कार्यक्रम में प्लास्टिक निर्मित पानी की बोतलें नहीं थीं, यह एक छोटा लेकिन प्रतीकात्मक रूप से एक शक्तिशाली कदम है। उन्होंने कहा कि इसे सभी राज्य सरकारों को अपने कार्यस्थलों पर लागू करने का प्रयास करना चाहिए।

# राजनीतिक छींटाकशी से बचें, विकास पर ध्यान दें: अजित पवार

**पुणे।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने पुणे में राकांपा पार्षदों द्वारा शुरू किए गए कई निकाय कार्यों का रविवार को उद्घाटन किया। पवार ने पार्षदों से कहा कि उन्हें राजनीतिक छींटाकशी करने की बजाय विकास और लोगों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नेता यशवंत राव चव्हाण का उदाहरण देते हुए पवार ने कहा कि राजनीतिक दलों के आरोप प्रत्यारोप में जनता रुचि नहीं लेती। चव्हाण ने हमें सिखाया कि महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए लोगों को कैसे जनता के लिए काम करना चाहिए। पार्टियां जब आरोप-प्रत्यारोप में उलझ जाती हैं तो जनता के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। विकास के लिए काम करना चाहिए। अवैध रूप से फोन टैप करने के मामले के संबंध में पुलिस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस का बयान दर्ज करने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन पर पूछे गए सवाल के जवाब में पवार ने कहा कि सभी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है।

# पंजाब में 13 डॉक्टर बने विधायक

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा चुनाव में 13 डॉक्टरों के चुनाव जीतने के बाद राज्य के स्वास्थ्य ढांचे में बदलाव की संभावना है। आम आदमी पार्टी से चुने गए विधायकों में से 10 डॉक्टर हैं और यह पार्टी राज्य में अगली सरकार बनाने जा रही है। नेत्र शल्य चिकित्सक बलजीत कौर (46) ने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से आप ने दिल्ली में विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में काम किया, इसने डॉक्टरों के बीच विश्वास जगाया है। डॉक्टर उत्साहित थे और पंजाब में भी यह (दिल्ली) सुधार चाहते थे। हमें लगा कि अगर हमारे पास यहां उचित बुनियादी ढांचा हो तो हम बेहतर सुविधा दे सकते हैं। मैं एक सरकारी नौकरी कर रही थी और वहां जो कमियां देखीं, उन्हें अब हम सुधारेंगे। मलोट से आप उम्मीदवार कौर ने शिरोमणि अकाली दल के हरप्रीत सिंह को 40,261 मतों के अंतर से हराया था। राज्य विधानसभा के लिए चुने गए 13 डॉक्टरों में से दो महिला चिकित्सक हैं, जिनमें मोगा से अमनदीप कौर अरोड़ा और मलोट से बलजीत कौर शामिल हैं। दोनों ने आप के टिकट पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस, शिअद और बसपा से एक-एक डॉक्टर विधायक चुने गए हैं।

चिकित्सा क्षेत्र से संबंध रखने वाले आप विधायकों ने कहा कि दिल्ली में पार्टी की कार्यप्रणाली को देखते हुए पंजाब के स्वास्थ्य ढांचे में खासा सुधार होने वाला है। दिल्ली में आप को मोहल्ला क्लीनिक जैसी विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल शुरू करने का श्रेय दिया जाता है। आप से जुड़े डॉक्टर विधायकों ने कहा कि पंजाब के लोगों ने बदलाव के लिए वोट किया है और उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, ऐसे में उनकी प्राथमिकता इस राज्य के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों को बदलाव लाना होगा। चमकौर साहिब सीट से निवर्तमान मुख्यमंत्री और तीन बार के विधायक चरणजीत सिंह चन्नी को हराने वाले नेत्र शल्य चिकित्सक चरणजीत सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पंजाब की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, हमें स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जरूरत है।

# कांग्रेस की कार्यपद्धति में बदलाव की जरूरत : हार्दिक पटेल

**नई दिल्ली।** हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद राष्ट्रीय विकल्प के तौर पर उसके भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों के बीच पार्टी की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने रविवार को कहा कि पार्टी को अपनी कार्यपद्धति में बदलाव करने की जरूरत है तथा जी 23 समूह के नेताओं समेत सभी से बातचीत करके पार्टी को मजबूत करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए यह भी कहा कि पार्टी के भीतर निर्णयों में विलंब नहीं होना चाहिए तथा वरिष्ठ नेताओं एवं युवाओं के बीच संतुलन बनाया जाना चाहिए। हार्दिक पटेल ने कहा, ये बहुत हैरान करने वाले चुनाव परिणाम हैं, खासतौर पर पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में... मुझे लगता है कि इन चुनावों में हमारी जो रणनीति थी उसमें हम विफल साबित हुए। यह हमारे लिए चिंतन का विषय है।

पटेल ने कहा, हमें अब कहीं न कहीं अपनी राजनीति बदलनी चाहिए। कांग्रेस ने हालिया चुनावों में पंजाब की सत्ता खो दी और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी उसे करारी हार झेलनी पड़ी। पाटीदार आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व करके सुर्खियों में आए पटेल ने मार्च, 2019 में कांग्रेस में शामिल होकर सक्रिय राजनीति की शुरुआत की। वह जुलाई, 2020 में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए। आरक्षण आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के मामले में दोषी करार दिए जाने के कारण फिलहाल वह चुनाव नहीं लड़ सकते। कांग्रेस के संगठन में बदलाव की जरूरत से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, कांग्रेस में बदलाव की जरूरत नहीं है, कार्यपद्धति में बदलाव लाने की जरूरत है। सोनिया जी का नेतृत्व हो या चाहे प्रियंका जी या राहुल जी का नेतृत्व हो, वो सही है। राज्य के नेतृत्व की गलती हम मान सकते हैं। हर राज्य में गुटबंदी हो गई है। राज्यों में हर नेता अपनी-अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश में लगा है... ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि सब बैठकर यह तय करें कि मिलकर कांग्रेस को मजबूत करना है।

पार्टी नेतृत्व पर उठ रहे सवालों पर पटेल ने कहा, पूरे चुनाव में राहुल जी और प्रियंका जी ने बहुत मेहनत की। जो सवाल उठा रहे हैं उन लोगों ने कितनी मेहनत की? कांग्रेस के नेता जो सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने कांग्रेस की मदद के लिए क्या किया? यह पूछे जाने पर कि फिलहाल पार्टी को क्या जरूरी कदम उठाने चाहिए तो गुजरात के युवा नेता ने कहा, (कांग्रेस में) निर्णय लेने में समय लग जाता है, उस पर काम होना चाहिए। निर्णय जल्द होना जरूरी है। वरिष्ठ नेताओं और युवाओं के बीच संतुलन बनाया जाना चाहिए। जो लोग पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनको बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए।

इस सवाल पर कि क्या वह जी 23 के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं तो उन्होंने कहा, इसमें शामिल लोग वरिष्ठ नेता, सुलझे हुए नेता हैं। उनके साथ चर्चा होनी चाहिए कि वे क्या चाहते हैं? वो भी पार्टी के बड़े चेहरे रह चुके हैं। उनके साथ बातचीत करनी चाहिए। सबके साथ बातचीत करनी चाहिए।

यह पूछे जाने पर कि क्या इन चुनाव नतीजों का इस साल के आखिर में होने जा रहे गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की संभावनाओं पर विपरीत असर होगा तो पटेल ने कहा, हमारा हौसला टूटने वाला नहीं है। हम लगातार कार्यक्रम कर रहे हैं। गुजरात के चुनाव का उत्तर प्रदेश के चुनाव से क्या लेना-देना। हमें तो गुजरात की परिस्थितियों और मुद्दों पर चुनाव लड़ना है। पिछली बार हमें 82 सीटें मिली थीं, इस बार उससे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी के गुजरात में दस्तक देने के बावजूद कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी।

उन्होंने सवाल किया, आप सिर्फ पंजाब में ही क्यों जीती, जबकि उसने गोवा और उत्तराखंड में पूरी ताकत लगाई? कहीं ऐसा तो नहीं कांग्रेस के खिलाफ भाजपा पीछे से आप की मदद कर रही है? पटेल ने कहा कि कांग्रेस को दो-तीन चेहरों को आगे रखकर गुजरात विधानसभा चुनाव में उतरना चाहिए। उन्होंने कहा, राज्य में दो तीन चेहरे तैयार कर सकते हैं। फिर विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर कुछ चेहरे देने पड़ेंगे कि ए हमारे उम्मीदवार हैं। हमें दो-तीन मोर्चे पर लड़ाई लड़नी होगी। एक मोर्चे पर कभी लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती है, इसका परिणाम हमने पंजाब में देखा। यह मेरी व्यक्तिगत राय है।

# केंद्र सरकार सामाजिक कल्याण योजनाओं और इसके लाभ का प्रचार करने की तैयारी में जुटी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** लोगों के बीच यह संदेश फैलाने की योजना बना रही है कि सामाजिक कल्याण योजनाओं से महिलाओं और अनुसूचित जाति-जनजाति समेत आम जनता को किस तरह फायदा पहुंचा है। पिछले हफ्ते विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों को यह निर्देश देने का फैसला लिया गया कि वह अपनी ओर से पिछले साढ़े सात साल में शुरू की गई विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं का ब्योरा तैयार करें। यह भी बताने को कहा गया है कि इन योजनाओं से अब तक कितने लोग लाभान्वित हुए हैं।

इस फैसले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने रविवार को कहा कि पूरी समीक्षा के बाद केंद्र सरकार देशभर में चल रही योजनाओं और उनके लाभों को बताने के लिए एक अभियान शुरू करेगी। बताया जा रहा है कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में से चार राज्यों में विधानसभा चुनाव जीतने में भाजपा की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सूत्रों के मुताबिक मंत्रालयों को आंकड़े जुटाने के लिए कहने का फैसला विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से पहले किया गया था। सरकार के अनुसार उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम जैसी योजनाओं से लाखों परिवारों को रोजगार सृजन, किफायती आवास और रसोई गैस की सुविधा से लाभ हुआ है।

पेट्रोलियम, ग्रामीण विकास, महिला और बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और अल्पसंख्यक मामले कुछ ऐसे प्रमुख मंत्रालय हैं, जिन्होंने सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए अपने बजट से पर्याप्त धनराशि निर्धारित की है। इसके अलावा कोरोना वायरस महामारी के चरम के दौरान केंद्र सरकार ने गरीब और प्रवासी कामगारों को मुफ्त राशन वितरित किया था।



नई दिल्ली में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे, आनन्द शर्मा और अन्य नेता सोनिया गांधी के आवास पर मीटिंग के बाद मिलते हुए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना करेगा विस्तार

# संघ की योजना शहर के वार्डों में विस्तार करने और देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श गांव बनाने की

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने विदेश और घरेलू स्तर पर देश के बारे में गलतफहमी फैलाने के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए भारत का तथ्य-आधारित वृहत आख्यान पेश करने के लिए शोधकर्ताओं, लेखकों और राय बनाने वालों के साथ सहयोग करने का फैसला किया है। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने रविवार को यह बात कही। संघ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक शहर के बाहरी इलाके में आयोजित हुई। इस बैठक में इस मुद्दे के साथ ही भारतीय समाज, उसके हिंदू समुदाय, उसके इतिहास, संस्कृति और जीवन शैली की एक सच्ची तस्वीर पेश करने के तरीकों सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के एजेंडे में 2025 में आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह से पहले, संगठन का विस्तार करना और केवल संख्यात्मक रूप से नहीं बल्कि समुदाय के सदस्यों के बीच राष्ट्रवाद और एकता के विचार को आगे बढ़ाने का उद्देश्य भी शामिल रहा। इस बैठक में 1,252 पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के अंतिम दिन पत्रकारों से बात करते हुए, आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने कहा, भारत और विदेशों में, भारत से संबंधित विषयों पर या तो अनजाने में या जानबूझकर गलतफहमी फैलाने के प्रयास किए गए हैं। ऐसा अंग्रेजों के समय से लेकर अभी तक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वैचारिक आख्यान को बदलने और तथ्यों पर आधारित भारत के एक भव्य आख्यान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। होसबले ने कहा कि संघ की योजना आने वाले दो वर्षों में अपनी विस्तार योजनाओं को पूरा करने की है। उन्होंने कहा कि इसकी योजना शहर के वार्डों में विस्तार करने और देश के प्रत्एक जिले में एक आदर्श गांव बनाने की है। संघ के पदाधिकारी ने कहा, उद्देश्य केवल संख्या बढ़ाना नहीं है, बल्कि समुदाय के सदस्यों के बीच राष्ट्रवाद और एकता के विचार को आगे बढ़ाना है। संघ की गतिविधियों में भाग लेने के लिए स्वेच्छा से लोगों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है। आरएसएस के पदाधिकारी ने समृद्ध भारत के भव्य सपने को वास्तविकता में लाने के लिए संघ के कार्यक्रम के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोविड के बाद पुनर्वास पर भी चर्चा हुई। एक मिशनरी स्कूल के छात्रों से जय श्री राम कहने पर माफी मांगने के लिए कहने के बारे में स्थानीय समाचार पत्रों की खबर पर उन्होंने कहा, जय श्रीराम अभिवादन का एक तरीका है, और यहां तक कि भारत आने वाले विदेशी भी ऐसा कहते हैं। अगर लोग इसका विरोध करते हैं, तो बच्चों, उनके माता-पिता को उनसे सवाल करना चाहिए। यह स्वाभाविक है कि अगर कुछ भी भारत की सांस्कृतिक परंपरा के खिलाफ जाता है तो समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। संघ पदाधिकारी ने कहा कि भारत के विषयों, उसके हिंदू समुदाय, उसके इतिहास, संस्कृति, जीवन शैली पर समाज के सामने एक सच्ची तस्वीर पेश करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, केवल संघ के सदस्य ही नहीं बल्कि बहुत सारे लोग इस मुद्दे पर अपनी राय प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने शोध किया है, किताबें लिखी हैं, उनकी राय भारत और विदेशों में प्रकाशित होती है। ऐसे लोगों का एक बड़ा वर्ग है। नेटवर्किंग के माध्यम से और उनके सहयोग से, हम अगले तीन-चार वर्षों में भारत के आख्यान को प्रभावी बनाने में सक्षम होंगे।

शनिवार को यहां प्रस्तुत अपनी वार्षिक रिपोर्ट में, आरएसएस ने धार्मिक कट्टरता को एक गंभीर चुनौती करार दिया और हाल ही में कर्नाटक में और केरल में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं की हत्या का भी उल्लेख किया। रिपोर्ट में कहा गया है, संविधान और धार्मिक स्वतंत्रता की आड़ में सांप्रदायिक उन्माद, प्रदर्शन, सामाजिक अनुशासन का उल्लंघन, रीति-रिवाजों और परंपराओं का उल्लंघन, मामूली कारणों से हिंसा भड़काना, अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देना आदि कायरतापूर्ण कृत्यों का सिलसिला बढ़ रहा है। होसबले ने कहा, समाज के बारे में कुछ अनुशासन हैं ... हरियाणा में, लोग आरती के मुद्दे पर भिड़ गए। केवल यह कहना सही नहीं है कि हमें धार्मिक स्वतंत्रता है। किसी ने स्कूल की वर्दी के बारे में नियम बनाया है, यह कहना सही नहीं है कि हम (इसका पालन) नहीं करेंगे। उनका इशारा परोक्ष तौर पर कर्नाटक में हिजाब विवाद की ओर था।होसबले ने कहा, सभी को धार्मिक स्वतंत्रता मिली है। इसे लागू करने के बारे में संतुलन बनाने की जरूरत है। हमने इसे ध्यान में रखते हुए एक चर्चा शुरू की है।

# फिल्म द कश्मीर फाइल्स मप्र और गुजरात में कर मुक्त

**भोपाल।** कश्मीरी हिन्दुओं के नरसंहार एवं पलायन पर आधारित फिल्म द कश्मीर फाइल्स को गुजरात और मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य में कर मुक्त करने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को ट्वीट किया, फिल्म द कश्मीर फाइल्स में कश्मीरी हिंदुओं द्वारा 1990 के दशक में सामना किए गए दर्द, पीड़ा, संघर्ष और मानसिक आघात का दिल को झकझोर देने वाला वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा, इसको अधिक से अधिक लोगों को देखने की जरुरत है। इसलिए हमने इसे मध्यप्रदेश में कर मुक्त करने का निर्णय लिया है।

इस फिल्म के निर्माता अभिषेक अग्रवाल हैं। विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में कश्मीरी हिन्दुओं के नरसंहार एवं पलायन पर बनी यह फिल्म 11 मार्च को रिलीज हुई है और अनुपम खेर, पल्लवी जोशी एवं मिथुन चक्रवर्ती ने इसमें अभिनय किया है। चौहान ने इस फिल्म के निर्देशक और निर्माता को फिल्म की सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएँ भी दी हैं। उधर गुजरात सरकार ने भी रविवार को हाल में प्रदर्शित फिल्म द कश्मीर फाइल्स को राज्य में कर मुक्त करने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक ट्वीट में कहा कि 11 मार्च को प्रदर्शित हुई को फिल्म को कर मुक्त करने का फैसला मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने किया। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्निहोत्री ने किया है और निर्माण जी स्टुडियो ने किया है। यह फिल्म पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा कश्मीरी हिंदू समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या के बाद समुदाय के लोगों के घाटी से पलायन पर आधारित है। इस फिल्म में अनुपम खेर, दर्शन कुमार, मिथुन चक्रवर्ती और पल्लवी जोशी जैसे कई कलाकारों ने भूमिका निभाई है।

# बोम्मई ने भाजपा नेताओं के दूसरे दलों में जाने की संभावना को खारिज किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को भाजपा नेताओं के दूसरे दलों में शामिल होने की संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं के अन्य दलों में शामिल होने की संभावना के बारे में सवाल पर कहा, बस इंतजार करें और देखें। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, दलबदल को लेकर केवल अटकलें लगाई जा रही हैं, इसका कोई ठोस आधार नहीं है, किसी भी भाजपा नेता के अन्य दल में जाने का सवाल ही नहीं है, ऐसा ना पहले था और ना अब है। पांच राज्यों के विस चुनाव के परिणाम भाजपा के अनुकूल रहने के बीच जल्द चुनाव की संभावना के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। पार्टी में किसी भी स्तर पर इस तरह की कोई बातचीत नहीं हो रही है। चार मंत्रियों के पद अभी रिक्त रहने और कैबिनेट विस्तार के लिए अपनी दिल्ली यात्रा के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पार्टी में वरिष्ठ नेताओं के संकेत का इंतजार करेंगे।

# प्रौद्योगिकी विकास के लिए नियामकीय ढांचे में बदलाव की जरूरतः अश्विनी

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** प्रौद्योगिकी के विकास के लिए नियामकीय ढांचे में आमूलचूल बदलाव की तैयारी कर रही है। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को यह बात कही। वैष्णव ने टीडीसैट की संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हम उद्योग के साथ एक भागीदार के रूप में बातचीत करना चाहते हैं, किसी विरोधी की तरह नहीं। उन्होंने कहा कि प्रणाली में सभी उलझे हुए हैं और कुछ ऐसे लोग जिनके नैतिक मूल्य मजबूत नहीं हैं, उन्होंने पूर्व में पूरे दूरसंचार क्षेत्र को बदनाम किया है।

वैष्णव ने कहा, क्या हमारे पास पूरी डिजिटल दुनिया के लिए एक नियामक हो सकता है। ऐसी चीजें हो रही हैं। हमें कानूनी ढांचे, नियामकीय



क्रियान्वयन ढांचे और हमारे सरकारी निकायों की सोच, लोगों के प्रशिक्षण सभी में आमूलचूल बदलाव लाने की जरूरत है। उद्योग के साथ बातचीत भागीदार के रूप में होनी चाहिए, किसी विरोधी की तरह नहीं। अगली बड़ी चीज हम यही करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अभी तक अधिक कुछ नहीं किया गया है। हमें प्रौद्योगिकी के विकास के लिए काम करते रहने की जरूरत है। अधिक से अधिक स्टार्टअप जोड़ने की जरूरत है क्योंकि यह ऐसा बाजार है जहां भविष्य के उद्यमी बनेंगे। वैष्णव ने कहा, जब 2जी और 3जी की बात थी, तो हम पिछड़ गए थे।

हम 4जी को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन 5जी और 6जी के मामले में हमें आगे रहना होगा। ऐसा नहीं होता है, तो यह कहने का क्या लाभ होगा कि हम ऐसे राष्ट्र में रहते हैं जो प्रतिभाओं का देश है। एक प्रतिभाली देश को इस तरह से सोचना चाहिए, जिससे वह अगुवाई कर सके, लक्ष्य तय कर सके और पुरी दुनिया के लिए दिशा निर्धारित कर सके। आईआईटी-चेन्नई, आईआईटी-कानपुर, आईआईटी-बंबई और आईआईएससी-बेंगलूर सहित 11 संस्थानों के गठजोड़ ने 14 महीने में सिर्फ तीन करोड़ डॉलर के खर्च पर 4जी प्रौद्योगिकी तैयार की है। यह दूरसंचार क्षेत्र की बड़ी कंपनियों द्वारा इस प्रौद्योगिकी के विकास पर हुए खर्च का बहुत छोटा हिस्सा है।

वैष्णव ने कहा कि अब 35 भारतीय दूरसंचार कंपनियां अपने उत्पादों को विदेशी बाजारों में निर्यात करने की तैयारी में हैं। भविष्य की 5जी और 6जी प्रौद्योगिकी के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के तहत सबसे महत्वपूर्ण अध्ययन समूहों की अगुवाई आज भारतीय प्रतिनिधि कर रहे हैं।

# चालू वित्त वर्ष में संशोधित अनुमानों से 10,000 करोड़ रुपए अधिक रह सकती है उर्वरक सब्सिडी

भाषा। नई दिल्ली

**रूस-यूक्रेन** युद्ध के कारण चालू वित्त वर्ष (2021-22) में सरकार का उर्वरक सब्सिडी बिल लगभग 10,000 करोड़ रुपए बढ़ सकता है, लेकिन कर राजस्व बढ़ने से राजकोषीय घाटे को अनुमानित 6.9 प्रतिशत के करीब रखने में मदद मिलेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अमेरिका और ओपेक के सदस्य देशों द्वारा उत्पादन बढ़ाने के कारण अगले 2-3 महीनों में कच्चे तेल की कीमतें कम होने की उम्मीद है। संशोधित अनुमानों (आरई) के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में उर्वरक सब्सिडी 1.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक रह सकती है, जबकि अगले वित्त वर्ष के बजट अनुमानों (बीई) के मुताबिक सब्सिडी 1.05 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहेगी। अधिकारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि अगले 2-3 महीनों में कच्चे तेल की कीमतें कम हो जाएंगी। तेल की बढ़ती कीमतों से उर्वरक सब्सिडी को छोड़कर चालू वित्त वर्ष में सरकार के बजट में कोई बदलाव नहीं आएगा। उर्वरक सब्सिडी के लगभग 10,000 करोड़ रुपए तक बढ़ने का अनुमान है।

अधिकारी ने आगे कहा कि चूंकि किसानों को बुवाई के मौसम की शुरुआत से पहले उर्वरकों के भंडारण की जरूरत होती है, ऐसे में पोटाश के आयात के लिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों के कम होने तक इंतजार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा प्राकृतिक गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से यूरिया की घरेलू कीमतों में वृद्धि होगी। अधिकारी ने कहा कि सब्सिडी में इस वृद्धि के बावजूद राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष में संशोधित अनुमानों के अनुरूप 6.9 प्रतिशत के स्तर के करीब रहेगा।

## क्विक न्यूज

### बिड़ला एस्टेट्स का मुंबई की आवासीय परियोजना से 11,000 करोड़ रुपए के राजस्व की उम्मीद

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी बिड़ला एस्टेट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के टी जितेंद्रन ने कहा है कि कंपनी को दक्षिण मुंबई स्थित नई लग्जरी आवासीय परियोजना से लगभग 11,000 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व हासिल होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में 1,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां पहले ही बेची जा चुकी हैं। बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड बीके बिड़ला समूह की सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सीटीआईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। रियल्टी कंपनी ने दिसंबर में दक्षिण मुंबई के वर्ली में लग्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 5,500 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की थी। परियोजना बिड़ला नियारा 14 एकड़ में फैली हुई है, जिसमें लगभग 1,200 आवासीय इकाइयां शामिल हैं। जितेंद्रन ने बताया, हमें इस लग्जरी आवासीय परियोजना के लिए ग्राहकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। हम पहले ही 1,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की 150 से अधिक इकाइयां बेच चुके हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना स्थल पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है और पूरी परियोजना को पूर्ण करने में लगभग 7-8 साल लगेंगे।

### खादी इकाइयों को कपास की कीमतों में भारी वृद्धि से विशेष आरक्षित निधि ने बचायाः केवीआईसी

**नई दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने रविवार को कहा कि ऐसे वक्त में जब पूरा कपड़ा उद्योग कच्चे कपास की कीमतों में बढ़ोतरी से जूझ रहा है, उस समय बाजार के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए बनाए गए विशेष आरक्षित निधि से खादी इकाइयों को मदद मिली। केवीआईसी ने 2018 में बाजार के उतार-चढ़ाव और अन्य घटनाओं का मुकाबला करने के लिए एक उत्पाद मूल्य समायोजन खाता (पीपीए) तैयार करने का फैसला किया था, जो उसके केंद्रीय स्लिवर संयंत्रों (सीएसपी) के लिए एक आरक्षित कोष है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि पूरा कपड़ा क्षेत्र कच्चे कपास की आपूर्ति में कमी और कीमतों में बढ़ोतरी से जूझ रहा है, तब केवीआईसी ने कच्चे कपास की कीमतों में 110 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी के बावजूद अपने स्लिवर संयंत्रों से खादी संस्थानों को दिए जाने वाले स्लिवर रोविंग की कीमत नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विज्ञप्ति में कहा गया कि केवीआईसी बढ़ी हुई दरों पर कच्चे कपास की बेल्स खरीदने के लिए 4.06 करोड़ रुपए की अतिरिक्त लागत का वहन पीपीए कोष से करेगा। केवीआईसी चेयरमैन विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि इस फैसले से खादी संस्थानों के साथ ही खादी के खरीदार भी कीमत में बढ़ोतरी के नकारात्मक प्रभाव से बचेंगे। कच्चे कपास की कीमत पिछले 16 महीनों के दौरान 36,000 रुपए प्रति कैंडी से बढ़कर 78,000 रुपए प्रति कैंडी (हर कैंडी का वजन 365 किलोग्राम होता है) हो गई है।

### एग्रीटेक स्टार्टअप के लिए फंड बनाने पर विचारः गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि सरकार एग्रीटेक स्टार्टअप के लिए एक फंड बनाने पर विचार कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने एक वेब गोष्ठी में कहा कि सरकार रक्षा अनुसंधान एवं विकास में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भागीदारी पर विचार कर रही है और उद्यमियों के लिए ड्रोन, रक्षा और तकनीकी कपड़ा क्षेत्रों में बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार से भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। गोयल ने एक अन्य समारोह में कहा कि मौजूदा यूक्रेन-रूस संकट में भी कई अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह संकट बताता है कि हमें आयातित रक्षा उपकरणों और कच्चे तेल पर निर्भर नहीं रहना है।

### सबसे मुनाफे वाले संपत्ति बाजार मुंबई में मांग आपूर्ति और दाम बढ़ने की उम्मीद : रिपोर्ट

**मुंबई।** देश के प्रमुख संपत्ति बाजार मुंबई में मांग, आपूर्ति और कीमत के मोर्चे पर अभूतपूर्व तेजी आने की उम्मीद है और यहां कोविड-19 महामारी के चलते बाधाओं के बावजूद 2021 में 38,000 इकाइयों की बिक्री हुई। यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। इसके मुताबिक, मुंबई के शहरी निकाय बीएमसी ने 2021 में भवन मंजूरी शुल्क के रूप में लगभग 14,200 करोड़ रुपए की कमाई की है, जो इससे पिछले वर्ष के मुकाबले पांच गुना अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि मुंबई आने वाले दिनों में सर्वाधिक मुनाफा देने वाला संपत्ति बाजार बन सकता है। यूबीएस सिक्योरिटीज ने कहा कि नियामक पहल के चलते मांग और आपूर्ति में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। मुंबई में मध्यम अवधि में आपूर्ति में वृद्धि होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर रियल एस्टेट कंपनियों ने मुंबई के लिए अपनी योजना को तेज किया है। इसके अलावा नियामकीय कदमों मसलन मंजूरी शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट, स्लम पुनर्वास और तटीय नियमों सहित पुनर्विकास नीतियों को उदार करने से मध्यम अवधि में यहां मांग में तेजी आएगी।

### जनवरी-फरवरी में एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन 13 प्रतिशत बढ़कर 88.7 लाख टन

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन जनवरी-फरवरी, 2022 में 13 प्रतिशत बढ़कर 88.7 लाख टन पर पहुंच गया। इससे पिछले साल की समान अवधि में कंपनी का उत्पादन 77.2 लाख टन रहा था। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक की बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 82.1 लाख टन पर पहुंच गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 69.9 लाख टन रही थी। इस्पात मंत्रालय के तहत हैदराबाद मुख्यालय वाली कंपनी की खानें कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में हैं। लौह अयस्क इस्पात विनिर्माण का प्रमुख कच्चा माल है। एनएमडीसी तांबा, रॉक फॉस्फेट, लाइमस्टोन, डोलोमाइट और जिप्सम जैसे खनिजों का भी उत्खनन करती है।

### फरवरी में डीसीपी के वाहन को टक्कर मारने के बाद गिरफ्तार, रिहा हुए थे पेटीएम के संस्थापक

**नई दिल्ली।** पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा को दिल्ली पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) के सरकारी वाहन को अपनी कार से कथित तौर पर टक्कर मारने की घटना में पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था और उन्हें जमानत भी मिल गई थी। दिल्ली पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 22 फरवरी की है। शर्मा को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था और मामले के जांच अधिकारी ने उन्हें जमानत पर छोड़ दिया था। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा कि शर्मा की गिरफ्तारी से संबंधित खबरें बढ़ाचढ़ा कर पेश की गईं। दिल्ली पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी सुमन नालवा ने बताया कि घटना के वक्त डीसीपी बनिता मैरी जैकर की कार चला रहे कांस्टेबल दीपक कुमार इस मामले में शिकायतकर्ता हैं। प्राथमिकी के मुताबिक घटना तब हुई जब वह और कांस्टेबल प्रदीप कुमार गाड़ी में पेट्रोल भरवाने के लिए हौज खास से मालवीय नगर जा रहे थे। रास्ते में एक स्कूल के नजदीक उन्होंने कार धीमी की तभी नीले रंग की एक महंगी गाड़ी जिस पर हरियाणा का रजिस्ट्रेशन नंबर था उसने पुलिस की गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। नीली कार का चालक घटना के बाद वाहन लेकर फरार हो गया।

# सरकार के पास एलआईसी का आईपीओ लाने को 12 मई तक का समय

भाषा। नई दिल्ली

● **सेबी के पास नए दस्तावेज जमा कराए बिना भी हो सकती है कार्रवाई**

**सरकार के** पास भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास नए दस्तावेज दाखिल किए बिना जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए 12 मई तक का समय है।

सरकार ने पहले एलआईसी के लगभग 31.6 करोड़ शेयरों या पांच प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री के लिए मार्च में आईपीओ लाने की योजना बनाई थी। इस आईपीओ से करीब 60,000 करोड़ रुपए जुटाने की उम्मीद थी। हालांकि, रूस-यूक्रेन संकट के बाद शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव को देखते हुए आईपीओ की योजना पटरी से उतर गई है। एक अधिकारी ने कहा, सेबी के पास दाखिल दस्तावेजों के आधार पर आईपीओ लाने के लिए हमारे पास 12 मई तक का समय है। हम उतार-चढ़ाव पर नजर रखे हुए हैं और जल्द ही कीमत के दायरे के साथ आरएचपी दाखिल करेंगे। अगर सरकार 12 मई तक आईपीओ नहीं ला पाती है, तो उसे दिसंबर तिमाही के नतीजे बताते हुए सेबी के पास नए कागजात दाखिल करने होंगे। अधिकारी ने आगे कहा कि हालांकि पिछले एक पखवाड़े में बाजार में उतार-चढ़ाव कम हुआ है, लेकिन बाजार के और स्थिर होने का इंतजार




किया जाएगा, ताकि खुदरा निवेशकों को शेयर में निवेश करने का भरोसा मिले। एलआईसी ने खुदरा निवेशकों के लिए अपने कुल आईपीओ आकार का 35 प्रतिशत तक आरक्षित रखा है। अधिकारी ने कहा, खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्से को पूरा भरने के लिए लगभग 20,000 करोड़ रुपए की जरूरत है। हमारे बाजार आकलन के अनुसार, वर्तमान खुदरा मांग शेयरों के पूरे कोटे को भरने के लिए पर्याप्त नहीं है।

# रूस-यूक्रेन संघर्ष, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी बाजार की दिशा

भाषा। नई दिल्ली

**रूस-यूक्रेन** संघर्ष, ब्याज दर पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक के निर्णय और घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का मानना है कि बाजार में अभी उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, एफओएमसी की बैठक, रूस-यूक्रेन संघर्ष इस सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण वैश्विक कारक रहेंगे। अभी रूस-यूक्रेन तनाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। फेडरल ओपन मार्केट कमिटी (एफओएमसी) की बैठक के नतीजे 16 मार्च को आएंगे। मीणा ने कहा कि इन सबके बीच कच्चे तेल की कीमतें और विदेशी निवेशकों का रुख भी भारतीय बाजारों की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। मुद्रास्फीति के आंकड़े 14 मार्च को आएंगे। होली के मौके पर शुक्रवार यानी 18 मार्च को बाजार बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, यह कम कारोबारी सत्रों वाला सप्ताह रहेगा। सोमवार को बाजार भागीदार औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसी तरह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े भी आने हैं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक के नतीजे 16 मार्च को आएंगे। इनपर सभी की निगाह रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,216.49 अंक या 2.23 प्रतिशत चढ़ा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 385.10 अंक या 2.37 प्रतिशत के लाभ में रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और अब निकट भविष्य में बाजार अन्य महत्वपूर्ण कारकों पर प्रतिक्रिया देगा। रूस-यूक्रेन भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति दबाव को लेकर रिजर्व बैंक की प्रतिक्रिया आदि पर अब बाजार की निगाह रहेगी। इनके अनुकूल होने तक बाजार में उतार-चढ़ाव कायम रहेगा। रुपए का उतार-चढ़ाव, कच्चे तेल के दाम और विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेगा। सैमको सिक्योरिटीज में इक्विटी शोध प्रमुख एशा शाह ने कहा, रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक इस सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण घटनाक्रम हैं। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

# गेल ने 2021-22 के लिए पांच रुपए प्रति शेयर का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक क्षेत्र** की गैस कंपनी गेल (इंडिया) ने चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिए पांच रुपए प्रति शेयर या 50 प्रतिशत का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि कुल लाभांश भुगतान 2,220.19 करोड़ रुपए रहेगा और इसकी रिकॉर्ड तिथि 22 मार्च है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के महारत्न उपक्रम गेल के निदेशक मंडल की 11 मार्च को हुई बैठक में यह फैसला किया गया। गेल चालू वित्त वर्ष के लिए पहले ही दिसंबर, 2021 में चार रुपए प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की घोषणा कर चुकी है। इस तरह दो अंतरिम लाभांश नौ रुपए प्रति शेयर (चुकता इक्विटी शेयर पूंजी) बैठते हैं। कुल लाभांश भुगतान 3,996.35 करोड़ रुपए रहेगा। गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन ने कहा कि कंपनी के शेयरधारकों को उनके निवेश पर सतत दीर्घावधि का रिटर्न प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह गेल द्वारा दिया गया सबसे अधिक कुल लाभांश है।

# एफपीआई की भारतीय बाजारों से निकासी लगातार छठे महीने जारी

भाषा। नई दिल्ली

● **मार्च में अबतक 45,608 करोड़ रुपए निकाले**

**विदेशी पोर्टफोलियो** निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय बाजारों से निकासी का सिलसिला लगातार छठे महीने जारी है। मार्च में अबतक एफपीआई ने भारतीय बाजारों से शुद्ध रूप से 45,608 करोड़ रुपए निकाले हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई मान रहे हैं कि जिंस कीमतों में तेजी से भारत अधिक प्रभावित होगा। इसकी वजह यह है कि भारत कच्चे तेल का प्रमुख आयातक है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने दो से 11 मार्च के दौरान शेयरों से 41,168 करोड़ रुपए निकाले हैं। इसके अलावा उन्होंने ऋण या बांड बाजार से 4,431 करोड़ रुपए तथा हाइब्रिड माध्यमों से नौ करोड़ रुपए की निकासी की है। इस तरह उनकी शुद्ध निकासी 45,608 करोड़ रुपए रही है। यह लगातार छठा महीना है जबकि एफपीआई भारतीय बाजारों में बिकवाल बने हुए हैं। विजयकुमार ने कहा कि मुख्य रूप से एफपीआई वित्तीय और आईटी कंपनियों के शेयर बेच रहे हैं। इसकी वजह है कि एफपीआई के पोर्टफोलियो में सबसे अधिक इन्हीं शेयरों की हिस्सेदारी है। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के मुख्य निवेश अधिकारी (सूचीबद्ध निवेश) निमिष शाह ने कहा कि अगस्त-सितंबर, 2021 से डॉलर मजबूत हो रहा है। अमेरिका में ब्याज दरें भी अब बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव की वजह से भी उनकी निकासी बढ़ी है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि मार्च में अबतक थाइलैंड को छोड़कर अन्य सभी उभरते बाजारों से निकासी हुई है। ताइवान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया और फिलिपीन से इस महीने अबतक क्रमशः 708.9 करोड़ डॉलर, 266.5 करोड़ डॉलर, 42.6 करोड़ डॉलर और 2.6 करोड़ डॉलर की निकासी हुई है। वहीं इस दौरान थाइलैंड के बाजारों में एफपीआई ने 10.2 करोड़ डॉलर डाले हैं।

# पेवर्ल्ड को अगले वित्त वर्ष में आमदनी दोगुनी होने, कुल लेनदेन 40 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी पेवर्ल्ड को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2022-23 में उसके मंच पर कुल लेनदेन करीब 40 प्रतिशत बढ़ जाएगा, और इस दौरान उसकी आय बढ़कर दोगुनी होने की उम्मीद है। पेवर्ल्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रवीण धाभाई ने बताया कि कंपनी के मंच पर सकल लेनदेन मूल्य (जीटीवी) चालू वित्त वर्ष में लगभग 46 प्रतिशत बढ़कर 11,000 करोड़ रुपए हो जाएगा, जो 2020-21 में 7,500 करोड़ रुपए था। धाभाई ने कहा, चालू वित्त वर्ष में हम लगभग 11,000 करोड़ रुपए के करीब पहुंचेंगे और अगले वित्त वर्ष के लिए हम अपने जीटीवी को 40 प्रतिशत बढ़ाना चाहते हैं। साथ ही हम अपनी शुद्ध आय को लगभग दोगुना करने की योजना बना रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## पीएम मोदी...

भी डिप्टी-सीएम पद के लिए फिर से माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न बैठकों और वार्ताओं में कुल 50 नामों पर चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि अतीत में अरुण जेटली को 2014 में अमृतसर, पंजाब से लोकसभा हार के बावजूद मोदी कैबिनेट में शामिल किया गया था। के अलावा शाहजहांपुर से लगातार नौवीं बार प्रचंड जीत हासिल करने वाले सुरेश खन्ना जैसे पुराने नेताओं को भी मंत्री बनाया जा सकता है।

## कैबिनेट के...

चेहरों के अलावा शाहजहांपुर से लगातार नौवीं बार प्रचंड जीत हासिल करने वाले सुरेश खन्ना जैसे पुराने नेताओं को भी मंत्री बनाया जा सकता है।

## संसद के...

इस बार कोविड-19 संबंधी हालात में काफी सुधार आने के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे से साथ-साथ चलेगी। संसद के सत्र का दूसरा चरण ऐसे समय में आरंभ होगा, जब कुछ ही दिन पहले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) ने जीत हासिल की है। इससे पहले, बजट सत्र का पहला चरण संसद के सेंट्रल हॉल में लोकसभा एवं राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण से 29 जनवरी को शुरु हुआ था, जिसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया गया था। सीतारमण ने एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण और केंद्रीय बजट के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई थी। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने आवास पर कांग्रेस की संसदीय रणनीति समिति की बैठक की अध्यक्षता की और बजट सत्र के दौरान समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के समन्वय के साथ काम करने का फैसला किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की। हम सत्र के दौरान जनहित से जुड़े अहम मुद्दों को उठाने के लिए समान विचारधारा वाले दलों के साथ समन्वय में काम करेंगे। उन्होंने कहा, यूक्रेन से भारतीय छात्रों की सुरक्षित निकासी, महंगाई, बेरोजगारी, कामगारों का मुद्दा, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का मुद्दा आदि उन मुद्दों में शामिल हैं, जिन्हें इस सत्र में उठाया जाएगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने ईपीएफ पर ब्याज दर को 8.5 प्रतिशत से घटाकर 8.1 फीसदी करने का शनिवार को फैसला किया। युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों की निकासी पर विपक्षी दलों द्वारा सरकार से बयान की मांग किए जाने की संभावना है।

## केजरीवाल ने...

के पीछे पहुंचा देंगे। आप प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी पंजाब के लोगों से किए गए सभी चुनावी वादों को पूरा करेगी। कुछ को समय लग सकता है, कुछ को तुरंत किया जा सकता है, लेकिन हम सभी वादों को पूरा करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि 16 मार्च को, नवांशहर के खटकर कलां में शपथ ग्रहण समारोह में मान नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। न केवल भगवंत मान, बल्कि पंजाब का हर एक व्यक्ति मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने कहा कि हम इसे रंगला पंजाब और समृद्ध पंजाब बनाएंगे। एक सौ बाइस पूर्व मंत्रियों और विधायकों की सुरक्षा वापस लेने पर मान ने कहा कि 403 पुलिस कर्मी और 27 पुलिस वाहन अब थानों में वापस आ गए हैं। उन्होंने दोहराया कि सरकारी कार्यालयों में मुख्यमंत्री की कोई तस्वीर नहीं होगी और केवल महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और बीआर आंबेडकर की तस्वीरें लगाई जाएंगी।

## ईरान से...

था। इराक और अमेरिका के अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। टेलीविजन चैनल कुर्दिस्तान24 का कार्यालय अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास ही है और उसने हमले के बाद अपने कार्यालय में कांच के टुकड़े और मलबे की तस्वीरें दिखाईं। ईरान के एक प्रवक्ता ने इरबिल में हमले में ईरान का हाथ होने के आरोपों से इनकार किया है। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति के प्रवक्ता महमूद अब्बासजाहेद ने कहा कि आरोपों की पुष्टि नहीं की जा सकी है। उन्होंने एक स्थानीय समाचार वेबसाइट को दिए साक्षात्कार में कहा, अगर ईरान बदला लेने का निर्णय ले ले....तो वह बहुत ही गंभीर और दमदार होगा। इराक के सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि हमले में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ये हमले आधी रात के ठीक बाद में किए गए हैं और इनसे क्षेत्र में ढांचागत नुकसान हुआ है। एक अन्य अधिकारी ने भी कहा कि बैलेस्टिक मिसाइल ईरान से दागी गईं। उन्होंने कहा कि प्रक्षेपास्त्र ईरान निर्मित फतेह-110 थे और इन्हें संभवतः सीरिया में दो रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के मारे जाने के प्रतिशोध में दागा गया है। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने एक बयान में कहा कि अमेरिका इराकी संप्रभुता के खिलाफ हमले और हिंसा के प्रदर्शन की निंदा करता है। गौरतलब है कि पहले भी इरबिल के हवाई अड्डा परिसर में तैनात अमेरिकी बल रॉकेट और ड्रोन हमलों की चपेट में आ चुके हैं, और इनके लिए अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान समर्थित समूहों को दोषी ठहराया था।

## रिलायंस कैपिटल...

के पूर्व कार्यकारी निदेशक नागेश्वर राव वाई को इस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी का प्रशासक नियुक्ति किया था। इससे पहले इसी साल फरवरी में रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त प्रशासक ने रिलायंस कैपिटल के रुचि पत्र आमंत्रित किए थे।

## युद्धग्रस्त यूक्रेन...

थी। यूक्रेन संकट के बाद भारतीय नागरिक सीमा पार कर पड़ोसी देशों रोमानिया, पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया और मोल्दोवा चल गए थे। रूस द्वारा सैन्य अभियान शुरू करने के बाद यूक्रेन ने नागरिक विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) की अहम बैठक सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के दूसरे सत्र से दो दिन पहले हुई। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों सदनों को यूक्रेन के हालात, भारत के लिए इसके परिणामों और वहां से फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा के विवरण से अवगत कराएंगे। सीसीएस बैठक के संबंध में एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के संदर्भ में भारत की सुरक्षा तैयारियों और मौजूदा वैश्विक परिदृश्य की समीक्षा करने के लिए इसकी अध्यक्षता की।

## फोन टैपिंग...

विवाद पैदा हुआ और शिवसेना नीत सत्तारूढ़ गठबंधन ने आरोप लगाया कि शुक्ला ने बिना अनुमति फोन टैप करवाए। कथित रूप से फोन टैप करने और गोपनीय दस्तावेजों को लीक करने के मामले में पिछले साल बीकेसी (बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स) साइबर पुलिस थाने में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में शिकायत राज्य खुफिया विभाग ने दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने से पहले महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्य सचिव सीताराम कुंटे ने अपनी कथित जांच रिपोर्ट में कहा था कि शुक्ला ने गोपनीय रिपोर्ट लीक की है। रविवार को पुलिस उपायुक्त हेमराज सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस की टीम दोपहर फडणवीस के बंगले सागर पहुंची। इस टीम में सहायक पुलिस उपायुक्त नितिन जाधव और दो पुलिस निरीक्षक शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि टीम ने फडणवीस के बंगले पर करीब दो घंटे तक उनका बयान दर्ज किया। टीम के पहुंचने से पहले फडणवीस के बंगले के बाहर सुरक्षाबलों की भारी तैनाती की गई जहां पर विधायक नीतेश राणे, विधान परिषद के सदस्य(एमएलसी) प्रसाद लाड एवं प्रवीण दरेकर और पार्टी नेता कृपाशंकर सिंह सहित कई भाजपा नेत जमा हुए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा नोटिस जारी करने का पुणे, पंढरपुर (सोलापुर जिला), नागपुर, चंद्रपुर और सांगली सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध किया और फडणवीस को जारी नोटिस की प्रतियां जलाईं। भाजपा विधायक और पूर्व राज्यमंत्री आशीष शेलार ने रविवार को कहा, उन्हें बयान दर्ज करने दीजिए। सच को कभी छिपाया या हराया नहीं जा सकता। उन्होंने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा, फडणवीस ने इस मामले में भ्रष्टाचार को उजागर किया है।

## यूक्रेन के...

से सटी यूक्रेन की सीमा से 250 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पश्चिमी शहर इवानो-फ्रैंकिव्स्क में एक हवाई अड्डे पर भी गोलीबारी की। शहर के मेयर ने कहा कि इस हमले का मकसद डर और दहशत के बीज बोना था। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे पर नागरिक उड़ानों के लिए रनवे के साथ-साथ सैन्य हवाई पट्टी भी मौजूद थी।

# अमेरिकी बाजार से दो उत्पाद वापस लेगी मैकलियॉड्स फार्मा

भाषा। नई दिल्ली

**मैकलियॉड्स** फार्मास्युटिकल्स विनिर्माण मानदंडों को पूरा करने में विफल रहने की वजह से अमेरिकी बाजार से अपने दो उत्पाद वापस मंगा रही है। अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन (यूएसएफडीए) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मैकलियॉड्स की अमेरिकी दवा इकाई एम्लोडेपिन और ओल्मेसर्टन मेडोक्सोमिल टैबलेट की 3,672 बोतलें बाजार से वापस मंगा रही है। इन दवाओं का इस्तेमाल उच्च रक्तचाप के इलाज में होता है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार, न्यू जर्सी की कंपनी मैकलियॉड्स फार्मा यूएसए इंक अच्छे विनिर्माण व्यवहार को पूरा करने में विफल रहने की वजह से इन दवाइयों को बाजार से वापस मंगा रही है। इन दवाइयों का विनिर्माण मुंबई की कंपनी मैकलियॉड्स फार्मा ने अपने हिमाचल प्रदेश के बद्दी संयंत्र में किया है।

पायनियर
नई दिल्ली ,सोमवार, 14 मार्च 2022







यूक्रेन के बाहरी इलाके इरपिन में बम आश्रय के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले तहखाने में मोमबत्ती जलाई दो बुजुर्ग महिलाएं, मेड्यका में सीमा पार का एक हवाई दृश्य, जहां यूक्रेन के शरणार्थियों का मुख्य प्रवाह पोलैंड में प्रवेश करते हुए

# सवा लाख को सुरक्षित गलियारे से निकाला गया

## यूक्रेन के राष्ट्रपति का दावा

भाषा। ल्वीव



**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अब तक करीब ।,25,000 आम लोगों को सुरक्षित गलियारे के जरिए निकाला गया है और एक दल मानवीय सहायता लेकर रूसी बलों से घिरे मारियुपोल शहर की तरफ बढ़ रहा है। जेलेंस्की ने रविवार को जारी एक वीडियो संदेश में कहा, हम अब तक मानवीय गलियारे के जरिए करीब ।,25,000 लोगों को सुरक्षित निकाल चुके हैं। उन्होंने कहा, हमारा दल मानवीय सहायता लेकर मारियुपोल की ओर बढ़ रहा है,जोकि अब केवल 80 किलोमीटर दूर है। हम आक्रमणकारियों का मुकाबला करने के लिए हर संभव उपाय कर रहे हैं।

वेटिकन सिटी: पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन में जारी रूसी हमले में निहत्थे आम नागरिकों और बच्चों की हत्या को बर्बरता करार देते हुए इसकी निंदा की। पोप ने आग्रह किया कि शहरों के कब्रिस्तान में तब्दील होने से पहले तत्काल युद्ध को रोका जाना चाहिए। यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद से रविवार को पोप ने बेहद कड़े शब्दों में इसकी निंदा की।

सेंट पीटर्स स्क्वायर में रविवार को एकत्र करीब 25,000 लोगों को संबोधित करते हुए पोप ने कहा, मैं कहता हूं कि ईश्वर के नाम पर इस नरसंहार को रोक दो। अंतालिया: तुर्की के विदेश मंत्री ने रविवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन में फंसे अपने उन नागरिकों को निकालने का प्रयास कर रहा है, जोकि मारियुपोल की एक मस्जिद में ठहरे हुए थे। रूसी हमले में शनिवार को मारियुपोल की एक मस्जिद को निशाना बनाया गया था, जिसमें 34 बच्चों समेत 89 तुर्की नागरिकों ने शरण ली हुई थी। मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से बात की और उनसे मारियुपोल में फंसे तुर्की नागरिकों के लिए सुरक्षित गलियारा उपलब्ध कराने में मदद मांगी ताकि इन लोगों को वहां से निकाला जा सके। ल्वीव: पश्चिमी यूक्रेन में स्थित सैन्य प्रशिक्षण अड्डे पर हुए रूसी हवाई हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 57 अन्य घायल हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस रूसी हमले से युद्ध पोलैंड सीमा के करीब तक पहुंच गया है। इससे पहले रूस के एक वरिष्ठ राजनयिक ने चेताया था कि विदेशों से यूक्रेन को मिलने वाले सैन्य साजो-सामान को मॉस्को निशाना बनाएगा। ल्वीव प्रांत के गवर्नर मक्सिम कोजित्स्काई ने कहा कि रूसी बलों ने ल्वीव शहर के उत्तर-पश्चिम में 30 किलोमीटर दूर स्थित यावोरिव सैन्य ठिकाने पर कम से कम 30 क्रूज मिसाइल दागीं। ए सैन्य अड्डा पोलैंड सीमा से 35 किलोमीटर दूर यूक्रेनी क्षेत्र में स्थित है। सुसेआवा (रोमानिया) रूसी बमबारी के बाद बुरी तरह प्रभावित हुए उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहिव शहर से अपने 10 वर्षीय बेटे के साथ किसी तरह रोमानिया पहुंची एक विधवा ने वहां का मंजर बयां किया।

एलेना युरचुक (44) चेर्निहिव के एक अस्पताल में बतौर नर्स काम करती थीं जोकि बमबारी में तबाह हो चुका है। उन्होंने मौजूदा चेर्निहिव को भूतों का शहर करार देते हुए कहा कि जब वह शहर छोड़कर निकलीं तो वहां बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो चुकी थी। ऐलना ने कहा, हमारा शहर घेरा जा चुका था और हम बेहद मुश्किल से निकल पाए। ल्वीव: यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि रूस उनके देश को तोड़ने के लिए यूक्रेन में नया छद्म गणराज्य बनाने की कोशिश कर रहा है। जेलेंस्की ने शनिवार रात को देश के नाम अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने खेरसन सहित यूक्रेन के क्षेत्रों से अपील की कि वे दोनेत्स्क और लुहांस्क में जो हुआ, उसे दोबारा होने नहीं दें। खेरसन पर रूसी बलों ने कब्जा कर लिया है। रूस समर्थक अलगाववादियों ने 2014 में पूर्वी क्षेत्रों दोनेत्स्क और लुहांस्क में यूक्रेनी सेना से लड़ाई शुरू की थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, खेरसन क्षेत्र पर कब्जा करने वाले छद्म गणराज्य का गठन करके हमें वही दुखद अनुभव कराने की कोशिश कर रहे हैं। वे स्थानीय नेताओं को ब्लैकमेल कर रहे हैं, दबाव बना रहे हैं...। जाहोनी, हंगरी - हंगरी में शरणार्थी के रूप में लगभग तीन सप्ताह बिताने के बाद क्लारा उलिगानिच यूक्रेन लौट रही हैं। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन के पश्चिमी शहर उझहोरोड स्थित अपने घर लौटेंगी। हंगरी के सीमावर्ती शहर जाहोनी में एक रेलवे स्टेशन पर इंतजार कर रहीं उलिगानिच ने कहा, मेरे लिए भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है।

## व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में रूसी बलों की प्रगति से हताश हैं: अमेरिका के सुरक्षा सलाहकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने रविवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन मे अपने बलो की प्रगति से हताश है। साथ ही सुलिवन ने संकल्प जताया कि नाटो क्षेत्र की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा की जाएगी। सुलिवन ने सीएनएन को दिए साक्षात्कार मे कहा, व्लादिमीर पुतिन इस तथ्य से हताश है कि उनकी सेना यूक्रेन मे उस तरह की प्रगति नही दिखा पा रही, जैसा कि उन्होंने कीव समेत प्रमुख शहरो को लेकर अपेक्षा जताई थी। सुलिवन ने कहा कि अमेरिका 24 फरवरी को यूक्रेन पर हुए रूसी हमले से पहले ही आगाह करता आया है कि रूस की योजना पूरे यूक्रेन - उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम- पर हमला करने की है। उन्होंने कहा कि ऐसे मे अमेरिकी खुफिया एजेंसी और राष्ट्रीय सुरक्षा समुदाय को इस बात को लेकर कोई आश्चर्य नही है कि रूस की योजना पूरे यूक्रेन पर हमला करने की रही है। सुलिवन ने फिर दोहराया की अमेरिकी बल यूक्रेन मे कार्वाई नही करेंगे।

## ब्रिटेन सरकार यूक्रेन के शरणार्थियों को अपने घरों में आश्रय देने वाले परिवारों को 350 पाउंड देगी

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने रविवार को उन परिवारो को 350 पाउंड (456 अमेरिकी डॉलर) प्रति माह भत्ता देने की घोषणा की, जो युद्ध क्षेत्र से आने वाले यूक्रेनी शरणार्थियों को अपने घरों में आश्रय देते है। ब्रिटेन के आवास मंत्री माइकल गोव ने टेलीविजन साक्षात्कारो के दौरान कहा कि उन्हे उम्मीद है कि हजारो शरणार्थी अतिरिक्त योजनाओ से लाभान्वित होगे, जिसमे स्थानीय परिषदो के लिए प्रति व्यक्ति 10,000 पाउंड (13,000 अमेरिकी डॉलर) का अनुदान शामिल होगा ताकि रूस-यूक्रेन संघर्ष की वजह से यहां आने वाले लोगो की अतिरिक्त जरूरतो को पूरा किया जा सके। मंत्री ने कहा कि शरणार्थियो को करदाताओ द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) तक भी पहुंच होगी। गोव ने स्काई न्यूज को बताया, यहां आने वाले प्रत्एक व्यक्ति के लिए, स्थानीय अधिकारियो को प्रति व्यक्ति 10,000 पाउंड से अधिक उपलब्ध कराया जाएगा। यूक्रेन के लिए नई आवास योजना के तहत सोमवार से ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकेगा। प्रायोजन (स्पांसर) योजना के तहत, प्रायोजक के रूप मे कार्य करने वाले व्यक्ति एक नामित यूक्रेनी व्यक्ति या परिवार को उनके साथ अपने घर मे किराए पर मुक्त रहने के लिए, या एक अलग संपत्ति देने मे सक्षम होगे।

## साइप्रस में युद्ध विरोधी प्रदर्शन में शामिल हुए रूसी नागरिक

**लिमासोल (साइप्रस)।** यूक्रेन मे युद्ध का विरोध करने के लिए तटीय रिसॉर्ट शहर लिमासोल में रविवार को रूस के कई नागरिक यूक्रेन के लोगों के साथ शामिल हुए। अन्य प्रदर्शनकारियो के साथ शामिल होने से पहले लगभग 50 रूसी नागरिक लिमासोल के सैरगाह पर एकत्र हुए और उन्होंने युद्ध बंद करो, पुतिन को रोको और पुतिन के बिना रूस सहित कई नारे लगाए। उन्होंने नीले और सफेद झंडे लहराए। पांच साल से साइप्रस मे रह रहे और काम कर रहे प्रदर्शनकारी एवगेनिया शिलकावा ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि रूसी प्रचार के बावजूद, यूक्रेन मे हमारी सरकार द्वारा इस तरह की कार्वाई नही की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी युद्ध को तत्काल समाप्त करने की मांग कर रहे है।

## अमेरिकी पत्रकार की मौत

**ल्वीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव के एक अस्पताल में इलाज करा रहे एक अमेरिकी पत्रकार का कहना है कि उन्हे और उनके एक अमेरिकी सहयोगी को कीव के निकट एक शहर इरपिन में एक पुल के निकट जांच चौकी पर रोके जाने के बाद गोली मार दी गई थी। जुआन एंर्डोडो ने सर्जरी के लिए ले जाने से पहले अस्पताल से एक साक्षात्कार में इतालवी पत्रकार एनालिसा कैमिली को बताया कि उनके सहयोगी की गर्दन मे चोट लगी थी। कैमिली ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि जब एंर्डोडो पहुंचे तो वह अस्पताल मे थी और एक रूसी जांच चौकी पर रोके जाने के बाद गोली लगने के बाद एंर्डोडो घायल हो गए थे। एंर्डोडो ने कैमिली को बताया कि उनके साथी अमेरिकी पत्रकार के बारे मे अधिक जानकारी नही है, जिसकी पहचान उन्होंने अपने मित्र ब्रेट रेनॉड के रूप मे की है।

## पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन में बच्चों व आम नागरिकों की हत्या की निंदा की

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन मे जारी रूसी हमले मे निहत्थे आम नागरिको और बच्चों की हत्या को बर्बरता करार देते हुए इसकी निंदा की। पोप ने आग्रह किया कि शहरो के कब्रिस्तान मे तब्दील होने से पहले तत्काल युद्ध को रोका जाना चाहिए। यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद से रविवार को पोप ने बेहद कड़े शब्दो मे इसकी निंदा की। सेंट पीटर्स स्क्वायर में रविवार को एकत्र करीब 25,000 लोगो को संबोधित करते हुए पोप ने कहा, मै कहता हूं कि ईश्वर के नाम पर इस नरसंहार को रोक दो।

## इटली में यूक्रेनी शरणार्थियों से भरी बस पलटी, एक व्यक्ति की मौत

**रोम।** इटली मे रविवार तड़के एक प्रमुख राजमार्ग पर यूक्रेनी शरणार्थियो से भरी बस पलट गई। इस हादसे मे एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। इटली के स्थानीय मीडिया के मुताबिक, उत्तरी इटली के फोर्ली शहर मे हुए इस हादसे मे पांच अन्य लोग घायल भी हुए है। हालांकि, किसी घायल की हालत गंभीर नही है।

## विस्फोटक से लदा था क्रोएशिया की राजधानी में दुर्घटनाग्रस्त होने वाला सैन्य ड्रोन

**जागरेब।** यूक्रेन युद्धस्थल से उड़कर नाटो के तीन यूरोपीय सदस्य देशों से होते हुए क्रोएशिया की राजधानी मे दुर्घटनाग्रस्त होने वाला सैन्य ड्रोन एक विस्फोटक उपकरण से लदा था। क्रोएशिया के रक्षा मंत्री ने रविवार को यह जानकारी दी। सोवियत निर्मित ड्रोन, बृहस्पतिवार को क्रोएशिया की एक डोर्मिटरी के पास गिरने से पहले रोमानिया और हंगरी के ऊपर से गुजरा था। इस विस्फोट मे लगभग 40 कारे क्षतिग्रस्त हो गई थी लेकिन कोई हताहत नही हुआ। क्रोएशिया के रक्षा मंत्री मारियो बानोजिक ने कहा, विस्फोटक होने के साक्ष्य मिले है जिससे पता चलता है कि यह कोई निगरानी वाला विमान नही था। हमे एक बम के हिस्से मिले है। इससे यह स्पष्ट नही होता कि ड्रोन रूस का था या यूक्रेन का।

## क्विक न्यूज

### नेपाल के प्रधान न्यायाधीश राणा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव संसद में पेश

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधान न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर जेबी राणा के खिलाफ एक महाभियोग प्रस्ताव रविवार को संसद में आगे की चर्चा के लिए पेश किया गया। एक महीने पहले 98 सांसदों ने इसे प्रतिनिधि सभा में दर्ज किया था। मुख्य विपक्षी दल सीपीएन-यूएमएल के सांसदों के हंगामे के बीच सीपीएन (माओवादी सेंटर) के एक विधायक देव गुरुंग ने प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में प्रस्ताव पेश किया। गुरुंग ने 20 सूत्री महाभियोग प्रस्ताव पेश किया, जिसे 95 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। अध्यक्ष अग्नि प्रसाद सपकोटा ने गुरुंग को महाभियोग प्रस्ताव को एचओआर में पेश करने के लिए समय आवंटित किया। प्रस्ताव पेश होने के बाद प्रतिनिधि सभा की बैठक 16 मार्च तक के लिए टाल दी गई।

### नेपाल के एक सांसद ने सरकार पर धारचूला में भारत के कथित निर्माण पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया

**काठमांडू।** नेपाल के एक सांसद ने रविवार को प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सरकार पर धारचूला जिले में भारत द्वारा कथित रूप से एक तटबंध के निर्माण पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। सीपीएन-यूएमएल के सांसद भीम बहादुर रावल ने संसद में इस मुद्दे पर चुप रहने को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा, यह शर्मनाक है कि कुछ दिन पहले भारत द्वारा शुरू किए गए निर्माण कार्य पर हमारी सरकार चुप्पी साधे हुए है। सरकार को इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। गृह मंत्री एवं विदेश मंत्री को सदन में आना चाहिए एवं इस विषय पर नेपाली लोगों को जवाब देना चाहिए।

### चीन ने वायरस के प्रसार की रोकथाम के चलते शेनझेन का बिजनेस सेंटर बंद किया

**बीजिंग।** कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंता के बीच चीन ने रविवार को शेनझेन शहर के प्रमुख बिजनेस सेंटर को बंद करने का कदम उठाया। साथ ही वायरस के प्रसार की रोकथाम के मद्देनजर शंघाई से संपर्क में कटौती करने के लिए बसों का संचालन स्थगित कर दिया है। चीनी सरकार के मुताबिक, रविवार को संक्रमण के 60 नए मामले सामने आने के बाद शेनझेन शहर के प्रत्एक व्यक्ति को त्रिस्तरीय जांच से गुजरना होगा। ए शहर वित्त एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के तौर पर मशहूर है। खाद्य आपूर्ति, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं वाले कारोबार के अलावा बाकी सभी प्रतिष्ठानों को बंद रखने या घर से काम करने का आदेश दिया गया।

### बाफ्टा पुरस्कार की दौड़ में ड्यून और पावर ऑफ द डॉग आगे

**लंदन।** ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार (बाफ्टा) का रविवार देर रात भव्य आयोजन किया जाएगा। विज्ञान फंतासी फिल्म ड्यून और डार्क थ्रिलर द पावर ऑफ द डॉग बाफ्टा अवॉर्ड की दौड़ में सबसे आगे चल रही हैं। साल 2021 में कोरोना वायरस महामारी के कारण बाफ्टा अवॉर्ड समारोह मुख्यत: वर्चुअल रूप से ही आयोजित किया जा सका था। इस साल लंदन के रॉयल एल्बर्ट हॉल में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह में बेनेडिक्ट कंबरबैच और लेडी गागा के रेड कार्पेट पर शिरकत करने की उम्मीद है। अभिनेत्री रिबेल विल्सन समारोह में मेजबान की भूमिका निभाती नजर आएंगी। टिमोथी शैलमेट और जेंदाया के अभिनय से सजी डेनिस विलेन्एव की ड्यून ने सर्वाधिक 11 श्रेणियों में नामांकन हासिल किया है।

### ईरान ने सऊदी अरब के साथ वार्ता स्थगित की

**तेहरान।** ईरान ने क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी सऊदी अरब के साथ वर्षों से जारी तनाव को कम करने के मकसद से चल रही गोपनीय वार्ता को अस्थाई तौर पर स्थगित करने का निर्णय लिया है। बगदाद की मध्यस्थता से यह वार्ता चल रही थी। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की करीबी समझी जाने वाली ईरानी समाचार वेबसाइट नॉर न्यूज की खबर के मुताबिक, सरकार ने एकतरफा निर्णय लेते हुए सऊदी अरब से वार्ता स्थगित कर दी है जो दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के मद्देनजर पिछले साल से बगदाद में चल रही है। एक दिन पहले ही सऊदी अरब ने अपने आधुनिक इतिहास में एक ही दिन सामूहिक रूप से सबसे ज्यादा लोगों को मृत्युदंड दिया है।

### मलेशिया की सत्तारूढ़ पार्टी ने राज्य चुनाव में फिर से बड़ी जीत दर्ज की

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के प्रधानमंत्री इस्माइल साबरी की मलय पार्टी ने सत्तारूढ़ दल में अपने सहयोगियों और विपक्ष को हराकर जोहोर राज्य के चुनाव में शानदार जीत हासिल की है। यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गनाइजेशन (यूएमएनओ) की दक्षिणी जोहोर राज्य में शनिवार की बड़ी जीत ने नवंबर में एक अन्य राज्य के चुनाव में उसकी जीत को प्रतिबिंबित किया और यह समर्थकों को जल्दी आम चुनावों की मांग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। आम चुनाव जुलाई 2023 तक होने के आसार नहीं हैं। यूएमएनओ के नेतृत्व वाले नेशनल फ्रंट गठबंधन ने 61 वर्षों तक मलेशिया पर शासन किया।

# रूस को लेकर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका, चीन के उच्च सलाहकारों के बीच बैठक होगी

भाषा। वाशिंगटन



**यूक्रेन** युद्ध पर रूस द्वारा प्रसारित की जा रही गलत खबरों को चीन के बढ़ावा देने संबंधी अमेरिका की चिंता के बीच राष्ट्रपति जो. बाइडन सोमवार को रोम में एक वरिष्ठ चीनी अधिकारी के साथ बातचीत के लिए अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को भेजेंगे। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एमिली हॉर्न ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और चीनी विदेश नीति के वरिष्ठ सलाहकार यांग जिएची के बीच वार्ता हमारे दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा का प्रबंधन करने और यूक्रेन युद्ध के क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा प्रभाव पर चर्चा करने के प्रयासों पर केंद्रित होगी। व्हाइट हाउस ने चीन पर झूठे रूसी दावों को फैलाने का आरोप लगाया है कि यूक्रेन अमेरिका के समर्थन से रासायनिक और जैविक हथियार प्रयोगशाला चला रहा है। सुलिवन ने कहा कि चीन और अन्य देशों को रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को कम करने में मदद करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए और अमेरिका ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अन्य देशों को रूसी अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं करना चाहिए। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि न तो चीन और न ही कोई और रूस को इस नुकसान की भरपाई कर सके। रूसी दावे को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने भी उठाया था, जिन्होंने दावा किया था कि 26 जैव-प्रयोगशालाएं और संबंधित केन्द्र हैं जिन पर अमेरिकी रक्षा विभाग का पूर्ण नियंत्रण है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उसे इस तरह के आरोपों का समर्थन करने वाली कोई जानकारी नहीं मिली है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने इन दावों को आधारहीन बताया था। सुलिवन ने सीबीएस पर फेस द नेशन कार्यक्रम में कहा था कि रासायनिक और जैविक युद्ध पर रूसी बयानबाजी एक संकेत है कि वास्तव में रूस ऐसा करने के लिए कहीं आधार तैयार नहीं कर रहा हो।

## सर्बिया मास्को जाने वाली उड़ानें कम करेगा

**बेलग्रेड।** एआरसर्बिया एक बार फिर से मास्को के लिए दिनभर में केवल एक उड़ान का संचालन करेगी। यूरोपीय संघ की ओर से रूस के लिए उड़ानों पर व्यापक प्रतिबंधों की अनदेखी करने और यूक्रेन में युद्ध से फायदा कमाने जैसी आलोचना के बाद राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने यह कदम उठाया। दो हफ्ते पहले रूसी हमले की शुरुआत के बाद से एआरसर्बिया ने मास्को के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाकर दोगुनी कर दी थी। यही नहीं इसने सीट संख्या बढ़ाने के लिए बड़े विमानों को उड़ान सेवा के लिए शामिल किया ताकि अधिक फायदा उठाया जा सके। तुर्की की कुछ विमानन कंपनियों को छोड़कर सर्बिया की एयरलाइन यूरोप की इकलौती ऐसी कंपनी है, जिसने अंतरराष्ट्रीय उड़ान पर प्रतिबंध के ऐलान के बादवजूद रूस के लिए उड़ानों का संचालन जारी रखा।

# यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद, शीतयुद्ध की प्रतिध्वनि सुनाई देने लगी

भाषा। न्यूयार्क

**रूस से दुश्मनी,** एक छद्म रणभूमि, परमाणु हथियारों की होड़, ए कुछ ऐसी परिस्थितियां हैं जिनके बारे में अमेरिकियों की कई पीढ़ियां मानती हैं कि यह पुराने दिनों जैसा है।

यूक्रेन पर हमले से अमेरिका के लिए उसके चिरपरिचित शत्रु रूस के साथ शीतयुद्ध जैसी भावना तेजी से प्रतिध्वनित हो रही है। अमेरिकी बार ने अपने रूसी वोडका को बहा दिया। मैकडोनाल्ड ने जब मास्को में अपनी पहली दुकान खोली थी, तब इसे सोवियत संघ के समापन का प्रतीक समझा गया था। हालांकि, अब मैकडोनाल्ड ने रूस में अपनी दुकानें बंद कर दी हैं। एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति को वैचारिक लड़ाई नजर आ रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, हम लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। अमेरिका के लिए रूस फिल्म या टेलीविजन के खलनायक किरदार से पीछे हटा ही नहीं। अब क्रेमलिन के साथ फिर उसका तनाव हो गया है जिसकी पूरी भू-राजनीतिक पटकाथा तैयार हो गई है। अब फिर पूरब और पश्चिम के बीच वैमनस्य की बयार बह चली है। जार्जटाउन विश्वविद्यालय में इतिहास एवं अंतरराष्ट्रीय विषय के प्रोफेसर और वूड्रो विल्सन सेंटर की शीतयुद्ध अंतरराष्ट्रीय इतिहास परियोजना के निदेशक रह चुके जेम्स हर्शबर्ग ने कहा, यह बिल्कुल शीतयुद्ध जैसा प्रतिध्वनित होता है। उन्हें काफी कुछ ऐसा नजर आता है जो रूस के साथ आज के बढ़े तनाव में भिन्न है। उनका कहना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आक्रामक रवैए का आधार उस तरह वैचारिक नहीं है जिस तरह सोवियत संघ के लिए साम्यवाद को लेकर था। हालांकि, उन्होंने कहा कि वतर्मान संकट में दो परमाणु महाशक्तियां एक दूसरे के सामने हैं तथा रूस का रणनीतिक अतिवादी कदम अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए एक बार फिर विध्वंसक स्थिति पैदा कर रहा है।

# भारत को जवाब दे सकते थे, हमने संयम बरता : इमरान

भाषा। लाहौर



**प्रधानमंत्री** इमरान खान ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान अपने पंजाब प्रांत में भारतीय मिसाइल के गिरने पर भारत को जवाब दे सकता था, लेकिन इसने संयम दिखाया। गत नौ मार्च को एक हथियार रहित भारतीय सुपरसोनिक मिसाइल पाकिस्तानी क्षेत्र में चली गई थी। इस मिसाइल के लाहौर से 275 किलोमीटर दूर मियां चन्नू के पास एक कोल्ड स्टोर पर गिरने से पहले कई एयरलाइनों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया था। हालांकि इस मिसाइल के गिरने से पाकिस्तान में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इस मामले पर पहली बार अपनी प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री ने कहा, हम भारतीय मिसाइल के मियां चन्नू में गिरने के बाद जवाब दे सकते थे, लेकिन हमने संयम दिखाया। विपक्ष की ओर से संयुक्त रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने के बीच प्रधानमंत्री इमरान खान दोपहर को पंजाब के हफीजाबाद में रविवार को एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इमरान ने देश की रक्षा तैयारियों के बारे में बताते हुए कहा, हमें अपनी सेना और देश को मजबूत बनाना है। इससे पहले, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने शनिवार को कहा था कि वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दुर्घटनावश एक मिसाइल दागने के भारत के सरल स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है और उसने संयुक्त जांच की मांग की थी।

## नेशनल असेंबली के अध्यक्ष 15 मार्च के बाद निचले सदन का सत्र बुलाएंगे: पाक के गृह मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख रशीद ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव के मद्देनजर नेशनल असेंबली के अध्यक्ष 15 मार्च के बाद संसद के निचले सदन का सत्र बुलाएंगे। रशीद ने संवाददाताओं को बताया कि खान के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर अध्यक्ष असद कैसर को निचले सदन का सत्र बुलाने का अधिकार है।, यह अध्यक्ष को तय करना है कि सत्र कब बुलाना है। वह 15 (मार्च) के बाद फैसला करेंगे। मंत्री ने कहा कि कानून के अनुसार अध्यक्ष को 22 मार्च तक सत्र बुलाना होगा , विपक्षी दलों ने आठ मार्च को अविश्वास प्रस्ताव दिया था। रशीद ने कहा कि पहले दिन, सचिव अविश्वास प्रस्ताव के लिए एक नोटिस वितरित करेंगे, जिसे अगले कार्य दिवस पर पेश किया जाएगा। संयुक्त विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद से पाकिस्तान मे राजनीतिक पारा चढ़ रहा है।



एक यूक्रेनी सैनिक ने बाहरी इलाके इरपिन में एक बंकर की खुदाई की

# कच्चातीवु में भारतीय श्रद्धालुओं ने सेंट एंथनी गिरजाघर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया

**कोलंबो।** श्रीलंका के जाफना में कच्चातीवु में सेंट एंथनी गिरजाघर पर सालाना आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कम से कम सौ भारतीय श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।दो दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन 11-12 मार्च हो हुआ था। सेंट एंथनी को दोनों देश के मछुआरे अपना आराध्य मानते हैं। उच्चायोग ने शनिवार को एक बयान में कहा, कम से कम सौ भारतीय श्रद्धालु, जिनमें अधिकतर मछुआरे और पुजारी थे, ने 11-12 मार्च 2022 को कच्चातीवु में सेंट एंथनी गिरजाघर पर सालाना आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

PUBLIC NOTICE
BE IT KNOWN TO ALL THAT My clients Shri Rakesh Sharma S/o Late Sh. Laxmi Narayan Sharma and Ms. Savita Sharma W/o Shri Rakesh Sharma R/o 1300, 3rd floor,Type-2, Delhi Admin Flats, Gulabi Bagh, Delhi-110007, have severed relations/connections with their son Vaibhav Sharma for all purposes. They are further disentitled/ disowned to claim any right/share in the movable and immovable properties owned by my clients. Any person dealing with him in any manner shall be solely doing so at his own risk and costs. My clients shall not be responsible for discharging any liability/claim in this regard.
LALIT KHURANA-ADVOCATE
Chamber No. 2, Civil Supply Bldg.
Tis Hazari Court, ,Delhi - 110054

**विनय कृष्ण गुप्ता** कहते हैं कि चूंकि आईटी ढांचा प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है, इसलिए सही तकनीकी प्रतिभा को काम पर रखना एक बड़ी चुनौती है। केवल 29 फीसदी टेक कंपनियों का मानना है कि उनके पास प्रगति के लिए सही टीम है। और, यह तो बस शुरुआत है

# प्रतिभा की खोज



हम लगातार बदलती दुनिया में रहते हैं जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम मेधा और मशीन लर्निंग जैसी नई तकनीकें विकसित होती रहती हैं। एक तरफ तीव्र ऑटोमेशन के कारण अकेले अमेरिका में 60 मिलियन नौकरियों का नुकसान हुआ है। लेकिन, उज्जवल पक्ष में, यह अनुमान लगाया गया है कि भविष्य की तकनीक-संचालित अर्थव्यवस्था दुनिया भर में लगभग 97 मिलियन नौकरियों का सृजन करेगी।

2021 भारतीय तकनीक उद्योग, खासकर स्टार्टअप इकोसिस्टम, के लिए बहुत अच्छा रहा है। भारतीय स्टार्टअप ने इस साल 33 अरब डॉलर से अधिक की राशि जुटाई है, जो कि पिछले तीन वर्षों से अधिक है। हालांकि, चिंता का एक कारण है-प्रतिभा की कमी। क्या आप जानते हैं कि सही प्रतिभा की कमी के कारण 80 मिलियन से अधिक नौकरियां अधूरी रह सकती हैं?

चूंकि आईटी संरचना प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है, इसलिए सही तकनीकी प्रतिभा को काम पर रखना एक बड़ी चुनौती है। केवल 29 फीसदी टेक कंपनियों का मानना है कि उनके पास प्रगति के लिए सही टीम है। और यह सिर्फ शुरुआत है। आने वाले वर्षों में और अधिक प्रतिभा की कमी दिखाई देगी क्योंकि प्रौद्योगिकी हर दिन विकसित होगी जो तकनीकी कंपनियों को अपना खेल बनाए रखने के लिए चुनौती देगी। रोज सुर्खियां बनती हैं कि कैसे रोबोट वह सब कुछ करने के लिए तैयार हैं जो एक मानव मस्तिष्क कर सकता है और बहुत तेज गति से। इसके अतिरिक्त, महामारी ने भर्ती प्रक्रिया को धीमा कर दिया है। प्रतिभा की कमी के कारण, परियोजनाओं को समय पर विकसित करने और महत्वपूर्ण समय सीमा को पूरा करने में विफल रहने के मामले में संगठनों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान कर्मचारियों पर अत्यधिक बोझ है, महामारी ने सब कुछ डिजिटल होने के लिए मजबूर कर दिया है, और इसलिए कॉरपोरेट्स को कुशल तकनीकी संसाधनों के साथ अपने मौजूदा कार्यबल को बढ़ाना पड़ा।

पिछले करीब एक साल में, यह निश्चित है कि आपने 2021 के महान इस्तीफे के बारे में सुना होगा। अधिक से अधिक लोग कुछ बेहतर करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ रहे हैं, या अपने करियर को पूरी तरह से बदल रहे हैं। लेकिन अगर ऐसा हो रहा है, तो टेक टैलेंट की बात करें तो व्यवसायों को इतनी कमी का सामना क्यों करना पड़ रहा है? सेक्टर ब सेक्टर कारण भिन्न हो सकते हैं। श्रमिकों के कार्यबल छोड़ने का एक मुख्य कारण अपने बच्चों की देखभाल करना था। सबसे लंबे समय तक स्कूल बंद रहे हैं, और दुर्भाग्य से, लिंग



**विनय कृष्णा गुप्ता**
सीईओ, फाउंडर एट एंटिनो

असंतुलन के कारण अधिक महिलाओं ने अपनी नौकरी छोड़ दी है। एक अन्य कारक यह तथ्य हो सकता है कि पारंपरिक लोगों की तुलना में अधिक से अधिक श्रमिकों ने दूरस्थ कार्य मॉडल को अपनाना शुरू कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप आईटी उद्योगों के लिए सही लोगों की भारी कमी हो गई। सच्चाई यह है कि उद्योग हर दिन विकसित हो रहा है, और शैक्षिक क्षेत्र के लिए, प्रतिभा की कमी के कारकों में से एक के रूप में योगदान करना मुश्किल हो रहा है। नई प्रौद्योगिकियां सामने आई हैं, लेकिन कॉलेज के पाठ्यक्रम वही रहे हैं। छात्रों को भविष्य की तकनीकों से जल्दी परिचित होने की आवश्यकता है, और हमारी प्रणाली धीमी लगती है।

> निकट भविष्य में तकनीकी प्रतिभा की कमी बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि प्रौद्योगिकी कभी रुकने वाली नहीं है। बाजार अति-प्रतिस्पर्धी है और महामारी अड़ियल है। महामारी से पहले भी, हम एक डिजिटल बदलाव के दौर में थे, और अब यह तेज हो गया है।

काम पर रखने प्रक्रिया की बात करें तो वे दिन गए जब लोगों को किसी ऐसी चीज के कारण काम पर रखा जाता था जो कागज पर अच्छी लगती थी। अब, प्रतिभा और योग्यता-विशेष प्राथमिकताएं हैं। उम्मीदवारों का मिशन और विजन प्राथमिकताएं हैं। अब, कंपनियों को यह भी सुनिश्चि करना होगा कि शामिल होने के तुरंत बाद व्यक्ति को छोड़ने का कारण न मिले। इसलिए, प्रौद्योगिकी की तरह, भर्ती प्रक्रिया विकसित हुई है।

निकट भविष्य में तकनीकी प्रतिभा की कमी बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि प्रौद्योगिकी कभी रुकने वाली नहीं है। बाजार अति-प्रतिस्पर्धी है और महामारी अड़ियल है। महामारी से पहले भी, हम एक डिजिटल बदलाव के दौर में थे, और अब यह तेज हो गया है। एक दशक तक टैलेंट संकट जारी रहने जैसी अटकलों के साथ, केवल समय ही बताएगा कि कंपनियां इस तूफान का सामना कैसे करती हैं।

# छात्रों के प्रबंधकीय कौशल को बढ़ाना

**अंकित कपूर** कहते हैं कि प्रबंधन कोर्स छात्रों को व्यावसायिक प्रथाओं व प्रदर्शन में सुधार के लिए रणनीतिक रूप से उपयोग किए जाने वाले उपकरणों व तकनीकों से परिचित कराता है



**अंकित कपूर**
को-फाउंडर एंड डायरेक्टर,
प्रथम टेस्ट प्रेप

हालांकि भारत में प्रबंधन के समस्त इच्छुक आईआईएम से डिग्री पाने का सपना देखते हैं, लेकिन कैट परीक्षा में प्रतिस्पर्धा के स्तर को देखते हुए, यह एक ज्ञात तथ्य है कि संस्थानों के प्रतिष्ठित समूह में प्रवेश पाना आसान नहीं है। संबंधित और समाधान की तलाश करने वालों को यह जानने की जरूरत है कि ऐसे आईआईएम हैं जो बारहवीं कक्षा के ठीक बाद आईआईएम में प्रवेश हेतु पांच वर्षीय एकीकृत एमबीए प्रोग्राम प्रदान करते हैं।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इंदौर और रोहतक हर साल अपनी राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा (आईपीएमएटी) आयोजित करते हैं, जिसमें अब आईआईएम जम्मू, रांची और बोधगया शामिल हो गए हैं। एप्टीट्यूड टेस्ट, प्रबंधन में उनके पांच साल के एकीकृत कार्यक्रम में प्रवेश की सुविधा प्रदान करता है, जहां लगभग 20,000 छात्र सालाना परीक्षा के लिए उपस्थित होते हैं। प्रवेश प्रक्रिया विभिन्न चरणों में की जाती है, जिसकी शुरुआत आईपीएम एप्टीट्यूड टेस्ट (आईपीएमएटी), लिखित योग्यता परीक्षा (वाट) और व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) से होती है।

आईआईएम के अलावा, कई अन्य संस्थान भी हैं जो इस पांच साल के एकीकृत कार्यक्रम की पेशकश करते हैं, जैसे नालसर, हैदराबाद ने हाल ही में कोर्स शुरू किया है और यह भी उम्मीद है कि भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) इस शैक्षणिक वर्ष से इस कार्यक्रम को शुरू करने के लिए तैयार है।

यह उपयोगी क्यों है?

पांच साल का एकीकृत एमबीए प्रोग्राम उन बारहवीं कक्षा पास-आउट छात्रों के लिए है जो व्यवसाय प्रबंधन में अपना करियर बनाना चाहते हैं। यह नैतिक विचारों के आधार पर छात्रों के प्रबंधकीय कौशल व ज्ञान को जागृत करता है। जो छात्र एक एकीकृत एमबीए करना चाहते हैं, उन्हें कोर्स के संदर्भ में एक अतिरिक्त लाभ होगा क्योंकि पाठ्यक्रमों या विषयों की पुनरावृत्ति नहीं होती है। एकीकृत कार्यक्रम में उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा व चयन प्रक्रिया के लिए दो बार (यूजी और पीजी स्तर पर) उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है, इसलिए एक वर्ष की बचत होती है जो प्रवेश परीक्षा की तैयारी में जाती है। प्रबंधन कोर्स छात्रों को व्यावसायिक प्रथाओं और प्रदर्शन में सुधार के लिए रणनीतिक रूप से उपयोग किए जाने वाले उपकरणों और तकनीकों से परिचित कराता है। प्रबंधन उम्मीदवार को इस कोर्स में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है। एक बार कोर्स पूरा होने के बाद, वे सेवा क्षेत्र, विनिर्माण क्षेत्र, आईटी क्षेत्र, बैंकिंग क्षेत्र आदि में रोजगार प्रोफाइल की तलाश कर सकते हैं।

छात्र पांच साल के एकीकृत कार्यक्रम का लक्ष्य बना रहे हैं क्योंकि यह निम्नलिखित प्रदान करता है :

सीखने में योगदान देना और उन्हें ज्ञान आत्मसात व कौशल अधिग्रहण के तरीकों से परिचित कराना।

सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए युवा प्रबंधकों को प्रबंधन, कानून, दर्शन और मनोविज्ञान की मजबूत नींव प्रदान करना।

यह नवाचार व तार्किक निर्णय लेने को बढ़ावा देने के लिए एक प्रक्रिया-संचालित दृष्टिकोण की तुलना में अधिक समग्र सोच क्षमता पर जोर देता है।

यह उनकी ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप और लाइव प्रोजेक्ट के एक हिस्से के रूप में विविध निर्णय परिदृश्यों, वास्तविकताओं व जटिलताओं में व्यावहारिक प्रदर्शन हासिल करने के अवसर पैदा करता है ताकि गहन व प्रासंगिक समझ विकसित हो सके।

छात्रों की उद्यमशीलता की आकांक्षाओं का पोषण करना और कार्यक्रम के दौरान उन्हें ठोस ऐतिहासिक मुकाम की ओर बढ़ने में मार्गदर्शन करना।

**आज की डिजिटल दुनिया में भर्ती करने का यह एक अच्छा तरीका है। ललित सिंह का कहना है कि एक निश्चित परिसर में छात्रों को विज्ञापन भेजकर, जियोफेंसिंग आपको वर्तमान या भविष्य के कॉलेज स्नातकों की भर्ती में मदद कर सकती है**

# कैसे काम करती है जियोफेंसिंग



पहले लोगों के एक विशिष्ट समूह को लक्षित करने के लिए पड़ोस की पहचान करना व डाकघर से सामूहिक मेल भेजना पड़ता था। हालांकि, इन दिनों इंटरनेट पर, स्थान-आधारित लक्ष्यीकरण अधिक शक्तिशाली है और इसे अधिक सटीकता के साथ पूरा किया जाता है। ऐसी रणनीतियों का उपयोग केवल उत्पाद-प्रचार व सेवा प्रस्तावों के अलावा और भी बहुत कुछ के लिए किया जा सकता है। यह भर्ती के लिए भी उपयोगी है, क्योंकि यह आपको विशिष्ट पड़ोस, विश्वविद्यालयों, कंपनियों, अस्पतालों व अन्य स्थानों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देती है जो आपकी प्रतिभा खोज में उपयोगी हो सकते हैं।

**जियोफेंसिंग एक स्थान**-आधारित सेवा है जिसमें एक मोबाइल डिवाइस एक भौगोलिक क्षेत्र के आसपास स्थापित एक आभासी सीमा में प्रवेश करता है और एक ऐप या अन्य सॉफ्टवेयर, जो पूर्व-प्रोग्राम की गई कार्रवाई को तेज करने के लिए जीपीएस, वाई-फाई या सेलुलर डेटा का उपयोग करता है। इस बात पर निर्भर रहते हुए कि जीओफेंसिंग कैसे कॉन्फिगर की जाती है, यह पुश नोटिफिकेशन, एसएमएस संदेश, अलर्ट या लक्षित सोशल मीडिया विज्ञापन भेज सकता है।

यह एक आभासी, वायरलेस सीमा स्थापित करने की विधि है - एक आयोजन, एक पोस्टकोड, या एक पड़ोस के इर्दगिर्द - ताकि उस क्षेत्र के व्यक्तियों को उनके सेलफोन पर संदेश या विज्ञापन प्राप्त हों। शायद प्रौद्योगिकी का सबसे प्रसिद्ध अनुप्रयोग है प्रतिष्ठानों से होकर जाने वाले संभावित खरीदारों को कूपन का वितरण। कई वर्षों से, खुदरा विक्रेताओं ने इस तकनीक का उपयोग उन ग्राहकों को छूट और कूपन कोड प्रदान करने के लिए किया है जो अपने व्यवसायों के आसपास एक विशिष्ट क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। मकसद यह है कि वे अंदर आएं और कुछ खरीदें।

**प्रतिभा अधिग्रहण**-जियोफेंसिंग आज की डिजिटल दुनिया में भर्ती करने का एक अच्छा तरीका है। एक खास परिसर में छात्रों को विज्ञापन भेजकर, जियोफेंसिंग आपको वर्तमान या भविष्य के कॉलेज स्नातकों की भर्ती में मदद कर सकता है। आक्रामक होते हुए भी, यह विधि उन फर्मों के लिए प्रभावी है जो निष्क्रीय लोगों को काम पर रखना चाहती हैं। जियोफेंसिंग का उपयोग किसी भी आकार के व्यवसायों व किसी भी उद्योग में किया जा सकता है। यह आपकी कंपनी में प्रतिभाशाली व कुशल कर्मचारियों को आकर्षित करने की एक शानदार तकनीक है। भर्ती के लिए जियोफेंसिंग का उपयोग करने से आपको विशिष्ट व्यक्तियों को खोजने में भी मदद मिल सकती है। फोन का सर्वव्यापी उपयोग, लक्षित ध्यान, वैयक्तिकरण कारक और संभावित संभावनाओं के साथ संवाद करने के तरीकों की विविधता भर्ती को प्रभावी बनाने के लिए जियोफेंसिंग का निर्माण करती है।

**फोन का बढ़ता उपयोग**-बहुत सारे लोगों के पास सेल फोन होने के कारण, व्यवसायों के लिए ग्राहकों व नौकरी चाहने वालों तक पहुंचने के लिए सेल फोन का उपयोग करना समझ में आता है। नियोक्ता जियोफेंसिंग का इस्तेमाल प्रासंगिक मोबाइल विज्ञापन दिखाने या उम्मीदवारों को नोटिफिकेशन भेजने के लिए कर सकते हैं। विज्ञापन दिन के किसी भी समय संभावित कर्मचारियों तक पहुंच सकते हैं।

**लक्षित दृष्टिकोण**-जियोफेंसिंग भी कंपनियों को अधिक केंद्रित तरीके से भर्ती करने का अवसर देती है। कंपनियां भर्ती के लिए जियोफेंसिंग का उपयोग कर रही हैं क्योंकि यह परिणाम आधारित तकनीक है। जब वे अपना विज्ञापन डिजाइन करते हैं और अपने भर्ती अभियान के लिए एक आभासी दायरा स्थापित करते हैं, तो शैक्षिक रिकॉर्ड या ऑनलाइन प्रोफाइल के आधार पर कुछ संभावनाओं को लक्षित कर सकते हैं। उम्मीदवारों को जियोफेंसिंग के विशिष्ट फोकस से लाभ होता है क्योंकि यह नई नौकरी की तलाश में कुछ असुविधाओं को कम करता है। यदि वे आपकी पोस्ट का जवाब देते हैं तो उम्मीदवार अपने क्षेत्र और क्षेत्र में एक रिक्ति देख सकेंगे। परिणामस्वरूप, कंपनी के विज्ञापन प्रयासों को बेहतर प्रतिक्रिया दर प्राप्त होगी।

**कार्यबल प्रबंधन के लिए जियो-फेंसिंग का उपयोग करके उपस्थिति का मानचित्रण**-केवल अंदर और बाहर जाने के समय का रिकॉर्ड करने की तुलना में, संगठन भू-बाड़ या जियोफेंसिंग लगाकर और भी काफी कुछ कर सकते हैं। यह कंपनियों को वास्तविक समय में अपने कर्मचारियों का ठिकाना ट्रैक करने और उनके जीपीएस स्थान के आधार पर कई सुरक्षा जांच चलाने का अवसर देता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि काम पर सब कुछ ठीक चल रहा है। एक अच्छा परिवर्तन प्रबंधन सॉफ्टवेयर सिस्टम कर्मियों का मार्गदर्शन कर सकता है और नियोक्ताओं को उनके साथ संवाद करने की अनुमति देता है।

**वैयक्तिकरण**-जब कोई कंपनी किसी निश्चित क्षेत्र में संभावित कर्मचारियों को लक्षित करने का निर्णय लेती है, तो वे अपने विज्ञापनों को उस स्थान की संस्कृति समेत वहां रहने वाले लोगों को मंथन करने के लिए तैयार कर सकते हैं। वे उनके संदेशों को अनुकूलित भी कर सकते हैं और उपयोगकर्ताओं को यह महसूस कराने के लिए वैयक्तिकरण का उपयोग कर सकते हैं कि संदेश विशेष रूप से उनके लिए लिखा गया था, न कि उन बड़े पैमाने पर विज्ञापनों को भेजने के लिए, जो स्पैम प्रतीत होते हैं।

कंपनियां एक विज्ञापन अभियान भी विकसित कर सकती हैं जो जियोफेंसिंग में उपलब्ध निजीकरण की डिग्री से जुड़ाव और रूपांतरण उत्पन्न करता है।

जब किसी पद के लिए उम्मीदवारों का भंडार छोटा होता है, तो जियोफेंसिंग जैसे बहुमुखी उपकरण ढूंढ़ना मुश्किल हो सकता है, जिनका उपयोग उन तरीकों से किया जा सकता है जिनके लिए उन्हें डिजाइन नहीं किया गया था। थोड़े शोध व रचनात्मकता से, आप जियोफेंसिंग जैसे बहुआयामी उपकरण पा सकते हैं जिनका उपयोग उन तरीकों से किया जा सकता है जिनके लिए मूल रूप से उनका निर्माण नहीं हुआ था। आपको बस यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि आपके पास यह सुनिश्चित करने के लिए एक प्रक्रिया है कि उन व्यक्तियों में आपकी कंपनी में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और सांस्कृतिक मेल हैं।

**-लेखक मेराकुई के सह-संस्थापक और सीटीओ हैं।**

# जहां एनएफटी और मेटावर्स हमें आगे ले जाएंगे

**बिबिन बाबू** कहते हैं कि हालांकि लोग अभी भी मेटावर्स के भविष्य को लेकर निश्चित नहीं हैं, लेकिन निस्संदेह यह उद्योग को तूफान से पार ले जाने वाला है क्योंकि अधिक से अधिक लोग डोमेन में गहरी रुचि दिखा रहे हैं



**बिबिन बाबू**
को-फाउंडर, कोलेक्सियन

एनएफटी और मेटावर्स ने हाल ही में अपनी लोकप्रियता के कारण कर्षण प्राप्त किया है। क्या हम जल्द ही एक ऐसे चरण में प्रवेश करेंगे, जहां कृत्रिम मेधा एक वास्तविकता बन जाएगी। हालांकि हम व्यापक पहलुओं पर गौर करते हैं और यह प्रतिमानगत बदलाव वैश्विक परिदृश्य को कैसे बदलेगा, इसके लिए लाजमी है कि आवश्यक तत्वों और मेटावर्स की परिभाषा को समझा जाए।

मेटावर्स शब्द की खोज विज्ञान कथा लेखक नील स्टीफेंसन ने 1992 में अपने उपन्यास स्नो क्रैश में की थी। लेकिन प्रौद्योगिकी के आगमन ने मेटावर्स को एक वास्तविकता बना दिया है, जिसमें प्रमुख ब्रांड बैंडबाजे पर कूद रहे हैं। हालांकि, फेसबुक द्वारा खुद को मेटा नाम देने के बाद इस शब्द ने लोकप्रियता हासिल की, जिसने दुनिया भर में बहुप्रतीक्षित प्रचार पैदा किया।

मेटावर्स को एक 3डी दुनिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां आप अपने जीवन के स्वामी बन सकते हैं। वास्तविक दुनिया की तरह, मेटावर्स एक आभासी दुनिया के रूप में कार्य करता है, जो वेब पर एक अधिक लंबी, त्रि-आयामी परत जोड़कर, अधिक प्रामाणिक और प्राकृतिक अनुभव बनाकर बातचीत करने, संवाद करने और दूसरों के साथ जुड़ने के अवसर प्रदान करता है। आज के मेटावर्स की नींव रखने वाली विशेषताएं , वेब 2.0 और उभरती हुई वेब 3.0 विशेषताएं हैं।

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी मेटावर्स को वर्चुअल-रियलिटी स्पेस के रूप में परिभाषित करती है जहां उपयोगकर्ता कंप्यूटर से उत्पन्न वातावरण एवं अन्य उपयोगकर्ताओं के साथ बातचीत कर सकते हैं। मेटा (अर्थात् ट्रान्सेंडेंट) और वर्स (ब्रह्मांड से) से व्युत्पन्न, मेटावर्स एक पूरी तरह से अलग आभासी दुनिया के अनुभव का अवसर देगा। इंटरनेट को देखने के बजाय, व्यक्ति वास्तव में इसका हिस्सा बन सकता है।

अगला बड़ा मोर्चा

मेटावर्स के विकास पर हाल की रिपोर्ट दर्शाती है कि 2024 तक मेटावर्स बाजार-अवसर लगभग 800 बिलियन डॉलर हो सकता है। संख्याएं खुद ही आने वाले वर्षों में बाजार की वृद्धि और संभावित भविष्य को दर्शाती हैं जो एक नई दुनिया की नींव रखेंगी, एक नई अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगी और अनंत संभावनाएं पैदा कर रहा है।

फ्यूचर मेटावर्स उपयोगकर्ताओं के लिए क्या लिए हुए है?

चूंकि मेटावर्स अवधारणा में ब्लॉकचैन तकनीक (जैसे एनएफटी और क्रिप्टोस) के माध्यम से सक्षम वेब 3 तकनीक शामिल है, मेटावर्स का भविष्य विकास के मामले में बहुत बड़ा लगता है। हालांकि लोग अभी भी मेटावर्स के भविष्य के बारे में आश्वस्त नहीं हैं, निस्संदेह यह उद्योग को तूफान से पार ले जाने वाला है क्योंकि अधिक से अधिक लोग डोमेन में गहरी रुचि दिखा रहे हैं। टेक दिग्गज फेसबुक (मेटा) वर्तमान में इलेक्ट्रोमोग्राफी (ईएमजी) तकनीक नामक एक अवधारणा पर काम कर रहा है, जो उपयोगकर्ताओं को इसके बारे में सोचकर ही मेटावर्स में किसी चीज के साथ संवाद करने की अवसर देता है। एनएफटी के प्रति उत्साही लोगों की एक बढ़ी हुई संख्या भी ऐसे खेलों की आभासी भूमि में निवेश करने और उन्हें कीमत पर बेचने या किराए पर लेने की तलाश में है। वे लोग जो मेटावर्स में वास्तविक रुचि नहीं रखते हैं, लेकिन जो उन्हें आर्थिक रूप से उपज देने वाले के रूप में देखते हैं, वे अवधारणा पर काम करने वाली कंपनियों की असमानताओं में निवेश कर सकते हैं।

मेटावर्स वर्चुअल अर्थव्यवस्था के विकास में भी योगदान दे सकता है जो एक इकाई द्वारा नियंत्रित या विनियमित नहीं है। यह कलाकारों और रचनाकारों को अपने हितों को व्यवस्थित करने और मौद्रिक लाभ प्राप्त करने की अनुमति देता है।

मेटावर्स में चीजों को खरीदने, बेचने और व्यापार करने की क्षमता एक और महत्वपूर्ण कारक है जो इस नए युग का सबसे परिवर्तनकारी हिस्सा साबित हो सकता है। यह एक ऐसी स्थिति की ओर ले जाएगा जहां विकेन्द्रीकृत खाता बही प्रौद्योगिकियां या ब्लॉकचेन सबसे व्यावहारिक होंगे, जो यदि अंतिम नहीं, तो मूल्य विनिमय के लिए व मूल्य भंडारण का समाधान है। आर्थिक विकास के अवसर अथाह होंगे, क्योंकि यह सचमुच एक नई दुनिया का निर्माण कर रहा है जहां उपयोगकर्ता बातचीत, लेन-देन, स्वामित्व, विनिमय और आर्थिक मूल्य साझा करेंगे।

एनएफटी उपयोगकर्ताओं को अपने पात्रों का स्वामित्व प्राप्त करने, इन-गेम खरीदारी करने और यहां तक कि उन्हें अपने नाम पर आभासी भूमि को पंजीकृत करने में सक्षम बनाएगा। दूसरी ओर, आभासी अर्थव्यवस्था में क्रिप्टोकरेंसी कानूनी निविदा बन जाएगी।

गेमिंग के भविष्य को आकार देना

गेमिंग उद्योग भी एक उन्नत, लंबा और बेहतर गेमिंग अनुभव होने के कारण मेटावर्स फ्रंटियर के भीतर बड़े पैमाने पर उभरती रुचि का गवाह बन रहा है। मेटावर्स उपयोगकर्ताओं को अपने आभासी वातावरण में जीवन की तरह हेरफेर करने में सक्षम बनाता है। रचनाकारों द्वारा पुनः प्रस्तुत किए जा रहे सरल खेलों के साथ अधिक भागीदारी होती है। यह परिष्कृत डिजिटल अवतार और होलोग्राम के माध्यम से किया जा रहा है।

मेटावर्स के भीतर गेमिंग का उद्देश्य मजबूत कनेक्शन बनाना और बढ़ावा देना है। आभासी व संवर्धित वास्तविकता का उपयोग करके, व्यक्ति पूरी तरह से डिजिटल वातावरण में डूबा हुआ महसूस करता है। गेम बनाकर गेमर्स सक्रिय हितधारक बन गए हैं। बहुत सारे नए अपडेट और डाउनलोड करने योग्य सामग्री के साथ 'लाइव सर्विस गेम्स' भी हैं। 5जी जैसी विकसित होती तकनीक इस डिजिटल परिवर्तन को विकसित करने के लिए आवश्यक गति प्रदान करेगी।

प्रतिमान बदलाव को गले लगाना

प्रत्येक वर्ष बीतने के साथ, मेटावर्स परियोजनाएं बड़े पैमाने पर अपनाए जाने के लिए तैयार हैं क्योंकि लोग भौतिक संपत्ति से डिजिटल लोगों की ओर बढ़ेंगे, बहुत सारे उपयोगकर्ताओं से रुचि प्राप्त करेंगे। पहली बार, मेटावर्स वीआर हेडसेट्स, एआर एक्सटेंशन और गैजेट्स के लिए व्यापक जन स्वीकार्यता पाने की शुरुआत कर सकते हैं और वर्चुअल अनुभव को बढ़ाने के लिए उन्हें एक साथ जोड़ सकते हैं। मेटावर्स वैश्विक दर्शकों व कंपनियों के लिए क्रांतिकारी बदलाव को अपनाने और अंतहीन विकास व विकास के अवसरों का पता लगाने का एक मौका है। हालांकि कंपनियां पहले से ही लाभ और भविष्य के विकास को निकालने के लिए प्रौद्योगिकी को अपना रही हैं, मगर लोगों को अभी भी मोड़ से आगे रहने की जरूरत है। वर्ष 2022 एआर वीआर प्रौद्योगिकियों के रूप में एक बड़ी क्रांति का गवाह बनने जा रहा है जो घातीय दरों पर बाजार की वृद्धि का नेतृत्व कर रही हैं।

**-लेखक कोलेक्सियन में सह-संस्थापक हैं**

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 14 मार्च, 2022



# पंत के ताबड़तोड़ पचासे व अय्यर की पारी से भारत दहाड़ा

## ●दूसरा टेस्ट : भारत ने श्रीलंका को 447 रन का लक्ष्य दिया

**भाषा।** बेंगलुरू

**श्रेयस** अय्यर और ऋषभ पंत के अर्धशतकों से भारत ने दिन-रात के दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को श्रीलंका को 447 रन का लक्ष्य देने के बाद 28 रन पर मेजबान टीम का एक विकेट चटकाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

अय्यर ने 87 गेंद में नौ चौकों की मदद से 67 रन की पारी खेलकर मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ा जबकि ऋषभ पंत (31 गेंद में 50 रन, सात चौके, दो छक्के) ने सिर्फ 28 गेंद में भारत की ओर से सबसे तेज टेस्ट अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया जिससे भारत ने दूसरी पारी नौ विकेट पर 303 रन बनाकर घोषित की। कप्तान रोहित शर्मा (46) और हनुमा विहारी (35) ने भी उपयोगी पारियां खेली। श्रीलंका की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रम ने 78 रन देकर चार जबकि लसिथ एंबुलदेनिया ने 87 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान दिमुथ करूणारत्ने 10 जबकि कुसाल मेंडिस 16 रन बनाकर खेल रहे थे।



श्रीलंका ने दूसरी पारी में लाहिरू तिरिमाने (00) का विकेट गंवा दिया है। श्रीलंका की टीम को जीत के लिए अब भी 419 रन की दरकार है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (24 रन पर पांच विकेट) ने टेस्ट क्रिकेट में आठवीं और स्वदेश में पहली बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए जिससे श्रीलंका की टीम पहली पारी में सिर्फ 35.5 ओवर में 109 रन पर ढेर हो गई। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (18 रन पर दो विकेट) और आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (30 रन पर दो विकेट) ने भी बुमराह का अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट चटकाए। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 86 रन से की और भारत ने 30 मिनट से भी कम समय में बाकी बचे चार विकेट चटकाकर 143 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरी गेंद पर ही लाहिरू तिरिमाने (00) का विकेट गंवा दिया जिन्हें बुमराह ने पगबाधा किया। करूणारत्ने और मेंडिस ने हालांकि दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय गेंदबाजों को और सफलता हासिल नहीं करने दी। दूसरी पारी में रोहित और मयंक अग्रवाल (22) ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। बाएं हाथ के स्पिनर एंबुलदेनिया ने अग्रवाल को गली में धनंजय डिसिल्वा के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। रोहित ने स्पिनरों के खिलाफ विश्वास के साथ स्वीप और रिवर्स स्वीप खेलकर कुछ आकर्षक बाउंड्री लगाई। उन्होंने विहारी के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। रोहित हालांकि आफ स्पिनर डिसिल्वा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग आन बाउंड्री पर एंजेलो मैथ्यूज को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 79 गेंद का सामना करते हुए चार चौके जड़े। विहारी सात और 29 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब क्रमशः एंबुलदेनिया और जयविक्रम ने उनके खिलाफ पगबाधा की अपील की जो अंपायरों ने ठुकरा दी। श्रीलंका ने दोनों ही मौकों पर डीआरएस का सहारा नहीं लिया और रीप्ले में दिखा कि दोनों बार गेंद लेग स्टंप से टकराती। विहारी हालांकि इन जीवनदान के बावजूद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे और जयविक्रम की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में चूककर बोल्ड हो गए। जयविक्रम पहले सत्र में चोटिल होने के बाद दूसरे सत्र में गेंदबाजी के लिए उतरे। विराट कोहली (13) का टेस्ट क्रिकेट में शतक का दो साल से अधिक का इंतजार और लंबा खिंचेगा क्योंकि वह एक बार फिर जयविक्रम की नीची रहती गेंद पर पगबाधा हो गए। पंत ने एक बार फिर आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने जयविक्रम पर छक्का जड़ने के बाद डिसिल्वा की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। पंत ने जयविक्रम पर चौके के साथ सिर्फ 28 गेंद में भारत की ओर से सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव के 1982 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ 30 गेंद में बनाए अर्धशतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। पंत हालांकि इसी ओवर में गेंद को हवा में लहराकर जयविक्रम को उन्हीं की गेंद पर कैच दे बैठे।

### कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़कर सबसे तेज टेस्ट अर्धशतक बनाने वाले भारतीय बने पंत

**बेंगलुरू।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत श्रीलंका के खिलाफ दिन रात्रि के दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को यहां महान क्रिकेटर कपिल देव के 40 साल के रिकॉर्ड को तोड़कर सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। पंत ने सिर्फ 28 गेंद में भारत की ओर से सबसे तेज टेस्ट अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया जिसमें सात चौके और दो छक्के जड़े थे। उन्होंने भारत की दूसरी पारी के 42वें ओवर में प्रवीण जयविक्रम की गेंद पर एक्सट्रा कवर पर बाउंड्री लगाकर यह रिकॉर्ड बनाया। भारत को पहला विश्व कप दिलाने वाले कप्तान कपिल देव ने 1982 में कराची टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ 30 गेंद में अर्धशतक जड़ा था। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, ऋषभ पंत ने भारत के टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने के कपिल देव के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बधाई हो, ऋषभ। पंत ने साथ ही टेस्ट में किसी विकेटकीपर-बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज अर्धशतक जड़ने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने इस विश्व रिकॉर्ड में आस्ट्रेलिया के इयान स्मिथ और पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी (दोनों ने 34 गेंद में अर्धशतक जमाया था) को पीछे छोड़ा। पंत हालांकि बड़ी पारी नही खेल सके और जयविक्रम को उनकी ही अंतिम गेंद पर कैच देकर आउट हुए। शार्दुल ठाकुर भारत की ओर से सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले खिलाड़ियो की सूची मे तीसरे स्थान पर है, उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल टेस्ट मे 31 मे अर्धशतक बनाया था। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने 2008 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ 32 गेंद में 50 रन बनाए थे।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी**: 252, श्रीलंका पहली पारी: मेंडिस का अय्यर बो बुमराह 02,करूणारत्ने बो शमी 04, तिरिमाने का अय्यर बो बुमराह 08, मैथ्यूज का रोहित बो बुमराह 43, डिसिल्वा पगबाधा बो शमी 10, असलंका का अश्विन बो अक्षर 05, डिक्वेला का पंत बो बुमराह 21,एंबुलदेनिया का पंत बो बुमराह 01, लकमल बो अश्विन 05,जयविक्रम नाबाद 01, फर्नांडो स्टं पंत बो अश्विन 08,अतिरिक्त: 01,कुल: 35.5 ओवर में सभी विकेट खोकर: 109 रन,विकेट पतन: 1-2, 2-14, 3-14, 4-28, 5-50, 6-85, 7-95, 8-100, 9-100,गेंदबाजी:बुमराह 10-4-24-5,अश्विन 8.5-1-30-2,शमी 6-1-18-2,जडेजा 6-1-15-0,अक्षर 5-1-21-1, **भारत दूसरी पारी**:मयंक का डिसिल्वा बो एंबुलदेनिया 22,रोहित का एंजेलो मैथ्यूज बो डिसिल्वा 46,विहारी बो जयविक्रम 35,कोहली पगबाधा बो जयविक्रम 13,पंत का एवं बो जयविक्रम 50,अय्यर पगबाधा बो एंबुलदेनिया 67, जडेजा बो फर्नांडो 22,अश्विन का डिक्वेला बो जयविक्रम 13,पटेल बो एंबुलदेनिया 09,शमी नाबाद 16,अतिरिक्त: 10,कुल: 68.5 ओवर में नौ विकेट पर: 303 रन (पारी घोषित),विकेट पतन: 1-42, 2-98, 3-116, 4-139, 5-184, 6-247, 7-278, 8-278, 9-303,गेंदबाजी: लकमल 10-2-34-0,एंबुलदेनिया 20.5-1-87-3,फर्नांडो 10-2-48-1,डिसिल्वा 9-0-47-1,जयविक्रम 19-2-78-4, **श्रीलंका दूसरी पारी**: तिरिमाने पगबाधा बो बुमराह 00,करूणारत्ने खेल रहे है 10,मेंडिस खेल रहे है 16,अतिरिक्त: 02,कुल: सात ओवर में एक विकेट पर: 28 रन,विकेट पतन: 1-0,गेंदबाजी:बुमराह 3-1-9-1,शमी 3-0-13-0,अश्विन 1-0-4-0

### अदिति संयुक्त 44वें स्थान पर रहीं

**चोनबरी।** अदिति अशोक रविवार को अंतिम दौर में बोगी रहित पांच अंडर 67 का स्कोर बनाने के बाद होंडा एलपीजीए थाईलैंड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 44वें स्थान पर रहीं। अदिति ने पहले दो दौर में 70 और 72 के स्कोर से खराब शुरुआत के बाद अगले दो दौर में 68 और 67 के स्कोर से वापसी की। अदिति का कुल स्कोर 11 अंडर 227 रहा। नेना कोएर्स्ट्ज मेडसन एलपीजीए टूर पर जीत दर्ज करने वाली डेनमार्क की पहली खिलाड़ी बनी।

### बुमराह के साथ गेंदबाजी करने के लिए बेताब इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मिल्स

**मुंबई।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी में भारतीय स्टार जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करने के लिए बेताब है। इंग्लैंड का 12 मैचों में प्रतिनिधित्व करने वाले 29 वर्षीय टी20 विशेषज्ञ मिल्स ने 11 विकेट चटकाए हैं। उन्हें पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने 1.5 करोड़ रूपए में खरीदा है। मिल्स ने मुंबई इंडियंस द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, विश्व कप के दौरान बुमराह के साथ थोड़ा समय बिताने का मौका मिला था।

### मेहुली ने राष्ट्रीय टी2 ट्रायल्स में महिला 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीता

**भोपाल।** पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष ने रविवार को यहां राष्ट्रीय टी2 ट्रायल्स की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कर्नाटक की तिलोतमा सेन को 17-9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युवा ओलंपिक की रजत पदक विजेता मेहुली शुक्रवार को टी1 ट्रायल्स में दूसरे स्थान पर रही थी। तिलोतमा ने हालांकि जूनियर महिला 10 मीटर एयर राइफल टी2 ट्रायल जीता। वह युवा टी2 प्रतियोगिता में भी दूसरे स्थान पर रही जिससे उन्होंने दिन में तीन पदक जीते। गुजरात की इलावेनिल वालारिवान ने 37 अंक से रजत पदक अपने नाम किया।

### रफेल नडाल भी मियामी ओपन से हटे

**मियामी गार्डन्स।** विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज टेनिस स्टार रफेल नडाल 21 मार्च से शुरू होने वाले मियामी ओपन से हट गए हैं। मियामी ओपन में पांच बार फाइनल में पहुंच चुके नडाल ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम आस्ट्रेलियाई ओपन में रिकॉर्ड 21वां मेजर खिताब जीता था। इसका मतलब है कि साल के पहले ग्रैंडस्लैम के पुरूष और महिला चैम्पियन दोनों ही मियामी ओपन में हिस्सा नही लेंगे क्योंकि महिला चैम्पियन एशले बार्टी ने इस महीने के शुरू में टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था।

### युवराज का अनुकरण करना चाहते हैं शुभमन

**नागपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी से कुछ ही दिन पहले एक वीडियो विभिन्न वाट्सएप ग्रुप पर वायरल हुआ जिसमें गगनचुंबी छक्कों का एक कोलाज था और ए सब राजस्थान के 26 वर्षीय शुभमन गढ़वाल ने लगाए थे। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने जब जोधपुर के बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को 20 लाख रूपए की कीमत में खरीदा तो उसे 11 साल पहले की वो शाम याद आ गई जिसमें भारत वनडे विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में आस्ट्रेलिया से खेल रहा था। युवराज सिंह इस मैच में धमाल कर रहे थे और 15 वर्षीय गढ़वाल उन्हें देखकर हैरान हो गए थे।

## भारत ने जर्मनी से बदला चुकाया

### ● एफआईएच प्रो लीग : शूट आउट में 3-0 से हराया

**भाषा।** भुवनेश्वर



**भारतीय** महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां दो चरण के एफआईएच प्रो लीग मुकाबले के दूसरे चरण में जर्मनी को शूट आउट में 3-0 से हराकर पहले चरण में शूट आउट में मिली हार का बदला चुकता कर लिया। कलिंगा स्टेडियम में ही शनिवार को हुए पहले चरण के मुकाबले में भारत को शूट आउट में 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। पहले चरण की तरह दूसरे चरण के मैच में भी दोनों टीम निर्धारित समय के बाद 1-1 से बराबर थी जिसके बाद शूट आउट का सहारा लेना पड़ा।

शूट आउट में संगीता कुमारी, सलीमा टेटे और सोनिका ने पहले तीन प्रयास में भारत की ओर से गोल दागे जबकि जर्मनी की टीम अपने पहले तीन प्रयास में घरेलू कप्तान और गोलकीपर सविता से पार पाने में नाकाम रही। मेहमान टीम के लिए तीन प्रयास के लिए लिली स्टोफेलस्मा, लेना फ्रेरिक्स और सारा स्ट्रॉस उतरी थी। इससे पहले फेलीसिया वाइडरमैन ने 29वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को बढ़त दिलाई लेकिन निशा ने 40वें मिनट में मैदानी गोल दागकर भारत को बराबरी दिला दी। दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत को इस मैच से बोनस अंक सहित दो अंक मिले जबकि जर्मनी ने एक अंक हासिल किया। भारत इस जीत की बदौलत एफआईएच प्रो लीग तालिका में एक स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत के छह मैच में 12 अंक हैं। अर्जेन्टीना चार मैच में 12 अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है। इससे पहले भारत ने पेनल्टी कॉर्नर में एक बार फिर निराश किया। टीम तीन पेनल्टी कॉर्नर में से एक पर भी गोल नहीं दागी सकी जबकि जर्मनी ने पांच पेनल्टी कॉर्नर में से एक पर गोल किया। भारत अपने अगले दो मुकाबले इसी स्टेडियम में दो और तीन अप्रैल को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगा। प्रो लीग में पदार्पण कर रही भारतीय महिला टीम ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए मस्कट में शुरुआती दो मैच में चीन को 7-1 और 2-1 से हराया था। भारत ने इसके बाद पिछले महीने दुनिया की छठे नंबर की टीम स्पेन को अपनी सरजमीं पर 2-1 से हराया था लेकिन दूसरे चरण के मुकाबले में 3-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## पैरी, मैकग्रा और गार्डनर का हरफनमौला प्रदर्शन

### ● महिला विश्व कप: आस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत

**भाषा।** वेलिंगटन

एलिस पैरी, ताहिला मैकग्रा और एशले गार्डनर के हरफनमौला प्रदर्शन से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 141 रन से रौंदकर आईसीसी महिला वनडे विश्व कप लगातार तीसरी जीत दर्ज की। पैरी (86 गेंद में 68 रन) और मैकग्रा (56 गेंद में 57 रन) ने शानदार अर्धशतक जड़े जिसके बाद गार्डनर ने 18 गेंद में 48 रन की तेज तर्रार पारी खेली जिससे आस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद आठ विकेट पर 269 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इस लक्ष्य का बचाव करने उतरी आस्ट्रेलिया ने एकजुट गेंदबाजी प्रयास से ट्रांस तस्मानियाई प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को 30.2 ओवर में 128 रन के भीतर समेट दिया। डार्सी ब्राउन (22 रन देकर तीन विकेट) ने आस्ट्रेलिया की ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया जबकि अमांडा जेड वेलिंगटन (34 रन देकर दो विकेट), गार्डनर (15 रन देकर दो विकेट), पैरी (18 रन देकर एक विकेट), मैकग्रा (17 रन देकर एक विकेट) और मेगान शट (22 रन देकर एक विकेट) ने गेंदबाजी में दूसरे छोर पर अच्छा साथ निभाया।

### भारत के खिलाफ मैच में धीमी ओवर गति के लिए वेस्टइंडीज पर जुर्माना

**हैमिल्टन।** वेस्टइंडीज की खिलाड़ियों पर यहां भारत के खिलाफ आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए उनकी फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। स्टेफनी टेलर की टीम को निर्धारित समय से दो ओवर कम पाया गया जिससे आईसीसी मैच रैफरियो के अंतरराष्ट्रीय पैनल सदस्य सांद्रे फ्रिट्ज ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, आईसीसी की खिलाड़ियो और सहयोगी स्टाफ की न्यूनतम ओवर गति उल्लंघन से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार निर्धारित समय मे गेंदबाजी करने मे असफल होने के कारण खिलाड़ियों पर प्रत्एक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट ड्रा



**सेंट जोंस।** इंग्लैंड ने सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में अंतिम दिन पारी घोषित करने का फैसला किया, पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद पहला टेस्ट ड्रा करा लिया। इग्लैंड ने अंतिम दिन कप्तान जो रूट (109 रन) के 24वें टेस्ट शतक के बाद दूसरी पारी लंच से पहले छह विकेट पर 349 रन पर घोषित कर दी और वेस्टइंडीज को सपाट पिच पर 70 ओवर में जीत के लिए 286 रन का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज ने 67 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे, पर एनक्रुमाह बोनर और जेसन होल्डर ने 36 ओवर तक टिककर उसे मैच ड्रा कराने में मदद की। वेस्टइंडीज ने अंत तक चार विकेट पर 147 रन बनाए। बोनर 38 रन और होल्डर 37 रन बनाकर नाबाद रहे। स्पिनर जैक लीच ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी के तीन विकेट झटके। पर इस बीच काफी ड्रामा हुआ। 49वें ओवर में लीच की गेंद होल्डर के पैड पर लगी और उन्होंने अपील की, पर इंग्लैंड ने रिव्यू नहीं लिया। इंग्लैंड ने अपना अंतिम रिव्यू 53वें ओवर में लिया जब लीच को लगा कि गेंद होल्डर के बल्ले का किनारा छूकर विकेटकीपर के हाथों में गई है। लेकिन यह रिव्यू खराब हो गया। 58वें ओवर में बोनर को क्रेग ओवरटन की गेंद पर पगबाधा आउट किया गया लेकिन बोनर ने रिव्यू लेने का फैसला किया। जिसके बाद अंपायर का फैसला बदल दिया गया और बोनर नाबाद रहे। इससे बोनर और होल्डर अंत तक डटे रहे दोनों ने 80 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों ने पहले पारी में भी 79 रन की भागीदारी निभाई थी। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के पहली पारी के 311 और छह विकेट पर 349 रन की घोषित दूसरी पारी के जवाब में 375 और चार विकेट पर 147 रन बनाए। इंग्लैंड ने सुबह दूसरी पारी एक विकेट पर 217 रन से शुरू की थी। जाक क्रॉली ने रात के स्कोर में चार रन जोड़कर 121 रन बनाए जबकि रूट ने 84 रन की पारी को शतक में तब्दील कर 109 रन बनाए। रूट ने आउट होने के दो ओवर बाद दूसरी पारी घोषित कर दी।

## कुशाग्र के दोहरे शतक से झारखंड के नौ विकेट पर 769 रन



**भाषा।** कोलकाता

**झारखंड ने** रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाते हुए रविवार को यहां ईडन गार्डन्स में नगालैंड के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन पहली पारी में नौ विकेट पर 769 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सत्रह साल के विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र नगालैंड की कमजोर गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाते हुए 269 गेंद में 37 चौकों और दो छक्कों की मदद से 266 रन की पारी खेली। झारखंड की टीम आज पांच विकेट पर 402 रन जबकि कुशाग्र 112 रन से आगे खेलने उतरे थे। यह कुशाग्र के करियर का पहला प्रथम श्रेणी शतक है। दक्षिण अफ्रीका के 2020 दौरे पर भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा रहे कुशाग्र ने इम्लिवाती लेम्तुर पर चौके के साथ 213 गेंद में दोहरा शतक पूरा किया। बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम ने भी 223 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के की बदौलत करियर की सर्वश्रेष्ठ 123 रन की पारी खेली। कुशाग्र और नदीम ने सातवें विकेट के लिए 166 रन जोड़े।

## छह भारतीयों मुक्केबाजों को स्वर्ण

### ●एशियाई युवा एवं जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली



**विनी, यक्षिका** और विधि सहित भारत के छह जूनियर मुक्केबाजों ने रविवार को यहां जोर्डन के अम्मान में 2022 एएसबीसी एशियाई युवा एवं जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। हिसार की विनी ने फ्लाइवेट 50 किग्रा फाइनल में कजाखस्तान की करीना तोकुबे को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। यक्षिका (52 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की रखिमा बेकनियाजोवा के खिलाफ पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए खंडित फैसले में 4-1 से जीत दर्ज की। विधि को हालांकि 57 किग्रा फीदरवेट फाइनल में जोर्डन की अया सुविनदेह के खिलाफ 5-0 की जीत के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। गत चैंपियन निकिता चंद (60 किग्रा) ने कजाखस्तान की उल्दाना तोबे को हराकर लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। रैफरी को तीसरे दौर के बीच में ही मुकाबला रोकना पड़ा। श्रृष्टि साठे (63 किग्रा) का कजाखस्तान की नुरसुलु सुइनेली के पास कोई जवाब नहीं था और रैफरी ने दूसरे दौर में ही मुकाबला रोककर भारतीय मुक्केबाज को विजेता घोषित किया। रुद्रिका ने 75 किग्रा वर्ग में एकतरफा फाइनल में कजाखस्तान की शुग्लया नालीबे को 5-0 से हराया। इससे पहले माही (46 किग्रा) और पलक (48 किग्रा) को सर्वसम्मत फैसलों में शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि सुप्रिया (54 किग्रा) उज्बेकिस्तान की उजुकजामोल युनुसोवा के खिलाफ मुकाबले को दूसरे दौर से आगे नहीं खींच पाई। खुशी को 81 किग्रा फाइनल में कजाखस्तान की कुराले एगिनबेकजी के खिलाफ 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि निरझरा (81 किग्रा) को भी उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन सेखोबिदिनोवा के खिलाफ एकतरफा हार का सामना करना पड़ा।

## मेरी और धोनी की कप्तानी के तरीके में काफी समानता है : फाफ डुप्लेसी



**बेंगलुरू।** पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी की अगुआई करने को तैयार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के नव नियुक्त कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि उनके नेतृत्व का तरीका काफी कुछ कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी की तरह ही है। डुप्लेसी (37 वर्ष) 2012 से ही धोनी की अगुआई वाली चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे हैं और वह राइजिंग पुणे सुपरजायंट के लिए भी खेले थे जो अब खत्म हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने फ्रेंचाइजी की वेबसाइट में कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं क्रिकेट में अपनी यात्रा में कुछ शानदार कप्तानों के साथ खेला। मैं ग्रीम स्मिथ के साथ खेलते हुए बड़ा हुआ जो दक्षिण अफ्रीका के अब तक के सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं। और फिर 10 साल एमएस और स्टीफन फ्लेमिंग के साथ, दोनों शानदार कप्तान। मुझे लगता है कि एमएस और मेरी कप्तानी के तरीके में समानता है क्योंकि हम दोनों ही बहुत शांत व्यक्तित्व वाले हैं। लेकिन मेरे लिए दिलचस्प चीज है कि जब मैंने चेन्नई के साथ शुरूआत की थी तो दक्षिण अफ्रीका में कप्तानी संस्कृति को देखते हुए मुझे एमएस पूरी तरह से इसके विपरीत लगे थे।

## ख्वाजा के बाद कैरी का जलवा

### ●आस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 505 रन

**भाषा।** कराची



**एलेक्स कैरी** (93 रन) की अगुआई में आस्ट्रेलिया के निचले बल्लेबाजी क्रम ने पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण को धत्ता साबित करते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक आठ विकेट पर 505 रन बना लिए।

कैरी पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम की कामचलाऊ स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हुए और शतक से सात रन से चूक गए।

कैरी और मिशेल स्टार्क ने लगभग पूरे अंतिम सत्र में बल्लेबाजी की और धीमे विकेट पर 98 रन की भागीदारी निभाकर पाकिस्तानी गेंदबाजों को निराश किया। कैरी ने तीन घंटे से ज्यादा समय तक बल्लेबाजी करते हुए 159 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। स्टार्क चाय से पहले कैरी के साथ क्रीज पर पहुंचे थे और 28 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले पाकिस्तान में जन्में उस्मान ख्वाजा ने दूसरे सत्र में आउट होने से पहले दो दिन में नौ घंटे 12 मिनट तक चली मैराथन पारी में 160 रन बनाए।

## लक्ष्य सेन जर्मनी ओपन के फाइनल में हारे

**भाषा।** मुएलहेम आन डेर रूहर (जर्मनी)

**विश्व चैंपियनशिप** के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को जर्मनी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को यहां थाईलैंड के उभरते हुए स्टार खिलाड़ी कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। जनवरी में इंडिया ओपन के साथ अपना पहला सुपर 500 खिताब जीतने वाले 20 साल के लक्ष्य को फाइनल में तीन बार के जूनियर विश्व चैंपियन कुनलावुत के खिलाफ 57 मिनट में 18-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने इससे पहले दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी कुनलावुत के खिलाफ तीन मुकाबले जीते थे जबकि इतने ही मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। कुनलावुत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत करते हुए 11-6 की बढ़त बनाई लेकिन लक्ष्य जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 15-16 करने में सफल रहे। थाईलैंड के खिलाड़ी ने हालांकि क्रॉस कोर्ट ड्रॉप शॉट के साथ दो गेम प्वाइंट हासिल किए। लक्ष्य को अपने पैर में छाले का उपचार कराना पड़ा जिसके बाद थाईलैंड के खिलाड़ी ने क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ पहला गेम जीत लिया। सेमीफाइनल में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को हराने की थकान लक्ष्य पर दिखी और दूसरे गेम में भी कुनलावुत ने पहले 7-3 और फिर 11-5 की बढ़त बनाई जिसके बाद उन्हें गेम, मैच और खिताब जीतने में अधिक परेशानी नहीं हुई।

## मेदवेदेव और नडाल ने अपने मुकाबले जीते

**भाषा।** इंडियन वेल्स



**विश्व रैंकिंग में** शीर्ष स्थान हासिल करने बाद पहला टूर्नामेंट खेल रहे रूसी खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में टॉमस मैकहैक को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी। वहीं स्पेनिश स्टार रफेल नडाल को अपने मुकाबले में पसीना बहाना पड़ा। उन्होंने अपने अभ्यास के जोड़ीदार सेबेस्टियन कोर्डा को करीब ढाई घंटे तक चले मैच में 6-2, 1-6, 7-6 से पराजित किया। जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में रिकॉर्ड 21वां ग्रैंडस्लैम जीतने वाले नडाल ने मेलबर्न और मेक्सिको में भी खिताब जीते हैं और अब वह यहां इंडियन वेल्स में चौथी ट्रॉफी हासिल करने की कोशिश में जुटे हैं। अन्य वरीय खिलाड़ियों में कैस्पर रूड, गत चैम्पियन कैमरन नौरी, रोबर्टो बतिस्ता अगुट, रेली ओपेल्का और कार्लोस अल्कारेज ने अपने मुकाबले जीते। महिला वर्ग में जैसमीन पाओलिनी ने दूसरे दौर में दूसरी वरीय आर्यना सबालेंका को 6-3 6-3 से शिकस्त दी। गत चैम्पियन पाउला बाडोसा ने टेरेजा मार्टिनकोवा को 6-2 7-6 से पराजित किया।